seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित


सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 312 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, सोमवार, 16 नवम्बर, 2026 | मस्क के स्टारशिप ने इतिहास रचा पहली... 11 >

अपने मिशन में कामयाब होने के लिए, आपको अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और एकाग्रता रखनी होगी।



न्यूज इन ब्रीफ

जैन धर्म के अहिंसा संदेश को अपनाएं : बागडे

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि जैन धर्म केवल धर्म नहीं, बल्कि संस्कृति है, जो अहिंसा, सहिष्णुता और अपरिग्रह का संदेश देता है। वे रविवार को चाकसू तहसील के निमोडिया गांव में आचार्य प्रज्ञासागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित चातुर्मास समारोह में शामिल हुए। उन्होंने पिच्छी परिवर्तन महोत्सव में भाग लेते हुए युवाओं को धर्म और संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। राज्यपाल ने जैन साधु-साध्वियों की अहिंसा की भावना को प्रेरणादायी बताया।

चर्च हमला; 3 दोषियों को मौत की सजा सुनाई

अम्मान। जॉर्डन की एक अदालत ने रविवार को तीन लोगों को मौत की सजा सुनाई। इन पर गत अक्टूबर में सेंट जॉर्ज चर्च पर हुए हमले का दोष सिद्ध हुआ है। इस आतंकवादी हमले में नौ लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। हमूद स्थित इस चर्च पर 23 अक्टूबर को हमला हुआ था।



57 किलो चांदी लूट का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी के जौहरी बाजार में ज्वेलर की दुकान से 57 किलो चांदी लूट के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी टोंक निवासी अशफाक हुसैन उर्फ लक्की (36) को खोह नागोरियान थाना पुलिस ने पकड़ा। जयपुर (पूर्व) डीसीपी रंजीता शर्मा ने बताया कि आरोपी को बीएनएस की धारा 170 में गिरफ्तार किया गया है। अशफाक जयपुर के खोह नागोरियान क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर फरारी काट रहा था।

टैक्स चोरी में दो गिरफ्तार

बरेली। फर्जी फर्में बनाकर करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी के मामले में एसआईटी जीएसटी ने हरदोई निवासी दीपांशु तिवारी और रुद्रपुर (उत्तराखंड) निवासी राहुल अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जांच में सामने आया कि फर्जी बिल और कागजी कारोबार के जरिये 4.39 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट हड़पा गया। पुलिस अन्य फर्जी फर्म संचालकों की भी तलाश कर रही है।

मेरठ में रणजी खिलाड़ी के घर हुई बड़ी चोरी

मेरठ। शास्त्रीनगर सेक्टर-13 में रविवार को बदमाशों ने रणजी खिलाड़ी एवं रेलवे स्टेशन मास्टर आशु शर्मा के घर दिनदहाड़े चोरी कर ली। चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे और सेफ व अलमारियां तोड़कर करीब 11 लाख रुपये नकद तथा 15 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण ले गए। घटना के समय परिवार खरीदारी के लिए बाहर था।

बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री टाइगर के घर चोरी

पटना। बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय सिंह टाइगर के पटना स्थित आवास में छठ पूजा के दौरान चोरी हो गई। शास्त्री नगर थाना क्षेत्र की एजी कॉलोनी स्थित उनके घर में शनिवार देर रात चोर घुस गए और चार कमरों के ताले तोड़कर अलमारियों से कीमती सामान ले गए। घटना के समय मंत्री परिवार सहित बाहर थे। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, चोरी गए सामान का आकलन अभी नहीं हो सका है, क्योंकि परिजनों की ओर से लिखित शिकायत मिलनी बाकी है। संदिग्धों की पहचान के प्रयास जारी हैं। घटना ने राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

नशे की लत बनी बड़ी चुनौती; 2026 के शुरूआती छह महीनों में भारतीय शराब बाजार में 10 प्रतिशत की वृद्धि, कई राज्यों में बिक्री बढ़ी

चिन्ताजनक; भारत में बढ़ती जा रही है शराब की मांग, दुनिया के बड़े बाजारों में घट रही खपत



नई दिल्ली। दुनिया के कई बड़े देशों में शराब की खपत घट रही है, लेकिन भारत में इसका बाजार तेजी से बढ़ रहा है। ब्रिटेन की पेय बाजार शोध संस्था 'आईडब्ल्यूएसआर' की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 के शुरूआती छह महीनों में भारत में शराब की मांग में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट में दुनिया के 21 प्रमुख शराब बाजारों का अध्ययन किया गया है, जिनकी वैश्विक शराब खपत में करीब 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

अमेरिका और चीन में घट रही मांग

आईडब्ल्यूएसआर के अनुसार दुनिया के प्रमुख शराब बाजारों में कुल खपत में करीब 1 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका में 2026 के शुरूआती छह महीनों में शराब की खपत 4 प्रतिशत कम हुई, जबकि चीन में इसमें 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा ब्रिटेन, जापान, जर्मनी जैसे देशों में भी स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और बदलती जीवनशैली के कारण युवा वर्ग शराब से दूरी बना रहा है।

भारत में बढ़ती बिक्री के पीछे कई कारण

विशेषज्ञों के अनुसार भारत में शराब बाजार की वृद्धि के पीछे कई सामाजिक और आर्थिक कारण हैं।

- देश में युवा आबादी का बड़ा हिस्सा मौजूद है।
- लोगों की आय बढ़ने से प्रीमियम ब्रांडों की मांग बढ़ी है।
- शहरों में शराब की दुकानों, रेस्तरां और प्रीमियम उत्पादों की उपलब्धता बढ़ी है।
- शहरी समाज में शराब के प्रति सामाजिक संकोच कम हुआ है।

नशे की लत व अवैध कारोबार पर चिंता

शराब की कानूनी बिक्री बढ़ने के साथ नशे की समस्या भी चिंता का विषय बनी हुई है। केंद्र सरकार के अनुसार देश में करीब 7 करोड़ लोग नशे की गंभीर समस्या से प्रभावित हैं। वर्ष 2020 से अब तक करीब 39.91 लाख लोगों का उपचार कराया जा चुका है। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 35.84 करोड़ से अधिक लोगों को जागरूक किया गया है। सरकार ने 31 दिसंबर 2029 तक नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए जिला स्तर पर नशे की स्थिति का राष्ट्रीय सर्वेक्षण भी कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट 2027 में आने की संभावना है।

रिपोर्ट; भारत में हर श्रेणी की शराब की बिक्री बढ़ी

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से जून 2026 के दौरान भारत में लगभग सभी श्रेणियों के मादक पेय पदार्थों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई। प्रमुख आंकड़े :

- बिना अल्कोहल वाली बीयर की बिक्री में 25 प्रतिशत वृद्धि।
- सामान्य बीयर की बिक्री 16 प्रतिशत बढ़ी।
- रेडी-टू-ड्रिंक पेय पदार्थों की बिक्री में 12 प्रतिशत उछाल।
- ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की की खपत 8 प्रतिशत बढ़ी।
- वोदका और जिन की बिक्री में 6-6 प्रतिशत वृद्धि।
- भारतीय व्हिस्की की बिक्री में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी।
- रम और नॉन-कॉग्नेक ब्रांडी की बिक्री में 3-3 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।

दक्षिण भारतीय राज्यों में बिक्री सबसे अधिक

भारतीय मादक पेय कंपनियों के परिसंघ और राज्यों के आबकारी विभागों के आंकड़ों के अनुसार देश में बनी विदेशी शराब की बिक्री में दक्षिण भारतीय राज्य आगे हैं।

- कर्नाटक करीब 6.88 करोड़ केस बिक्री के साथ पहले स्थान पर है।
- तमिलनाडु 6.47 करोड़ केस के साथ दूसरे स्थान पर है।
- तेलंगाना 3.71 करोड़ केस और आंध्र प्रदेश 3.55 करोड़ केस बिक्री के साथ आगे हैं।
- महाराष्ट्र में करीब 2.71 करोड़ केस शराब की बिक्री दर्ज की गई।

---

50 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना बड़ी उपलब्धि : पीएम मोदी

गड़चिरौली से वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री, 3000 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के गड़चिरौली में आयोजित आदिवासी गौरव दिवस समारोह में वर्चुअली हिस्सा लिया। भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक करीब 50 करोड़ लोगों का अत्यधिक गरीबी से बाहर आना है। प्रधानमंत्री ने आदिवासी समुदायों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने इस अवसर पर करीब 3000 करोड़ रुपए की 246 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है।

नक्सल हिंसा से आदिवासियों को सबसे अधिक नुकसान

प्रधानमंत्री ने कहा कि नक्सल हिंसा के कारण आदिवासी समाज को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन पिछली सरकारों ने उनकी समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने लंबे समय से सुविधाओं से वंचित आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर सेवाएं पहुंचाने और समुदायों के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

बहुउद्देश्यीय केंद्रों और एकलव्य स्कूल को बढ़ावा



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 173 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें आदिवासी विद्यार्थियों के लिए 38 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत 100 बहुउद्देश्यीय केंद्र शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 19 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की आधारशिला रखी। आदिवासी उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए 12 जनजातीय बहुउद्देश्यीय विपणन केंद्रों की नींव भी रखी गई।

आदिवासी संस्कृति और विरासत को मिलेगा संरक्षण

प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में जनजातीय शोध संस्थान भवन और मिजोरम के आइजोल में रोपुइलियानी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय जैसी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। इनका उद्देश्य आदिवासी संस्कृति, इतिहास और स्वतंत्रता संघर्ष की विरासत को संरक्षित करना है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 में जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर आदिवासी नायकों को सम्मान दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जैसे नेताओं का योगदान देश के इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर वर्ष 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश शासन और शोषण के खिलाफ आदिवासी समाज को संगठित किया था।

राजस्थान हाईकोर्ट ने 16 साल पुरानी शादी को आपसी सहमति से कराया खत्म

समाज की पारम्परिक सोच बदली; शादी अब कॉन्ट्रैक्ट की तरह देखी जाती है : हाईकोर्ट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पति-पत्नी की आपसी सहमति से 16 साल पुरानी शादी को समाप्त करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सुदेश बंसल और न्यायमूर्ति अनुरूप सिंघी की खंडपीठ ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ पत्नी की ओर से दायर अपील का निस्तारण करते हुए यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम में धारा-13बी (आपसी सहमति से तलाक) के प्रावधान जुड़ने के बाद विवाह को केवल जन्म-जन्मांतर का संस्कार मानने की पारंपरिक धारणा में बदलाव आया है। अब विवाह को एक ऐसे संबंध के रूप में भी देखा जाता है, जिसे पति-पत्नी आपसी सहमति से शुरू कर सकते हैं और संबंधों में असहनीय स्थिति आने पर सहमति से समाप्त भी कर सकते हैं।



फैमिली कोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती : मामले में फैमिली कोर्ट ने पति की ओर से दायर वैवाहिक अधिकारों की पुनर्स्थापना याचिका स्वीकार करते हुए पत्नी को उसके साथ रहने के आदेश दिए थे। पत्नी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से तलाक के लिए संयुक्त आवेदन पेश किया। अदालत के सामने सवाल था कि क्या धारा-9 (वैवाहिक अधिकारों की पुनर्स्थापना) के खिलाफ लंबित अपील को धारा-13बी के तहत आपसी सहमति से तलाक की याचिका में बदला जा सकता है।

अदालत ने छह माह की प्रतीक्षा अवधि भी हटाई

हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवाद सामान्य मुकदमों से अलग होते हैं। अदालतों का दायित्व है कि वे पति-पत्नी की मानसिक पीड़ा को समझें और ऐसे मामलों में समझौते के रास्ते को प्राथमिकता दें। आपसी सहमति से तलाक में सामान्य तौर पर छह माह की प्रतीक्षा अवधि आवश्यक होती है। हालांकि अदालत ने कहा कि दंपती करीब सात वर्षों से अलग रह रहे हैं और सुलह के सभी प्रयास विफल हो चुके हैं। ऐसे में छह माह की प्रतीक्षा अवधि केवल उनकी परेशानी बढ़ाएगी। इसलिए अदालत ने इस अवधि को माफ कर दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट; अस्थायी कर्मियों को नियमित करने का आदेश

प्रयागराज।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एलआईसी में लंबे समय से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उन्हें नियमित करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की पीठ ने कहा कि 10 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके कर्मचारियों का मामला पिछले दरवाजे से नियुक्ति का नहीं है। कोर्ट ने एलआईसी को छह सप्ताह में नियमों के अनुसार समायोजन की प्रक्रिया पूरी करने को कहा है।

पंचायत चुनाव पूरा होने के बाद कांग्रेस का महामंथन

पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा कल व परसों लेंगे पर्यवेक्षकों से फीडबैक

जयपुर। राजस्थान में चार चरणों में पंचायत चुनाव का मतदान पूरा होने के बाद अब कांग्रेस ने चुनावी नतीजों के आकलन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में 17 और 18 नवंबर को कांग्रेस वॉर रूम में प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।



बैठक में प्रदेशभर के 200 पर्यवेक्षकों और जिला प्रभारियों से वन-टू-वन फीडबैक लिया जाएगा। पर्यवेक्षक अपने क्षेत्रों की चुनावी रिपोर्ट, जीत-हार के कारण और संगठन की स्थिति की जानकारी देंगे। कांग्रेस यह भी समीक्षा करेगी कि किन जिलों में पार्टी मजबूत रही और कहां भाजपा ने बढ़त बनाई। इसके अलावा स्थानीय समीकरण, निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका, नेताओं की सक्रियता और संगठन की कमजोरी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बैठक में जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान पदों के लिए संभावित समीकरणों पर रणनीति बनाई जाएगी।

न्यायालय ने गुजारा भत्ता 4 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रतिमाह किया

बेरोजगारी का बहाना बनाकर पत्नी के भरण-पोषण से नहीं बच सकता पति : हाईकोर्ट

नई दिल्ली।

हाईकोर्ट ने अहम फैसला देते हुए कहा है कि पढ़ा-लिखा और काम करने में सक्षम पति केवल बेरोजगारी का दावा कर पत्नी के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। अदालत ने पत्नी को दिए जा रहे गुजारा भत्ते को 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया। जस्टिस आलोक अवस्थी की अदालत ने कहा कि पति ने अपनी आय साबित करने के लिए न आयकर रिटर्न पेश किया और न ही वेतन संबंधी दस्तावेज दिए।



ऐसे में उसकी कमाई की क्षमता और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भरण-पोषण राशि तय की गई। मामले में पत्नी ने बताया कि वर्ष 2019 में विवाह के बाद दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया गया और 2022 से वह मायके में रह रही है। पति ने न उसे वापस बुलाया और न खर्च दिया। पत्नी ने पति की नौकरी, कृषि भूमि और कारोबार से आय होने का दावा किया था।

फैमिली कोर्ट ने पति की आय 20 से 25 हजार रुपये मानकर 4 हजार रुपये गुजारा भत्ता तय किया था। हाईकोर्ट ने कहा कि यह राशि पत्नी की बुनियादी जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि पत्नी को वैवाहिक जीवन के अनुरूप सम्मानजनक जीवन स्तर बनाए रखने का अधिकार है। इसी आधार पर भरण-पोषण राशि बढ़ाई गई।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता रणनीतिक जरूरत : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश की रणनीतिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत ने मिसाइल विकास, नौसैनिक प्लेटफॉर्म, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, रडार प्रणाली और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों में उल्लेखनीय प्रगति की है। 36वें वार्षिक सम्मेलन और एयरोस्पेस क्षेत्र से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक रक्षा प्रणालियों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि गैर-विनाशकारी परीक्षण तकनीकों से बिना नुकसान पहुंचाए सामग्री और उपकरणों की मजबूती जांची जा सकती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब खामियों की पहचान के साथ उन्हें रोकने की कार्यसंस्कृति विकसित करनी होगी। उन्होंने एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, उन्नत सेंसर और डिजिटल ट्विन जैसी तकनीकों को रक्षा उपकरणों की सुरक्षा और गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया।



एसजीपीसी स्थापना दिवस समारोह में पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान को याद किया, निष्ठा से सेवा का आह्वान

सिख विरासत के संरक्षण के लिए समर्पित होकर करें कार्य : धामी

अमृतसर।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एड. हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि अनेक कुर्बानियों और लंबे संघर्ष के बाद स्थापित हुई एसजीपीसी सिख समुदाय की गौरवशाली विरासत है। उन्होंने कहा कि इस संस्था की स्थापना केवल गुरुद्वारों के बेहतर प्रबंधन के लिए नहीं, बल्कि सिख धर्म के प्रचार-प्रसार, गुरमत सिद्धांतों के विस्तार और धार्मिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के उद्देश्य से की गई थी।

एसजीपीसी की सेवाओं को आगे बढ़ाएं

एडवोकेट धामी रविवार को गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में एसजीपीसी के 106वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्था ने 106 वर्ष पूरे कर 107वें वर्ष में प्रवेश किया है, जो पूरे सिख समुदाय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी का दायित्व है कि वह संस्था की स्थापना के लिए पूर्वजों द्वारा किए गए संघर्ष और बलिदानों की भावना को समझे तथा एसजीपीसी की सेवाओं को आगे बढ़ाने के लिए समर्पण के साथ कार्य करे।



सिख संस्थाएं समुदाय की अमूल्य धरोहर

उन्होंने कहा कि सिख संस्थाएं समुदाय की अमूल्य धरोहर हैं और गुरमत सिद्धांतों के अनुरूप उनका संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने एसजीपीसी कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुरु के दरबार में सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। एसजीपीसी सेवा और रोजगार का माध्यम बनकर हजारों परिवारों का सहारा बनी हुई है।

हजूरी रागी जत्थे ने कीर्तन किया

इससे पहले समारोह में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके बाद हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन किया। सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब के ग्रंथी ज्ञानी गुरमिंदर सिंह ने संगत को पावन हुकमनामा श्रवण कराया और एसजीपीसी की स्थापना के इतिहास से अवगत करवाया। समारोह में एसजीपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नण, सदस्य सतविंदर सिंह टोहड़ा, ओएसडी सतबीर सिंह, सचिव बलविंदर सिंह काहलवां, गुरिंदर सिंह मथरेवाल, निजी सचिव शाहबाज सिंह, अतिरिक्त सचिव जसविंदर सिंह जस्सी सहित अधिकारी और बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

---

70 लाख रुपए के सोने के सिक्कों के गबन में मैनेजर गिरफ्तार

वाराणसी। 70 लाख रुपये मूल्य के 500 ग्राम सोने के सिक्के और 7.65 लाख रुपये के गबन के मामले में फरार चल रहे नामी ज्वेलरी कंपनी के एरिया बिजनेस मैनेजर राजकुमार को सिगरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हरियाणा के रोहतक का निवासी है और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, बीते 18 अगस्त को दर्ज मुकदमे में कंपनी की फ्रेंचाइजी को भेजे गए 500 ग्राम सोने के सिक्के और नकदी का हिसाब नहीं मिला था। ऑडिट और भौतिक सत्यापन में गबन की पुष्टि होने पर मामला दर्ज कराया गया। जांच में कंपनी के कई कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई। इससे पहले सीनियर एक्जीक्यूटिव मिथलेश, फ्लोर मैनेजर रवि और स्टोर मैनेजर रवि को गिरफ्तार कर 1.20 लाख रुपये बरामद किए जा चुके हैं, जबकि एक अन्य आरोपी विशाल तिवारी अब भी फरार है। पुलिस राजकुमार से पूछताछ कर गबन में शामिल अन्य लोगों और रकम के उपयोग की जानकारी जुटा रही है।

पर्यटन हब बनेगा अजमेर : वासुदेव देवनानी


जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर विकास और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है। पर्यटकों को शहर घूमने के लिए कम से कम दो दिन का समय निकालना होगा। उन्होंने बताया कि अजमेर में 40 से अधिक विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र में बड़े प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि तारागढ़, लैपर्ड सफारी, आनासागर, वरुण सागर और चौरसियावास झीलों का विकास शहर को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान देगा।

भामाशाह विजय मुद्गल ने सूर्य मंदिर निर्माण की घोषणा की, श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही

छठ महापर्व पर सूर्यदेव की आराधना में डूबा सूरतगढ़

सूरतगढ़। दीपावली के बाद पूर्वांचल समाज के लिए छठ महापर्व दूसरी दिवाली के रूप में उल्लास व श्रद्धा का पर्व बन गया है। लोक आस्था, पवित्रता व सूर्य उपासना के इस चार दिवसीय महापर्व के तीसरे दिन रविवार को शहर के विभिन्न छठ पूजा घाट श्रद्धा व भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में सजी व्रती महिलाओं ने सिर पर पूजा सामग्री से सजी टोकरी व हाथों में बांस के सूप लेकर जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य व खुशहाली की कामना के साथ महिलाओं व पुरुषों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। छठी मैया के पारंपरिक गीतों व जयकारों से वातावरण के बीच अन्य समुदायों के लोगों ने भी घाटों पर पहुंचकर धोक लगाने के साथ पूर्वांचल समाज के लोगों का उत्साहवर्धन किया। शहर में छठ महापर्व का मुख्य आयोजन दमकल शाखा के पास वार्ड नं. 18 स्थित पूर्वांचल समाज सेवा समिति के छठ पूजा घाट पर हुआ। पूर्वांचल धर्मशाला परिसर में बने घाट को आकर्षक ढंग से सजाया गया। समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार की टीम ने वार्ड पार्षद राजेश वर्मा के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की।





जल में खड़े रहकर अस्त होते सूर्य को दिया अर्घ्य

इसके अलावा सैनी मोहल्ले में श्री दुर्गा पूजा छठ घाट, श्री गणेश मंदिर ढाब व औद्योगिक क्षेत्र स्थित छठ पूजा घाट पर भी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। सभी घाटों पर सूर्यास्त के समय व्रतधारियों ने पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। पूर्वांचल समाज सेवा समिति के मुख्य घाट पर आयोजित महोत्सव का शुभारंभ समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार, महिला समिति अध्यक्ष हेमा देवी, पूर्व पार्षद राजेंद्र ताखर, पार्षद राजेश वर्मा, पार्षद अशोक मखीजा, समाजसेवी राजाराम बिनावरा, रमेश कुमार, पवन कुमार छाबड़ा व सहित समिति पदाधिकारियों ने सूर्यदेव की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

श्रीगंगानगर को मिली अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा की सौगात

एएसजी आई हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

देश की सबसे बड़ी नेत्र चिकित्सा श्रृंखला एएसजी आई हॉस्पिटल की नई सुपर स्पेशलिटी शाखा का रविवार को जवाहर नगर स्थित मीरा मार्ग के पास भव्य लोकार्पण हुआ। इसका उद्घाटन विधायक जयदीप बिहानी और नगरपरिषद सभापति अजय लक्की देवड़ा ने फीता काटकर किया। दीप प्रज्ज्वलन के अवसर पर राजस्थान जोन के सीओओ डॉ. मयंक शर्मा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी एएसजी श्रीगंगानगर डॉ. नितिन कल्ला ने बताया कि यहां एक ही छत के नीचे आंखों की सभी जटिल बीमारियों का आधुनिक उपचार उपलब्ध होगा। अस्पताल में मल्टीफोकल व टोरिक लेंस से मोतियाबिंद सर्जरी, कॉन्टूरा लेसिक, रेटिना, कॉर्निया, ऑक्युलोप्लास्टी, पीडियाट्रिक व न्यूरो ऑप्थोल्मोलॉजी, ग्लूकोमा, भैंगापन, डायबिटिक रेटिनोपैथी और टांका रहित रेटिनल डिटैचमेंट जैसी उन्नत सुविधाएं मिलेंगी। यहां डॉ. नितिन कल्ला, डॉ. संदीप भाकर और डॉ. अंशुमन गहलोत की विशेषज्ञ टीम सेवाएं देगी।



सातों दिन खुला रहेगा चिकित्सालय

यह अस्पताल रविवार सहित सप्ताह के सातों दिन खुला रहेगा और 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं देगा। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता और जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क आई कैंप आयोजित किए जाएंगे। 2005 में एम्स के पूर्व सीनियर सर्जन डॉ. अरुण सिंघवी और डॉ. शिल्पी गांग द्वारा स्थापित एएसजी ग्रुप की आज 3 देशों के 95 शहरों में 200 से अधिक शाखाएं हैं, जो 1 करोड़ से ज्यादा मरीजों का सफल उपचार कर चुकी हैं।

पंचायत लखियां, 4 ओ में शांती देवी को मिला समर्थन



सीमा सन्देश # लखियां। श्रीकरणपुर पंचायत समिति कीं नवगठित ग्राम पंचायत लखियां, 4 ओ में पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत अजमा रहें हैं। इस ग्राम पंचायत के कार्यक्षेत्र में लखियां 4 ओ, 5 डब्ल्यू, 7 डब्ल्यू, 8 डब्ल्यू /9 डब्ल्यू रामगढ संगर कुल पांच गांव शामिल हैं। गत 15 दिवस से सभी उम्मीदवारों द्वारा धुंआधार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सरपंच उम्मीदवार श्रीमती शांती देवी पत्नी चन्द्रप्रकाश जिनका चुनाव चिन्ह केतली है, को पंचायत के समस्त गांवों से समर्थन मिला। गांव-गांव में उन्हें केलों व लड्डुओं से तोला गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। लोगों की भीड़ देखकर दावा किया जा रहा है कि शांती देवी इस विजयी होंगी।

बाल दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान, खेलकूद और मस्ती के साथ मनाया उत्सव

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। बाल दिवस के उपलक्ष्य में उड़ान कैरियर इंस्टीट्यूट में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विभिन्न मनोरंजक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेलकूद, मनोरंजन तथा स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ बाल दिवस का उत्सव मनाया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर आकाश मंगवाना ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन का अवसर प्रदान करना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और बाल दिवस को यादगार बनाना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की फूड स्टॉल भी लगाई गईं, जिनका बच्चों ने आनंद लिया। इसके अलावा वर्षभर के सत्र प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूट के फाउंडर विपुल दाधीच ने विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों का भी सम्मान किया तथा उनके योगदान की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल रहा।

राज्यस्तरीय स्केटिंग जिनिशा गोयल ने जीता कांस्य पदक

श्रीगंगानगर। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व पीएमओ डॉ. ओ.पी. गोयल की पौत्री जिनिशा गोयल ने राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5 वर्ष आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिनिशा, डॉ. नितेश गोयल एवं डॉ. शेफाली गोयल की पुत्री हैं। कम आयु में राज्य स्तर पर पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का परिचय दिया है। स्केटिंग जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में संतुलन, एकाग्रता, शारीरिक क्षमता और अनुशासन की आवश्यकता होती है, जिनका जिनिशा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर समाजसेवी जगीरचन्द फरमा, मनीराम सेतिया, इन्दुभूषण चावला सहित गोयल परिवार के परिजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



अध्यक्ष के निलंबन आदेश को राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिकरण ने किया निरस्त

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। जयपुर राजस्थान गैर सरकारी शैक्षनिक संस्था अधिकरण ने एक महत्वपूर्ण फैसले में लाचू मेमोरियल कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, जोधपुर में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत अजय गौड़ के निलंबन आदेश को निरस्त कर दिया है। अधिकरण ने प्रार्थी को सभी सेवा संबंधी लाभ एवं परिलाभों सहित सेवा में बहाल करने के आदेश जारी किए हैं। प्रकरण के अनुसार, अजय गौड़ ने अपने अधिवक्ता डीपी शर्मा के माध्यम से अधिकरण में याचिका दायर कर अध्यक्ष द्वारा जारी निलंबन आदेश को क्षेत्राधिकार से बाहर बताते हुए चुनौती दी थी। याचिका में तर्क दिया गया कि किसी कर्मचारी को निलंबित करने का अधिकार प्रबंध समिति को है। प्रबंध समिति प्रस्ताव पारित कर सचिव को इस संबंध में अधिकृत कर सकती है, लेकिन इस मामले में न तो प्रबंध समिति की ओर से कोई प्रस्ताव पारित किया गया और न ही अध्यक्ष को निलंबन की कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया था। वहीं, प्रबंध समिति की ओर से पक्ष रखते हुए कहा गया कि संस्था के बायलॉज के अनुसार अध्यक्ष को कर्मचारी को निलंबित करने का अधिकार प्राप्त है। इसके जवाब में प्रार्थी के अधिवक्ता डीपी शर्मा ने तर्क दिया कि संस्था के बायलॉज राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम, 1989 एवं नियम, 1993 के प्रावधानों को निष्प्रभावी नहीं कर सकते। ऐसे मामलों में अधिनियम एवं नियमों में निर्धारित कानूनी प्रावधानों की पालना अनिवार्य है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अधिकरण की पीठासीन अधिकारी श्रीमती नंदनी व्यास ने अध्यक्ष द्वारा जारी निलंबन आदेश को निरस्त करते हुए अजय गौड़ को सभी सेवा संबंधी लाभ एवं परिलाभों सहित सेवा में बहाल करने के आदेश जारी किए। इस फैसले को गैर सरकारी शैक्षिक संस्थाओं में कर्मचारियों के निलंबन की प्रक्रिया तथा प्रबंध समिति के अधिकार क्षेत्र के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जिला हनुमानगढ़

तीन पंचायतों में सरपंच पद के लिए मुकाबला



सीमा सन्देश # टोपरियां। रावतसर तहसील क्षेत्र में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए सोमवार को मतदान होगा। मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा तथा मतगणना के बाद परिणाम उसी शाम जारी किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। ग्राम पंचायत बुधवालिया में सरपंच पद के लिए अमित कुमार और गौरीशंकर चुनाव मैदान में हैं। यहां वार्ड नंबर 8 व 9 में वार्ड पंच पद के लिए मतदान होगा, जबकि वार्ड नंबर 1 से 7 तक पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। ग्राम पंचायत लालपुरा में सरपंच पद के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें कौशल्या, शारदा, सुंदर, सुमन, सुंदर, सुमन देवी और शारदा शामिल हैं।

जोन नं. 5 में 80 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट देकर लोकतंत्र में आस्था व्यक्त की

जिला परिषद व पंचायत समिति का चुनाव संपन्न

सीमा सन्देश# रावतसर। पंचायती राज चुनाव 2026 के चौथे चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति के मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रमोद श्योपत राम गोदारा ने बताया कि जोन नं. 5 में लगभग 80% मतदान होना लोकतंत्र के प्रति आप सभी की जागरूकता, उत्साह और जिम्मेदारी को दर्शाता है। मैं अपने जोन के सभी सम्मानित बुर्जुगों, माताओं-बहनों, युवा साथियों एवं समस्त मतदाताओं का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ। आपने अपना बहुमूल्य समय निकालकर मतदान किया, चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाया, इसके लिए आप सभी का आभार प्रकट करता हूं। प्रमोद गोदारा ने बताया कि मेरे लिए यह चुनाव केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि आप सभी के साथ बने विश्वास, प्रेम और पारिवारिक रिश्तों का प्रतीक है। आपका विश्वास, आपका स्नेह और आपका आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। मेरा जोन, मेरा परिवार है। सदैव आपके सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहूँगा।





बाल श्रम रोकने का लिया संकल्प

ढाबां। ग्राम ढाबां में शनिवार को बाल दिवस पर राजस्थान महिला कल्याण मंडल एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं और बच्चों को बाल अधिकारों, बाल विवाह एवं बाल श्रम रोकने की जानकारी दी गई। संस्था के फील्ड कोऑर्डिनेटर मनदीप सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण और शिक्षा उपलब्ध करवाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बाल विवाह या बाल श्रम की सूचना हेल्पलाइन 18001027222 अथवा 1098 पर देने की अपील की।

ढाबां में 81.41 % मतदान हुआ



ढाबा। पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव के तहत गांव ढाबा में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 9 मतदान केंद्रों पर कुल 8,216 मतदाताओं में से 6,689 ने मतदान किया। इस प्रकार 81.41 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतदान के दौरान बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई। सुबह उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस मोबाइल पार्टी एवं पुलिस जाब्ते ने पूरी सतर्कता के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखी। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार, नायब तहसीलदार रणवीर फुलेजी, राजस्व पटवारी ममता रानी, समस्त बीएलओ तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

मीडिया प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण का आगाज

सीमा सन्देश # भादरा। निकटवर्ती गांव ढूकड़ा स्थित शहीद सुरजीत सिंह खेल मैदान में शनिवार को राष्ट्रीय चौपटा पत्रकार संघ एवं मीडिया प्रीमियर लीग एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय मीडिया प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ। चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने अतिथियों के साथ शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान शहीद के परिजन भी मौजूद रहे। पहले मैत्रीपूर्ण मुकाबले में ग्राम सचिवों की टीम विजयी रही। आधिकारिक मुकाबलों में सच कहूं टीम ने जीत दर्ज की, जबकि रमजा भादरा की टीम ने 96 रन बनाकर खिलाड़ियों के खिलाड़ी टीम को हराया। आयोजन में राजस्थान व हरियाणा के पत्रकारों ने भाग लिया।

पंचायत चुनाव 2026: जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक ने किया चुनावी निरीक्षण

सीमा सन्देश#संगरिया। पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव तथा पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने पंचायत समिति क्षेत्र की पंजाब सीमा से सटी ग्राम पंचायत हरिपुरा एवं भाखरांवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान तथा मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के सभी निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और मतगणना के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न होने दी जाए। डॉ. यादव ने कहा कि हर मतदाता को बिना किसी भय, परेशानी या दबाव के अपने मताधिकार का उपयोग करने का अवसर मिले। उन्होंने चुनाव कार्य से जुड़े कार्मिकों से पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता एवं पारस्परिक समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।



उन्होंने कहा कि निर्वाचन की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना प्रत्येक चुनावी कार्मिक की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी अनियमितता या शिकायत की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करते हुए चुनाव प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखी जाए। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा इंतजामों को और सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की गतिविधि को तत्काल रोका जाए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी जय कौशिक एवं थानाधिकारी अमर सिंह साथ रहे। उल्लेखनीय है कि संगरिया पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान 16 नवंबर को निर्धारित है।

बरवाली : नव नियुक्त सरपंच बिमला बेनीवाल ने आयोजित किया स्नेह मिलन एवं प्रीतिभोज समारोह

ऐलनाबाद विधायक बेनीवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने की शिरकत

सीमा सन्देश # बरवाली। ललाना दिखनादा में नव नियुक्त सरपंच बिमला बेनीवाल की ओर से रविवार को स्नेह मिलन एवं प्रीतिभोज समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ऐलनाबाद विधायक भगतसिंह बेनीवाल सहित विभिन्न गांवों के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। समारोह में परलीका के नव नियुक्त सरपंच कृष्ण कुमार बेनीवाल, गांधी बड़ी के सरपंच गजेंद्र बेनीवाल, रायसिंहपुरा के इंद्रसिंह सहारण, खुइयां के चंद्रप्रकाश, उतरदावास ललाना के देवीलाल, पदमपुरा के बलवीर सहारण, घेऊं के दशरथ बेनीवाल, गुड़िया के ओम बिजारणिया, बरवाली के नंदलाल चाहर, मुंसरी के लिच्छूराम तथा चाडीवाल के सुरेश सहित अन्य सरपंच मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व प्रधान सोहन ढिल, मंगेज चौधरी, प्रतापसिंह बेनीवाल, देवीलाल भाकर, रामकुमार सहारण सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश बेनीवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच बिमला बेनीवाल ने कहा कि सर्वसमाज को साथ लेकर गांव के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।



नवनिर्वाचित सरपंच पति, उपसरपंच व वार्ड पंचों का किया स्वागत

धर्मपाल लिम्बा के निवास पर हुआ स्वागत समारोह



सीमा सन्देश # जंडावाली। गांव जंडावाली में रविवार को धर्मपाल लिम्बा (वार्ड पंच एवं बिजली विभाग के सेवानिवृत्त एईएन सिविल) के निवास पर नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सरपंच पति सुखमंदर सिंह रंगारा, उपसरपंच दर्शन सिंह एवं वार्ड पंचों का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा जलपान करवाया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य जोन नंबर 36 के प्रत्याशी प्रतिनिधि हरप्रीत सिंह ढिल्लों, अमरजीत सिंह, पंचायत समिति ब्लॉक नंबर 18 के प्रत्याशी प्रतिनिधि जगदीप रंगारा, सोनू, निशान एवं दीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व उपसरपंच रामनारायण लिम्बा, दलीप सिंह लिम्बा (सेवानिवृत्त प्राध्यापक), सुभाष आईतान एवं रामस्वरूप भाटी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बलराम लिम्बा, लोकेंद्र लिम्बा, सुखविंदर सिंह, अश्पाक, जीवन हाजी, बलविंदर लिम्बा, रामचंद्र, राजेंद्र बासींवाल एवं नरेंद्र लिम्बा सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। सरपंच पति सुखमंदर सिंह रंगारा ने सभी का आभार जताते हुए शुभकामनाएं दीं।

मौसम

अधिकतम 29.0° | न्यूनतम 17.3°

आर्द्रता

सुबह 84% | शाम 52%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:38PM

कल का सूर्योदय

07:01AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

न्यूज इन ब्रीफ

देवउठनी एकादशी पर कार्यक्रम 20 को

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में देवउठनी एकादशी पर शालीग्राम तुलसी विवाह और खाटू वाले श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम की धूम रहेगी। इसमें मंगलगीतों की गूंज गूंजेगी और श्री श्याम बाबा के भजनों की अमृतवर्षा की जायेगी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों में बांटा जायेगा। देवउठनी पर शारदीय कार्तिक माह में शालीग्राम तुलसी विवाह और खाटू वाले श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव की 20 नवम्बर सुबह सवा 10 बजे विधिपूर्ण विशेष पूजा अर्चना के साथ श्री गणपति महाराज श्री श्याम बाबा पूजन से कार्यक्रम शुरू होगा। आरती के बाद शाम 5.30 से 7.30 बजे तक शालीग्राम तुलसी विवाह और श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनेगा। कार्यक्रम के दौरान हवन-यज्ञ होगा। भजन संध्या में मंगलगीतों की गूंज गूंजेगी और विभिन्न देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान किया जायेगा।

स्नेह मिलन समारोह में गूंजी स्वर लहरियां

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। गंगानगर कला मंच के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन एवं मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जवाहर नगर स्थित अरोड़वंश पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा एक-दूसरे को दीपावली स्नेह मिलन की शुभकामनाएं दी गईं तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया गया। रामचन्द्र गडई ,सुरेश कनवाड़िया, डॉ. ओ.पी. वैश , जगजीत सिंह पहलवान, कमलप्रीत सिंह , बनवारी लाल ह्यबन्नीह्व , महेश गहलोत , ओमाराम ,जोगाराम भागसरिया ,राजकुमार मिड्ढा ,प्रो. रामजीदास पसरीजा , विजय कुमार गोयल ने विचार रखे व प्रस्तुतियां दी। मदन अरोड़ा ने मंच संचालन किया। मनीराम सेतिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भंवर सिंह भाटी, अनिल चतुर्वेदी, हनुमान प्रसाद सहित गंगानगर कला मंच के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

स्नेह मिलन में दिया एकजुटता का संदेश

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। चाय व्यापार संघ (रजि.) द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। जवाहर नगर स्थित होटल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक रमेश गर्ग ने दीपोत्सव पर सबके जीवन में सुख, समृद्धि तथा खुशहाली की मंगलकामना की। अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी प्रेम तथा भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने व्यापारियों को सरकारी नियमों व मापदंडों की पूरी पालना सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए प्रतिष्ठानों पर उपयोग किए जाने वाले वजन तोलने के कांटों का निर्धारित समय पर माप-तौल विभाग से सत्यापन करवाने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी। रतन सिंगल ने संघ की एकजुटता तथा निरंतर आपसी सहयोग बनाए रखने का संदेश दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप शेरेवाला ने कहा कि व्यापार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए समय पर भुगतान प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है।

आपसी लेन-देन में पूरी सावधानी बरतने तथा माल का भुगतान निर्धारित समय पर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

पाक हैंडलर 'शाह' के इश्क व पैसों के जाल में फंसी 21 साल की महकदीप, वीडियो कॉल पर सीखा आईईडी लगाने का गुर

तीसरी बार में मिली कामयाबी; इस काम के एवज में मिले 2.35 लाख रुपए , होटल वाले ने उपलब्ध करवाए बाइक और कार







सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलखंड पर रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में 3 नवंबर 2026 को रेलवे ट्रैक पर हुए बम विस्फोट के मामले में पुलिस और एटीएस ने एक बड़ा खुलासा किया है। एडीजीपी एटीएस, एजीटीएफ एवं एएनटीएफ दिनेश एम.एन. ने बताया कि राष्ट्रविरोधी साजिश के तार पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों से जुड़े पाए गए हैं। इस मामले में पुलिस ने पंजाब पुलिस और अन्य एजेन्सी के इनपुट पर गुरदासपुर से एक महिला समेत दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि 3 अन्य राउंडअप हैं। रविवार को पुलिस लाइन में एडीजीपी एटीएस ने इस मामले में श्रीगंगानगर पुलिस के कार्य भी सरहाना भी कि। एडीजीपी एमएन के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य अभियुक्ता महकदीप कौर (21) पुत्री त्रिलोक सिंह गांव दोस्तपुर निवासी गुरदासपुर पंजाब की शादी करीब दो वर्ष पहले हुई थी। दिसंबर 2024 में उसका वैवाहिक रिश्ता टूट गया। फरवरी 2025 में उसका पति करणवीर सिंह एनडीपीएस के मामले में जेल चला गया। जेल में रहते हुए करणवीर ने महकदीप से संपर्क कर उसे एक व्यक्ति के नम्बर देते हुए उससे बात करने के लिए कहा ताकि वह उसे जेल में पैसे भेज सके। महकदीप ने पाकिस्तान में बैठे लवलीन नाम के व्यक्ति से बात की। इसी लवलीन के माध्यम से महकदीप की बातचीत पाकिस्तान स्थित हैंडलर 'शाह' से शुरू हुई। धीरे-धीरे यह बातचीत व्यक्तिगत और भावनात्मक रिश्तों (रोमांटिक एंगल) में बदल गई। इसके बाद पाक हैंडलर 'शाह' ने एक अन्य व्यक्ति 'चाचा' के जरिए महकदीप को एक काम सौंपा था। यह काम रेलवे ट्रैक को उड़ाना था। इस काम के लिए महकदीप ने अपने साथी देवेन्द्र सिंह (23) को अपने साथ मिला वारदात को अंजाम दिया था। महकदीप केवल 12वीं कक्षा तक ही पढ़ी हुई है।

एक लाख नकद के अलावा ऑन लाइन भुगतान

जांच एजेंसियों के मुताबिक, पाकिस्तानी हैंडलर की ओर से इस राष्ट्रविरोधी वारदात को अंजाम देने के लिए 2 लाख 23 हजार रुपये दिए गए थे। इसमें 1 लाख रुपये नकद दिए जाने और बाकी की रकम विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से ट्रांसफर किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस अब इन बैंक खातों, डिजिटल साक्ष्यों और फंडिंग के अन्य स्त्रोतों की गहराई से पड़ताल कर रही है। एडीजीपी के अनुसार आईईडी भी पाकिस्तान की ओर से पंजाब के जरीए यहां पहुंचाया गया। पकड़े गए आरोपितों का काम केवल इस आईईडी को पाकिस्तानी हैडर्ल द्वारा बताए स्थान पर जाकर उसे उठाना और बताए स्थान पर लगाना था।

दो बार नाकाम, तीसरी बार में हुआ धमाका, फोन कर जानकारी भी ली

अभियुक्तों ने श्रीगंगानगर में आकर कई बार रेकी की और योजना को अमलीजामा पहनाने की कोशिश की। एडीजीपी के अनुसार पहली कोशिश 6 अक्टूबर को कि गई। इसमें महकदीप कौर और देवेन्द्र सिंह पहली बार रामसिंहपुर क्षेत्र में पहुंचे, लेकिन विस्फोटक सामग्री उपलब्ध न होने के कारण उनकी योजना विफल हो गई। दूसरी कोशिश 12-13 अक्टूबर को हुई। इसमें दोनों श्रीगंगानगर क्षेत्र में आए इस बार उन्हें विस्फोटक सामग्री और टाइमर उपलब्ध कराया गया, परंतु तकनीकी खामियों के कारण विस्फोट नहीं हो सका। तीसरी बार 3 नवंबर को फिर रामसिंहपुर क्षेत्र में पहुंचे। इस बार उन्हे यहां बताए स्थान पर आईईडी मिल गई। इसके बाद पाकिस्तानी हैंडलर 'शाह' के निर्देश पर और वीडियो कॉल के जरिए मिले तकनीकी मार्गदर्शन के बाद, 3 नवंबर की रात करीब 9:45 बजे रामसिंहपुर थाना क्षेत्र के 50 जीबी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर आईईडी रख दिया और चले गए। इस आईईडी का विस्फोट इतना जोरदार था कि पटरियों के बीच 2 से 3 फीट गहरा गड्ढा बन गया, दो रेलवे स्लीपर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और आसपास के स्लीपरों के लॉक भी टूट गए।

गनीमत यह रही कि घटना से कुछ समय पहले ही इस रेलखंड से एक ट्रेन गुजरी थी, वरना एक बड़ा रेल हादसा हो सकता था।

वीडियो कॉल पर सिखाया गया आईईडी इम्प्लांट करने का तरीका

पुलिस पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स ने वीडियो कॉल के जरिए आरोपियों को आईईडी इम्प्लांट (स्थापित) करने का तरीका सिखाया था। टाइमर वहीं से सेट होकर आया था। हालांकि, पाकिस्तान से दी गई लोकेशन के मुकाबले आरोपियों ने दूसरी जगह पर आईईडी प्लांट कर दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने अपने एक जानकार को फोन करके यह पूछा था कि 'धमाका हुआ या नहीं?' वे इस दौरान श्रीविजयनगर और श्रीगंगानगर के होटल में ठहरे थे। जानकारी अनुसार होटल संचालक को पुछताछ जारी है। होटल का नाम 'एमआर होटल' बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार होटल संचालक के कहने पर स्थानीय स्तर पर एक व्यक्ति ने उन्हें कार और बाइक उपलब्ध कराई थी। एडीजीपी के अनुसार दोनों आरोपित जिन होटलों में रुके वहां उन्होंने अपनी ही आईईडी का इस्तेमाल किया। इन्ही आईईडी के जरीए आरोपितों तक पहुंचने में काफी सहायता मिली।

वारदात की गंभीरता को जानती थी आरोपिता

एडीजीपी दिनेश एम एन के अनुसार इस पूरे मामले में मुख्य सूत्रधार महकदीप कौर है। उसे इस वारदात की गंभीरता की पूरी जानकारी थी। पंजाब से गिरफ्तारी के दौरान उसकी निशानदेही पर पाकिस्तान से मंगवाए गए दो विदेशी पिस्तौल, 46 जिंदा कारतूस और 30 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। कारतूसों पर पाकिस्तान की फैक्ट्री का नाम और मोहर लगी हुई है। दोनों आरोपितों को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हे अदालत ने 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है ताकि इस मामले में उनके स्थानीय संपर्कों और पाकिस्तान के पूरे नेटवर्क का पदार्फाश किया जा सके। एडीजीपी के अनुसार इस पूरे मामले में पाकिस्तान हैंडलर शाह और आईएसआई का हाथ है। यह सिर्फ एक मोहरा है। इनका काम ही न्यूज क्रिएट करना और नुकसान करना है।

मां-बाप पहुंचे, उन्होंने भी पुलिस के जोड़े हाथ

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंगानगर से जब पुलिस टीम ने पंजाब की टीम के साथ आरोपिता महकदीप को गिरफ्तार किया तो उसके परिजन एक्टिवा पर उससे मिलने पहुंचे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हे महकदीप द्वारा किए गए अपराध की जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार इस पर महकदीप के माता पिता के चेहरे पर कोई सीकन या परेशानी वाले भाव नहीं दिखे। उल्टा उन्होने हाथ जोड़ते हुए कहा कि इसे यहां से ले जाओ। सूत्रों के अनुसार महकदीप की हरकतों से उसके माता-पिता भी काफी परेशान थे। वहीं इस ममाले में पकड़े गया देवेन्द्र सिंह महकदीप का दोस्त है और दोनों बचपन में साथ पढ़े हुए है। उसका अभी तक कोई अपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है।

जांच के लिए एसआईटी गठित

रावला क्षेत्र में मिले 7.5 किलो आरडीएक्स और इसमें सुरक्षा एजेन्सी के एक पुलिस कर्मी की सांठगांठ के आरोप के बाद इस मामले में अब तक चार आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एडीजीपी दिनेश एम एन बताया कि प्रारंभिक तौर पर रावला में मिला आरडीएक्स और रेल पटरी ब्लास्ट मॉड्यूल दोनों अलग- अलग है। इनमें कोई संबंध है या नहीं इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का सुपरविजन आईजी विजिलेंस राजेन्द्र शर्मा को सौपी गई है। दोनों मामलों में उनके सुरपविजन में जांच होगी। पुलिस लाइन में हुई प्रेस वार्ता के दौरान ओमप्रकाश आईजी बीकानेर, हरिशंकर एसपी श्रीगंगानगर, आईजी विजिलेंस राजेन्द्र शर्मा और सीओ सिटी नितिन चौधरी मौजूद रहे।

5 लाख कॉल्स का डेटा खंगाला, 400 से अधिक लोगों से पूछताछ

इस राष्ट्रविरोधी वारदात की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस और एटीएस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। घटना के सूचना के पांच मिनट बाद ही एसपी हरिशंकर मौके के लिए रवाना हो गए। वहीं बीकानेर से आईजी, सीआईडी , एटीएफ, आईबी, आरपीएफ सहित अन्य एजेन्सियां ने भी मौका मुआयाना किया। ब्लास्ट के बाद मौके से एफएसएल और डॉग स्कॉट के जरीए कुछ सबुत भी जुआए गए। पुलिस के अनुसार वारदात के बाद सीमावर्ती इलाकों से जुड़े 400 से अधिक लोगों से गहन पूछताछ की गई। इसके अलावा जांच के दौरान लगभग 5 लाख कॉल्स का तकनीकी डेटा खंगालने के साथ सोशल मीडिया अकाउंट्स (जहां आरोपी गैंगस्टरों को फॉलो करते थे) और मोबाइल टावर डंप डेटा का विश्लेषण किया गया। इसके बाद, अनुसंधान अधिकारी नितिन चौधरी प्रशिक्षु आईपीएस, श्रीगंगानगर और सुरेन्द्र कुमार प्रभारी एटीएस यूनिट बीकानेर के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम पंजाब भेजी गई। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस और गुरदासपुर के एसएसपी आदित्य के सहयोग से गुरदासपुर में संयुक्त कार्रवाई करते हुए महकदीप कौर और देवेन्द्र सिंह को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया गया।

ऑपरेशन सिन्दूर के बाद पेटर्न बदला

एटीएस एडीजीपी दिनेश एम एन ने बताया कि ऑपरेशन सिन्दूर के बाद जिस तरह शहजाद भट्टी का नाम समाने आया है। उसके बाद एजेन्सियों और हमारा मानना है कि सोशल मीडिया पर जो सक्रिय रहते हैं और जो लोनली लड़कियां होती है। उनसे कुछ करवाना इस तरह के मामले बढ़े हैं। पाकिस्तान के जो भी लोग या एजेन्सी है वह इस तरह का काम करते रहते हैं। उसी का नतीजा है ये। इस घटना के बाद हॉटल की जांच आदि को सिस्टमेंटिक तरीके से किया जाएगा। 21 साल की लड़की इस तरह का आईईडी लगा सकती है यह हमारे लिए भी हैरानी की बात है।



पुलिस प्रशासन ने की आमजन से अपील

घटना की गंभीरता को देखते हुए राजस्थान पुलिस ने नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण अपील जारी करते हुए कहा कि पाकिस्तान स्थित हैंडलरों और आपराधिक गैंगस्टरों के सोशल मीडिया अकाउंट्स तथा उनके संपर्कों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। सोशल मीडिया या मोबाइल नंबरों के माध्यम से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले भावनात्मक संदेशों, भ्रामक प्रचार और उकसावे वाली सामग्री से प्रभावित न हों। इसके अलावा एटीएस नियंत्रण कक्ष नंबर 0141-2601583 तथा व्हाट्सएप नंबर 9001999070 पर किसी भी राष्ट्रविरोधी या आपराधिक गतिविधि की सूचना दी जा सकती है।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान और गोपनीयता को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

पंचायती राज चुनाव: परिणाम से आने से पहले ही शुरू हुआ बाड़ाबंदी का दौर, कांग्रेस व भाजपा ने झोंकी ताकत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत मतदान की प्रक्रिया पूरी होते ही राज्य की राजनीति का पारा अपने चरम पर पहुंच गया है। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 20 नवंबर को होने वाली मतगणना की मशीन में बंद हो चुका है, लेकिन परिणाम आने से पहले ही कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही प्रमुख दलों ने अपनी सियासी जमीन बचाने के लिए बाड़ाबंदी शुरू कर दी है। जीते हुए संभावित प्रत्याशियों और बागी उम्मीदवारों को सुरक्षित ठिकानों पर ले जाने का सिलसिला तेजी से शुरू हो चुका है। जानकारी अनुसार जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव भले ही संपन्न हो गए हों, लेकिन असली खेल यानी जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान के चुनाव में होना है। जिला प्रमुख और प्रधान का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होता है, जिसमें निर्वाचित सदस्य वोट डालते हैं। दोनों ही दल यह अच्छी तरह जानते हैं कि कई सीटों पर मुकाबला बेहद कड़ा और त्रिकोणीय है, जहां मामूली अंतर से बोर्ड बनने या बिगड़ने का खेल तय होगा। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही यह जोखिम नहीं उठाना चाहतीं कि परिणाम आने के बाद उनके पाले के सदस्य हाथ से निकल जाएं। यही वजह है कि मतगणना से पहले ही प्रत्याशियों को अज्ञात स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

भीतरघात और धनबल के इस्तेमाल को लेकर गहरी चिंता

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार के चुनावों में जीत-हार का अंतर बहुत कम रहने वाला है। ऐसे में टिकट वितरण से नाराज होकर भीतरघात करने वाले नेताओं के संपर्क में कई प्रत्याशी हो सकते हैं, जिससे पार्टी की अंदरूनी कलह सतह पर आ सकती है। चुनाव परिणामों के नजदीक आते ही राजनीतिक बाजारों में धनबल के बेहिसाब इस्तेमाल और खरीद-फरोख्त की चर्चाएं तेज हो गई हैं। निर्दलीय और छोटे दलों से जीते प्रत्याशियों को साधने के लिए दोनों ही दल करोड़ों के खेल की आशंका से सतर्क हैं। इस बार पंचायती राज चुनावों में 50% महिला आरक्षण के चलते आधी सीटों पर महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। राजनीतिक दलों के लिए इन महिला प्रत्याशियों और उनके परिवारों को बाड़ाबंदी के लिए राजी करना सबसे सिरदर्द भरा काम साबित हो रहा है। कई महिला प्रत्याशियों ने बाड़ाबंदी में जाने से बचने के लिए दिलचस्प और व्यावहारिक बहाने बनाए हैं । कई मामलों में परिवारों ने शर्त रखी है कि यदि महिला प्रत्याशी को बाड़े में ले जाया जाएगा, तो उनके साथ घर के पुरुष सदस्यों को भी रुकने की अनुमति दी जाए। इन तमाम बाधाओं को पार करते हुए दलों के रणनीतिकार प्रत्याशियों को सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाने में जुटे हैं। चूंकि जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव में अभी समय है इसलिए यह बाड़ाबंदी सिर्फ दो-चार दिन की नहीं, बल्कि लंबी अवधि की होने की संभावना है। दलों द्वारा प्रत्याशियों के मनोरंजन, खाने-पीने व बाहरी दुनिया से संपर्क के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

भाई-बहन के साथ मारपीट , 6 नामजद

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। रोटावाली गांव में भाई-बहन के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना 13 नवंबर की शाम करीब 6:30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गगनदीप सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी सतीपुरा, हनुमानगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 13 नवंबर की शाम वह अपनी बहन के साथ था। इसी दौरान आरोपी कांति सिंह पुत्र काला सिंह, लखवीर सिंह पुत्र लाभ सिंह, वीरपाल कौर, मंगा सिंह, चरणजीत कौर और अमृतपाल सिंह निवासी रोटावाली ने एकराय होकर उसके और उसकी बहन के साथ मारपीट की। आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट कर उन्हें चोटें पहुंचाईं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी।

नामदेव जी के प्रकाशोत्सव पर सजा भव्य कीर्तन दरबार

रागी जत्थों ने कीर्तन के जरिए गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का दिया संदेश, 100+ सेवादारों ने संभाली व्यवस्थाएं

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। श्री गुरुग्रंथ साहिब की पावन हुजूरी में गुरु जस महिमा का गुणगान करते रागी जत्थे और गुरु जस महिमा का श्रवण करती समूह संगत, वहीं दूसरी ओर समागम पाण्डाल के बाहर जोड़ा घर और चाय पकौड़े के स्टाल पर प्रसाद वितरित करने एवं लंगर वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बड़ी संख्या में सेवादार। मौका था रविवार को डी ब्लॉक वकीलों वाली डिग्गी के नजदीक शिरोमणि संत भगत नामदेव गुरुद्वारा साहिब में संत नामदेव जी के 756वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कीर्तन दरबार का। गुरूद्वारा प्रधान हरदर्शन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया। इसमें पंथ प्रचारक रागी जत्था ने कीर्तन के जरिए गुरु साहिब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इससे पहले हुजूरी रागी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह एवं स्त्री सत्संग सभा की सदस्यों ने भी गुरु जस महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल किया। इस दौरान सेवादारों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सेवादारों ने अलग-अलग व्यवस्थाएं संभालीं। इसमें किसी ने लंगर के प्रबंध संभाला तो कोई पांडाल में श्रद्धालुओं को बैठाने की व्यवस्था करते हुए दिखाई दिया। बाबा नामदेव के जीवन व शिक्षाओं के बारे में बताया गया। गुरुद्वारा प्रधान हरदर्शन सिंह ने बताया कि समागम के अंत में अरदास के बाद गुरुका अटूट लंगर बरताया गया।

गुरुद्वारा गुरु हरिकृष्ण साहिब में रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को किया निहाल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। खालसा पंथ की आध्यात्मिक माता माता साहिब कौर जी का जन्म दिवस गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में माता साहिब कौर स्त्री सत्संग सभा की ओर से आयोजित गुरमत समागम के तहत रविवार को विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया। इसमें बड़ी संख्या में संगत ने शामिल होकर गुरु घर में माथा टेका तथा गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। गुरूद्वारा प्रधान सिमरजीत सिंह अटवाल ने बताया कि इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब के भोग पश्चात सुबह से दोपहर तक सजे विशेष कीर्तन दीवान में सचखंड श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह खालसा तथा लुधियाना वाले रागी जत्था भाई गुरमीत सिंह गौहर ने मधुर गुरबाणी कीर्तन द्वारा गुरु जस का गुणगान किया।

गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी भाई ज्ञान सिंह ने भी गुरबाणी कीर्तन एवं गुरमत विचारों के माध्यम से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर माता साहिब कौर स्त्री सत्संग सभा की सदस्याओं ने शबद कीर्तन प्रस्तुत किया। वहीं गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से संगत को भावविभोर किया।

विधायक सेवा केंद्र पर भाजपा प्रत्याशियों की बैठक हुई

जिला प्रमुख, प्रधान पद पर भाजपा के प्रतिनिधियों के चयन की उम्मीद

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



पंचायती राज आम चुनाव 2026 के मद्देनजर विधायक सेवा केंद्र पर भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, नगर परिषद सभापति अजय दावड़ा , चुनाव प्रभारी महेश पेड़ीवाल एवं भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप धेरड , देहात मंडल अध्यक्ष बलविंदर सिंह मग्गो , वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कृपाराम साईं, महेंद्र चाहर और प्रगट सिंह उपस्थित रहे। बैठक में श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली पंचायत समिति श्रीगंगानगर दक्षिण के समस्त 15 पंचायत समितियों जोन के पंचायत समिति सदस्य पद के भाजपा प्रत्याशियों सहित जिला परिषद क्षेत्र संख्या 33 एवं 34 के प्रत्याशियों ने भाग लिया।

बैठक में संगठनात्मक समन्वय एवं आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की गई। साथ ही जिले में भाजपा का जिला परिषद बोर्ड गठित होने तथा पंचायत समितियों में प्रधान एवं जिला परिषद में जिला प्रमुख पद पर भाजपा के प्रतिनिधियों के चयन की उम्मीद जताई गई।

बैठक में सभी प्रत्याशियों से आपसी समन्वय एवं संगठनात्मक एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में सक्रिय रहने का आह्वान किया गया।

कृषि सन्देश

सीमा संदेश

1 नंबर अखबार किसान का, जवान का

4 श्रीगंगानगर

सोमवार

16 नवम्बर, 2026

आपके भीतर एक शांति और आश्रय है जहाँ आप किसी भी समय वापस जा सकते हैं और स्वयं बन सकते हैं। - हरमन हेस

संपादकीय

रेल सुरक्षा पर गंभीर सवाल, जवाबदेही तय करना जरूरी

भारतीय रेलवे प्रतिदिन करोड़ों यात्रियों की जीवनरेखा है। यात्री महंगा किराया इस भरोसे के साथ चुकाते हैं कि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा मिलेगी। लेकिन हाल के दो घटनाक्रमों ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारियों की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। एक ओर फर्स्ट एसी कोच में सो रही महिला का पर्स चोरी हो जाता है, वहीं दूसरी ओर टिकट विवाद में सैनिकों के साथ कथित दुर्व्यवहार का मामला सामने आता है। दोनों घटनाएं अलग-अलग अवश्य हैं, लेकिन इनसे रेलवे व्यवस्था की कमजोरियां उजागर होती हैं। हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में सफर कर रही एक महिला यात्री ने आरोप लगाया कि रात के समय सोते हुए उनके हाथ से पर्स छीन लिया गया। पर्स में सोने के आभूषण, पासपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण सामान था। महिला का कहना है कि घटना के दौरान न तो कोई सुरक्षाकर्मी दिखाई दिया और न ही तत्काल सहायता मिली। यदि प्रथम श्रेणी जैसे अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले कोच में भी यात्री स्वयं को असुरक्षित महसूस करें, तो सामान्य श्रेणी के यात्रियों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

दूसरी ओर, श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर दिल्ली सरायरोहिल्ला-बीकानेर ट्रेन में दो सैनिकों और टीटीई के बीच हुए विवाद का वीडियो भी व्यापक चर्चा का विषय बना। सैन्य चालान लेकर यात्रा कर रहे सैनिकों के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर सवाल उठे, वहीं यह भी तथ्य सामने आया कि यदि आरक्षित श्रेणी में यात्रा करनी थी तो नियमानुसार अग्रिम आरक्षण कराया जाना चाहिए था। स्पष्ट है कि नियम सभी पर समान रूप से लागू होने चाहिए, लेकिन नियमों का पालन कराते समय भाषा, व्यवहार और संवेदनशीलता भी उतनी ही आवश्यक है।

इन दोनों घटनाओं को साथ रखकर देखें तो एक महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आता है। जब टिकट जांच के लिए टीटीई और आरपीएफ तत्काल सक्रिय हो सकते हैं, तब चोरी जैसी गंभीर घटना के समय सुरक्षा व्यवस्था क्यों नदारद दिखाई देती है? यदि फर्स्ट एसी कोच में चोर आसानी से प्रवेश कर चोरी कर सकता है और फरार हो जाता है, तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं बल्कि सुरक्षा तंत्र की विफलता भी है। ऐसे मामलों में केवल प्राथमिकी दर्ज कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी जांच होनी चाहिए कि ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे या नहीं।

रेलवे प्रशासन को इन घटनाओं से सबक लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करनी चाहिए। एसी कोचों में नियमित गश्त, सीसीटीवी की प्रभावी निगरानी, आरपीएफ की सक्रिय मौजूदगी तथा शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करना समय की मांग है। साथ ही कर्मचारियों को यात्रियों के प्रति शालीन और संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। रेल यात्रा का अर्थ केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचना नहीं, बल्कि सुरक्षित और सम्मानजनक सफर भी है। इसलिए चाहे चोरी की घटना हो या टिकट जांच के दौरान विवाद, दोनों मामलों में निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और जवाबदेही तय होना आवश्यक है। तभी यात्रियों का रेलवे पर विश्वास मजबूत रहेगा और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा कायम रह सकेगा।

प्रश्नोत्तरी

किसान पूछें-विशेषज्ञ बताएं

प्र 1: सरसों की देरी से बुआई करने के लिए किस्म और बुआई करने का समय बतायें, इनकी पैदावार कितनी होती है, बतायें।

- लालचंद, नोहर

उ: सरसों की देरी से बुआई करने वाली किस्म आर.जी. एन- 236 की बुआई 25 नवम्बर तक की जा सकती है, यह लगभग 127 दिन में पक कर तैयार हो जाती है, इसकी पैदावार 4-5 क्विंटल प्रति बीघा मिल जाती है।

आर.जी. एन-145 किस्म की बुआई नवम्बर माह के अन्तिम सप्ताह से दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक की जा सकती है, यह 120 से 141 दिन में पक कर तैयार हो जाती है, इसकी पैदावार 3.5 से 4 क्विंटल प्रति बीघा तक मिल जाती है।

प्र 2: सरसों की देरी से बुआई करने पर खाद की आवश्यक मात्रा बतायें।

- जितेन्द्र, गंगानगर

उ: सरसों की देरी से बुआई करने पर 25 किलो यूरिया और 62.5 किलो सुपरफास्फेट प्रति बीघा बुआई के पहले डालें और पहली सिंचाई पर 25 किलो यूरिया डालें।

प्र 3: गेहूँ की अच्छी पैदावार लेने के लिए खाद की आवश्यक मात्रा बतायें।

- मनफूल, संगरिया

उ: यदि मिट्टी परीक्षण के आधार पर खाद का उपयोग किया जाये तो खाद की बचत के साथ पैसे की बचत भी की जा सकती है। अन्यथा साधारण तौर पर सिफारिश की हुई खाद की मात्रा का उपयोग करें। इसके लिए उपलब्धता के अनुसार- 40-50 क्विन्टल गोबर की खाद बुआई के 20-25 दिन पहले प्रति बीघा खेत में मिलालें। बुआई के समय 33 किलो यूरिया और 63 किलो सुपरफास्फेट या 25 किलो डी.ए.पी. और 24 किलो यूरिया प्रति बीघा खेत में डालें इसके साथ ही 6 किलो जिंक सल्फेट भी प्रति बीघा खेत में डालें। पहली सिंचाई पर 16.5 किलो यूरिया व दूसरी सिंचाई पर 16.5 किलो यूरिया प्रति बीघा में छिड़काव विधि से दें।

प्र 4: लहसुन की पौध की रोपाई कब तक करना उचित होता है, इसके लिए कतार व पौधों की दूरी व खाद की मात्रा बतायें।

- बनवारी, लालगढ़

उ: लहसुन की पौध की रोपाई नवम्बर माह में कर देनी चाहिए। इसके कतार से कतार की दूरी 15 सेन्टीमीटर और पौधे से पौधे की दूरी 7-8 सेन्टीमीटर रखें। प्रति बीघा खेत में 50-60 क्विन्टल गोबर की खाद डालें। 33 किलो यूरिया, 63 किलो सुपरफास्फेट और 42 किलो म्यूरेट आफ पोटाश प्रति बीघा खेत में पहली रोपाई से पहले मिलालें। 33 किलो यूरिया रोपाई के एक माह बाद दें।

डॉ. ओ.पी. वैश्य
वरिष्ठ कीट विशेषज्ञ (से.नि.)
श्रीगंगानगर
मो. 0154-2463610

13 नवंबर तक रबी फसलों की बुवाई काफी सुस्त रही है, मक्के के रकबे में उछाल देखने को मिला है

रबी बुवाई सुस्त, गेहूं-दलहन-तिलहन का रकबा लुढ़का

रबी फसलों की बुवाई में सुस्ती बनी हुई है। 13 नवंबर तक के बुवाई के आंकड़े गेहूं से तिलहन फसलों तक के रकबे में गिरावट दिखा रहे हैं। कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, रबी फसलों का कुल रकबा 178.25 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जबकि बीते साल 13 नवंबर तक यह आंकड़ा 201.04 लाख हेक्टेयर था। दूसरे शब्दों में कहें तो वर्तमान में रबी की बुवाई 11.34 प्रतिशत पीछे चल रही है। बीते मानसूनी सीजन में कम बारिश और अल नीनो बुवाई में इस सुस्ती के प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

336 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य

रबी सीजन की सबसे प्रमुख फसल गेहूं के रकबे में भी कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 नवंबर तक देश में 50.07 लाख हेक्टेयर रकबे में गेहूं की बुवाई हुई है, जबकि पिछले साल इसी समय में यह आंकड़ा 59.10 लाख हेक्टेयर था। कृषि मंत्रालय ने 2026-27 के लिए गेहूं का रकबा 336 लाख हेक्टेयर अनुमानित किया है।

चने की बुवाई में कमी

गेहूं के बाद दलहन फसलों के कुल रकबे में भी गिरावट आई है। आंकड़ों के मुताबिक, 13 नवंबर तक दालों का कुल रकबा पिछले साल के 54.87 लाख हेक्टेयर से 14.34 प्रतिशत घटकर 47 लाख हेक्टेयर रह गया है। दालों में सबसे बड़ा झटका चने को लगा है, जिसका रकबा 39.70 लाख हेक्टेयर से 21.59 प्रतिशत गिरकर 31.13 लाख हेक्टेयर पर आ गया है। इसके विपरीत, मसूर की बुवाई 13.89 प्रतिशत बढ़कर 7.66 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 13.59 प्रतिशत बढ़कर 0.91 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है।



सरसों और कुल तिलहन बुवाई 7.37 प्रतिशत घटी

खाद्य तेलों के लिए आयात पर निर्भरता के बीच तिलहन के रकबे में गिरावट चिंता का विषय बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, तिलहन का कुल रकबा पिछले साल के 66.62 लाख हेक्टेयर से 7.37 प्रतिशत घटकर 61.71 लाख हेक्टेयर रह गया है। प्रमुख रबी तिलहन फसल सरसों और तोरिया का रकबा 64.78 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 8.45 प्रतिशत घटकर 59.31 लाख हेक्टेयर रहा। हालांकि, मूंगफली का रकबा बढ़कर 0.92 लाख हेक्टेयर और अलसी की बुवाई बढ़कर 1.04 लाख हेक्टेयर तक पहुंची है, लेकिन यह बढ़ोतरी सरसों में आई कमी की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं है।

मक्के की बुवाई में 6.54 प्रतिशत की बढ़त

रिपोर्ट के मुताबिक, मोटे अनाजों की कुल बुवाई 5.12 प्रतिशत घटकर 11.56 लाख हेक्टेयर रह गई है। इसके उलट, मक्के के रकबे में 6.54 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है और यह बढ़कर 3.41 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया है। मक्के में आई इस बढ़त के पीछे इथेनॉल कारखानों में इसके उपयोग को अहम कारण बताया जा रहा है।

दालों की बढ़ती कीमतों पर केंद्र अलर्ट : हर हफ्ते देना होगा स्टॉक का हिसाब



दालों की कीमतों में तेजी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। उपभोक्ता मामले विभाग ने व्यापारियों, मिल मालिकों, आयातकों और खुदरा विक्रेताओं के लिए हर शुक्रवार अपने स्टॉक की जानकारी साझा करना अनिवार्य कर दिया है। गलत जानकारी देने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, तुअर का औसत खुदरा भाव 135.23 रुपये और चने का भाव 95.23 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया है। सचिव निधि खरे ने बताया कि चने की 1.256 करोड़ टन की अच्छी पैदावार और पीली मटर के पर्याप्त आयात के बावजूद मुनाफाखोरी के कारण दाम बढ़ रहे हैं। सरकार ने सभी राज्यों को निगरानी रखने और बंदरगाहों से समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। देश में दालों का बफर स्टॉक भी 35 लाख टन के मानक के मुकाबले रिकॉर्ड 38 लाख टन पर पहुंच गया है।

विलुप्त होती 'जईया मिर्च' को बचाया, शुगर-कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने में सहायक



केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के किसान और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी स्वर्ण पदक विजेता रामलाल लहरे को दुर्लभ जईया मिर्च के संरक्षण के लिए 'प्लांट जीनोम सेविअर फार्मर अवार्ड' से सम्मानित किया है। इसके तहत उन्हें एक लाख रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र मिला।

रामलाल ने वाड्रफनगर के जंगलों में इस बेहद तीखी जंगली मिर्च (धन मिर्ची) का एक पौधा खोजा था, जो पक्षियों की घटती संख्या और जलवायु परिवर्तन के कारण विलुप्त होने की कगार पर थी। कम पानी में उगने वाले इस पौधे के फल ऊपर की ओर लगते हैं। कैप्सेसीन और विटामिन से भरपूर यह मिर्च शुगर व कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने में सहायक है। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर की जांच में सुरक्षित पाए जाने के बाद रामलाल ने इससे मधुमेह रोगियों के लिए 'स्पेक्ट्रम' अचार भी तैयार किया है। इससे पहले 2020 में भी उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है।

गधी के दूध से होगा लाखों का कारोबार? डंकी फार्म खुला



हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के कंदरौर में राज्य का पहला संगठित डंकी फार्म शुरू किया गया है। निजी कंपनी द्वारा स्थापित इस फार्म का उद्घाटन तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने डेयरी कॉन्क्लेव-2026 के तहत किया। मंत्री ने इसे पशुपालन क्षेत्र में एक नया स्टार्टअप बताते हुए कहा कि इससे युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने बताया कि गधी के दूध में लैक्टोज, व्हे प्रोटीन, लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे खास जैविक तत्व पाए जाते हैं। इस कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में फार्मा और स्किन केयर (सौंदर्य प्रसाधन) उद्योगों में इसकी भारी मांग है। राजेश धर्माणी ने इस व्यवसाय को सफल बनाने के लिए दूध की गुणवत्ता, सुरक्षित प्रसंस्करण और बाजार की मांग पर वैज्ञानिक अध्ययन करने पर जोर दिया। उन्होंने कंपनी के संस्थापक संजीव सिंह ठाकुर और सह-संस्थापक सीरत तूर को इस नई पहल के लिए बधाई दी।

गधा पालन पर 50 लाख तक सब्सिडी

राजस्थान के बाड़मेर सहित देश भर में गधों की घटती संख्या को रोकने और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी पहल की है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत गधा पालन पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 50 लाख रुपये) तक की सब्सिडी दी जा रही है।

उप निदेशक डॉ. विनय मोहन खत्री के अनुसार, 80 लाख से 1 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट का लाभ उठाने के लिए कम से कम 50 मादा और 5 नर गधों की यूनिट बनाना अनिवार्य है। भारत का मूल निवासी कोई भी किसान, स्वयं सहायता समूह या एफपीओ प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

इस योजना के तहत पशुपालकों को शेड निर्माण, चारा व्यवस्था और पशुओं के बीमा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। हाल के वर्षों में देश-विदेश के कॉस्मेटिक और फार्मास्युटिकल उद्योग में गधी के दूध की बढ़ती मांग ने इस व्यवसाय को अत्यधिक लाभदायक बना दिया है। इसके अलावा, पारंपरिक रूप से माल ढुलाई और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गधों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उनके संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस महत्वाकांक्षी योजना से न केवल विलुप्त होती देसी नस्लों को बचाया जा सकेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी नई गति मिलेगी।

प्रोसेसिंग प्लांट का एलान, एक साल बाद भी जमीन तय नहीं

अमरूद उत्पादन : 5 अरब से अधिक का कारोबार

राजस्थान के कुल अमरूद उत्पादन में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी और सालाना 5 अरब रुपये से अधिक का कारोबार करने वाला सवाईमाधोपुर जिला आज भी बड़े प्रसंस्करण प्लांट के इंतजार में है। पिछले बजट और जनवरी में हुए अमरूद महोत्सव के दौरान कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने यहां प्लांट लगाने की घोषणा की थी, लेकिन एक साल बाद भी जमीन चिह्नित नहीं हो सकी है। जिले में 15 हजार हेक्टेयर में फैले बागानों से 20 हजार से ज्यादा परिवार जुड़े हैं।


स्थानीय स्तर पर बड़ी प्रसंस्करण सुविधा न होने से किसान अपनी उपज दिल्ली, आगरा, हरियाणा और पंजाब की मंडियों में भेजने को मजबूर हैं, जिससे जूस, पल्प और जेली बनाने का बड़ा मुनाफा दूसरे शहरों को मिल रहा है। बाहरी मंडियों तक उपज पहुंचाने में किसानों को भारी परिवहन खर्च उठाना पड़ता है और कई बार रास्ते में ही फल खराब होने से उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। स्थानीय किसानों और व्यापारियों का मानना है कि यदि जिले में ही अत्याधुनिक कोल्ड स्टोरेज और प्रसंस्करण इकाई स्थापित हो जाए, तो न केवल उपज की बबार्दी रुकेगी, बल्कि क्षेत्रीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही, सवाईमाधोपुर के प्रसिद्ध 'बर्फखान' और 'ललित' किस्म के अमरूदों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक नई पहचान मिलेगी।



इस मामले पर उद्यान विभाग के सहायक निदेशक बृजेश मीणा और एडीएम संजय शर्मा ने बताया कि उच्च स्तर पर विचार चल रहा है और सरकार के आदेश मिलते ही जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

गोपाष्टमी कल ; देसी नस्ल की गायों की विरासत, विज्ञान-संरक्षण जरूरी

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला 'गोपाष्टमी' केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की उस गौरवशाली परंपरा का उत्सव है, जो प्रकृति, कृषि और जीवन के बीच गहरे संतुलन को दर्शाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी पावन दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गौचारण की लीला प्रारंभ की थी, जिसके बाद वे 'गोपाल' और 'गोविंद' कहलाए। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि सदियों से भारतीय समाज में गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि 'गौमाता' के रूप में परिवार का अभिन्न अंग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है।



सुरेश बुडानिया *असि. डायरेक्टर, टांटिया वि.वि. (पशुपालन)*

संरक्षण का संकल्प बने गोपाष्टमी : विडंबना यह है कि अधिक दूध उत्पादन की अंधी दौड़ में हमने अपनी इस अमूल्य देसी विरासत की उपेक्षा की, जिसके परिणामस्वरूप आज कई स्वदेशी नस्लें विलुप्त होने की कगार पर हैं और सड़कों पर निराश्रित गोवंश की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। गोपाष्टमी के इस पावन अवसर पर हमें केवल एक दिन की पूजा तक सीमित न रहकर, देसी नस्लों के वैज्ञानिक संवर्धन, नस्ल सुधार और गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लेना होगा। जब समाज और सरकार मिलकर देसी गोपालन को पुनः लाभकारी व्यवसाय से जोड़ेंगे, तभी सच्चे अर्थों में गोपाष्टमी का उत्सव सार्थक होगा।

देसी नस्लों की अद्भुत विविधता और विशेषता

भारत को विश्व में गोवंश की सबसे समृद्ध और विविधतापूर्ण नस्लों का घर माना जाता है। गिर, साहीवाल, थारपारकर, राठी, कांकरेज, लाल सिंधी, अमृतमहल और पुंगनूर जैसी दर्जनों स्वदेशी नस्लें देश की अलग-अलग जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप विकसित हुई हैं। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में पाई जाने वाली थारपारकर और राठी गायें भीषण गर्मी और कम चारे में भी जीवित रहने और पौष्टिक दूध देने की अद्भुत क्षमता रखती हैं। देसी गायों के कंधे पर मौजूद 'सूर्यकेतु नाड़ी' (कूबड़) इन्हें विदेशी संकर नस्लों से बिल्कुल अलग बनाती है। माना जाता है कि सूर्य की किरणों के संपर्क में आने से यह नाड़ी स्वर्ण क्षार उत्पन्न करती है, जो इनके दूध को औषधीय गुणों से भरपूर बना देती है।

आधुनिक विज्ञान और ए-2 दूध की महत्ता

आज जब पूरी दुनिया जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से जूझ रही है, तब आधुनिक पोषण विज्ञान भी भारतीय देसी गाय के दूध की श्रेष्ठता को स्वीकार कर रहा है। देसी गायों के दूध में 'ए-2 बीटा-केसीन' प्रोटीन पाया जाता है, जो मानव शरीर के लिए अत्यंत सुपाच्य और स्वास्थ्यवर्धक होता है। यह हृदय रोग, मधुमेह और पाचन संबंधी विकारों से बचाव में सहायक माना जाता है। इसके विपरीत, विदेशी नस्लों (जैसे जर्सी या एचएफ) के दूध में मुख्य रूप से 'ए-1' प्रोटीन होता है। यही कारण है कि आज न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक बाजार में भी भारतीय देसी नस्लों के घी और दूध की मांग तेजी से बढ़ रही है। ब्राजील जैसे देशों ने दशकों पहले भारत की गिर और कांकरेज नस्लों को अपनाकर आज श्वेत क्रांति के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

खेती और पर्यावरण रक्षक का आधार गाय

रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग ने आज हमारी उपजाऊ मिट्टी को बंजर बनाने के कगार पर ला खड़ा किया है। ऐसे संकट के समय भारतीय देसी गाय ही 'प्राकृतिक और जैविक खेती' का सबसे बड़ा आधार बन सकती है। एक देसी गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार 'जीवामृत' और 'घनजीवामृत' से कई एकड़ भूमि की उर्वरा शक्ति को बिना किसी रासायनिक खर्च के पुनर्जीवित किया जा सकता है। देसी गाय के गोबर में करोड़ों सूक्ष्मजीव पाए जाते हैं, जो मिट्टी में मित्र कीटों और केंचुओं की संख्या बढ़ाकर उसे उपजाऊ बनाते हैं। यह व्यवस्था छोटे और सीमांत किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आमजन को जहरमुक्त अन्न उपलब्ध कराने का सबसे सशक्त माध्यम है।



महापर्व छठ; आज उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा समापन

नहरों के घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब; निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, रातभर गूंजेंगे छठी मैया के भजन





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर रविवार को शहर में पूर्वांचलवासियों की श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरने वाली नहरों के किनारे बनाए गए घाटों पर दोपहर बाद से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खरना की रस्म पूरी होने के बाद महिलाओं ने कठिन निर्जला व्रत शुरू किया और शाम को पारंपरिक विधि-विधान से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। तीन पुली, श्रीकरणपुर रोड स्थित जेड माइनर, ए माइनर सहित विभिन्न नहरों के किनारे छठ पूजा के लिए घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। व्रती महिलाएं और पुरुष पूजा सामग्री से भरे डाले व सूप सिर पर उठाकर नंगे पैर घरों से घाटों तक पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाओं और मन्नतों के अनुसार जल में खड़े होकर सूर्यदेव की आराधना की। कई श्रद्धालु विशेष मन्नत पूरी होने पर पैदल चलकर घाटों तक पहुंचे। एक महिला ने तो अपनी मन्नत पूरी होने पर घर से नहर घाट तक दंडवत करते हुए पहुंचकर आस्था की अनूठी मिसाल पेश की।

मन्नत पूरी होने पर दंडवत पहुंचीं महिला

छठ पूजा के दौरान श्रद्धा और समर्पण का अनूठा दृश्य देखने को मिला। विशेष मन्नत पूरी होने पर एक महिला अपने घर से नहर के घाट तक दंडवत करते हुए पहुंचीं। वहीं कई महिला और पुरुष श्रद्धालु नंगे पैर पूजा सामग्री लेकर घाटों तक पहुंचे। कठिन निर्जला व्रत के बीच श्रद्धालुओं की यह अटूट आस्था पूरे आयोजन का विशेष आकर्षण रही।

नहरों के घाटों पर सजे आस्था के दरबार

श्री सूर्य छठ पूजा सेवा समिति की ओर से एस माइनर नहर के पास लंगर-भंडारे का आयोजन किया गया। यहां भोले शंकर, राधा-कृष्ण, बजरंगबली और काली माता सहित विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे पर बजते धार्मिक गीतों पर कलाकारों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं गंगा मैया सेवा समिति की ओर से छठी मैया का भव्य दरबार सजाकर रात्रि जागरण आयोजित किया गया। यहां भी धार्मिक झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर किया गया।

तीन पुली क्षेत्र में श्री मिथिला छठ पूजा सेवा समिति और मिथिला डाला छठ पूजा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। संयुक्त अध्यक्ष विनोद शाह ने बताया कि पूरी रात छठी मैया का जागरण होगा। श्रद्धालुओं के लिए लंगर-भंडारे और चाय की सेवा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

शहर के विभिन्न घाटों पर बिहार और उत्तर प्रदेश सहित पूर्वांचल के हजारों श्रद्धालुओं के साथ अन्य समुदायों के लोगों की भी भागीदारी रही। देर रात तक नहरों के किनारे भक्ति, संगीत और सेवा के आयोजन चलते रहे। सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

कठिन व्रत को आज खोलेंगे व्रती

छठ महापर्व के अंतिम दिन सोमवार सुबह व्रती महिलाएं और पुरुष उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके साथ ही छठी मैया की विशेष पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की जाएगी। सूर्योदय के अर्घ्य के बाद व्रती अपना कठिन निर्जला व्रत खोलेंगे।





लोक आस्था का छठ पर्व मनाया



सीमा सन्देश # पदमपुर। लोक आस्था छठ महोत्सव पूर्वांचलवासियों ने उत्सर्जनक वातावरण में मनाया । व्रतिधारी महिला व पुरुषों द्वारा सज धज कर सामूहिक रूप से पक्के खाले में बहने पानी में पहले अस्त होते सूर्यदेव को दंडवत किया। रविवार को सूर्य उदय होने से पहले छठी मैया की पूजा अर्चना कार्य छठ मैया के लोकप्रिय गीतों के बीच श्रद्धाभाव से संपन्न करवरकर प्रसाद अर्पित कर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। ढोल नगाड़ों पर नृत्य प्रस्तुतियां देकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए मीठा मुंह करवाकर खुशियों का इजहार किया। छठ मैया के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दोरान डीजे साउंड पर भोजपुरी लोकप्रिय गीतों पर महिला, पुरुष व युवाओं ने उत्साह से अद्भुत नृत्य प्रस्तुतियां देकर छठ मैया को याद किया । मिथिला सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित छठ महोत्सव में बडी संख्या में महिला पुरुषों द्वारा 16 नवंबर को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य पूजा अर्चना कर विधि विधान से व्रत खोल संपूर्ण करवाया जायेगा।

डीजे की धुन पर झूमते पहुंचे श्रद्धालु



सीमा सन्देश # घड़साना। पूवार्चल समाज द्वारा छठ मैया की पूजा अर्चना धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ शुरू की है। पूजा का समापन सोमवार को सूर्योदय के बाद होगा। बिहार, झारखंड, यूपी आदि राज्यों के रहने वाले सैंकड़ों लोंगो ने छठ मैया की पूजा अर्चना में भाग लिया। घड़साना से पूजा स्थल चक 3 जीडी नहर पुलिया तक डीजे की धून पर भजन तथा गीतों पर झुमते हुए पहुंचे। महिलाओं ने नये वस्त्रों में पानी में रह कर छठ मैया की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। इस मौके पर आतिशबाजी भी की गई। बिहार प्रदेश के लोगों ने बताया कि छठ मैया पर्व पर मीठे पकवान बना कर भोग लगाया गया। हर वर्ष की भान्ति छठ मैया पूजा के लिए 3 जीडी नहर पुलिया पर प्रमुख धार्मिक समारोह का आयोजन हुआ। इन दिनों नहर में पानी का प्रवाह बंद रहने पर पूवार्चल समाज के लोगों ने नहर की कुछ दूरी तक साफ सफाई कर टेंकरों से पानी भरा। पानी बहाव रोकने के लिए बंधा लगाया गया।

पूर्व छात्र स्नेह-मिलन समारोह आयोजित, 81 पूर्व विद्यार्थियों ने साझा कीं स्कूल जीवन की यादें



सीमा संदेश # रतनगढ़। संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में पूर्व छात्र स्नेह-मिलन समारोह उत्साह और आत्मीयता के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 81 पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विद्यालय से जुड़ी पुरानी यादें ताजा कीं और अपने अनुभवों व उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झुंझुनूं विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए जीवन मूल्यों, राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में शिक्षा के साथ संस्कारमय वातावरण प्रदान किया जाता है, जो विद्यार्थियों में वर्तमान चुनौतियों का सामना करने का साहस और आत्मविश्वास विकसित करता है। प्रधानाचार्य शरद शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रभारी कृपाशंकर स्वामी ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया। मनोज सैनी के निर्देशन में घोषवादन के साथ अतिथियों एवं पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विद्यार्थी खुशी पारीक, प्रियंका स्वामी, वर्षा सैनी, नितिन तोषावड़ा, विनय, गर्व रांकावत, अमित कुमार एवं नारायण हरितवाल ने विद्यालय में बिताए अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए तथा जीवन में अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय से मिले संस्कारों और शिक्षा को अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी नंदकिशोर ताम्रायत ने सभी अतिथियों एवं पूर्व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। समारोह ने पुराने विद्यार्थियों को एक बार फिर विद्यालय और गुरुजनों से जुड़ने का आत्मीय अवसर प्रदान किया।

स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास, प्राणायाम और समयबद्ध दिनचर्या बेहद जरूरी : डॉ. निर्मल पारीक

सीमा सन्देश # सरदारशहर



स्वस्थ शरीर, शांत मन और निरोगी जीवन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रविवार को श्री श्याम वाटिका स्थित श्री नामदेव निःशुल्क योग क्लास में राजकीय उपजिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. निर्मल पारीक का आत्मीय आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया और नियमित योग, प्राणायाम, संतुलित खानपान तथा अनुशासित दिनचर्या को स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

कार्यक्रम योग गुरु मोहनलाल शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुआ। योग गुरु शर्मा ने अतिथि चिकित्सक का स्वागत करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर को स्वस्थ रखने, मन को शांत बनाने और जीवन में सकारात्मकता लाने का प्रभावी माध्यम है। महिला योग साधिकाओं ने तिलक लगाकर एवं रक्षा सूत्र बांधकर डॉ. पारीक का पारंपरिक स्वागत किया।

वहीं योग साधकों ने माला पहनाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर उनका सम्मान एवं अभिनंदन किया। स्वागत-सत्कार के दौरान योग परिवार की आत्मीयता और पारिवारिक सौहार्द की झलक देखने को मिली।

नियमित योग से स्वास्थ्य के प्रति बढ़ेगी जागरूकता : डॉ. निर्मल पारीक ने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम, संतुलित खानपान और समयबद्ध दिनचर्या बेहद जरूरी है। योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायता मिल सकती है।

उन्होंने सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर योग शिक्षक पवन कुमार भोजक, नथमल वर्मा, सांवरमल सोनी, ओमप्रकाश सुथार, सुरेश भोजक, पवन कुमार सैनी, मोहनलाल पटवा, श्यामसुंदर झीकनाड़िया, इन्द्रचन्द शर्मा, हनुमान सुथार, कन्हैयालाल प्रजापत, बजरंग प्रजापत, रामदेव सोनी, मनोज कुमार प्रजापत, हरिप्रसाद प्रजापत, राधेश्याम स्वामी सहित महिला योग साधिकाओं में इंद्रा देवी, अनिता भोजक, उमा देवी एवं देवकी शर्मा सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

पंचायत चुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



सीमा सन्देश # चूनावढ़। पंचायत चुनाव 2026 के चौथे चरण के तहत कल सोमवार को सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए होने वाले मतदान को लेकर रविवार शाम चूनावढ़ थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस जवानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और चुनाव के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च चूनावढ़, ततारसर, नेतेवाला, महियावाली, 8 एलएल, 8 एचएच, दानेरांवाला और 9 एमएल लठावाली सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निकाला गया। इसमें थाना प्रभारी सीआई संजय सिंह राठौड़ सहित थाने का पुलिस स्टाफ शामिल रहा। थानाधिकारी संजय सिंह राठौड़ ने ग्रामीणों से अपील की कि पंचायत चुनाव के दौरान शांति बनाए रखें और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

सर्वसम्मति से वार्ड पंच निर्वाचित

सीमा सन्देश # कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली, गंगू वाला, कुम्हार वाली सहित आस पास की ग्राम पंचायतों में पंचायत राज चुनावों के तहत रविवार को सरपंचों एवं वार्ड पंचों के लिए नामांकन भरने का कार्य किया गया। इसके बाद फार्म उठाने के लिए कुछ प्राथी आगे आए ओर अपना नाम वापस लिए गए। 9 वार्ड में से चार वार्ड में पंच का सर्वसम्मति से निर्णय किया गया। पोलिंग पार्टी द्वारा सोमवार को सरपंच निर्वाचन करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी की गई। कीकर वाली ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। निर्वाचन विभाग द्वारा सभी सरपंच पद के उम्मीदवारो को चुनाव चिन्ह आवंटित करने के बाद सभी ने दोपहर बाद जन सम्पर्क किया ओर अपने निशान को जनता को अवगत कराया गया।

जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में चूरू जिले को दिलाया पहला मेडल

सरदारशहर की काव्या ने रोलर स्केटिंग में जीता रजत पदक


सीमा सन्देश # सरदारशहर

जयपुर के खेल सिटी, जगतपुरा में 11 से 14 नवंबर तक राजस्थान स्केट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में सरदारशहर की होनहार खिलाड़ी काव्या सींवर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। काव्या ने इस उपलब्धि के साथ चूरू जिले को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। काव्या पुत्री राजेंद्र प्रसाद सींवर की इस उपलब्धि से खेल जगत में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में राजस्थान के 27 जिलों से करीब 540 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चूरू जिले से भी 42 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिले के अन्य खिलाड़ियों में प्रीतम, दीपित, हेरंब और कनिष्का ने अपने-अपने आयु वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। वहीं मयंक प्रजापत, मनीषा स्वामी, आरुषि जांगिड़, अंजली, संचित, यशवंत, विवान सर्राफ, कृष्णा पंवार और दीक्षा सहित अन्य खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल तक पहुंचकर मुकाबलों में दमखम दिखाया।



काव्या के कोच एवं चूरू जिला स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव अर्जुन सिंह राठौड़ ने बताया कि राजस्थान स्केट्स एसोसिएशन, रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था है। प्रतियोगिता में चूरू जिले की टीम के साथ शिल्पा टाक, राहुल गुर्जर, मनीष वर्मा और संजय शर्मा ने कोच के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

वर्ग पहली क्रमांक 7980



ó बायें से दायें:- 1) अनुपस्थित; गायब, 9) बन-नियमबाह्यता, 4) विरक्त, जारा; घुमक्कड़, 11) झोंपड़ा, 6) कीचड़, 7) शाबाशी, 17) घुकुर-पुकुर होना, 18) 8) ईश्वरीय शक्ति; धन, धर्माचरण, 19) व्यवहार में 10) विलायती बैंगन, 12) आना, 20) दुरुस्ती; जीर्णो-ताज़ा, 13) दिखाना, 14) द्धार, 21) हाथ का पंजा, तमग़ा, 15) अधिवक्ता, 23) पेंदा, 25) लुत्फ़; आनंद. 17) पृथ्वी, 18) तीखा (उत्तरः अगले अंक में) छोर, 19) सब, 21) *पिछली पहेली का उत्तर*

स	ड़	स	ठ	■	आ	व	भ	ग	त
मा	■	र	न	वा	स	■	■	ज	मा
ना	का	■	ठ	■	मा	रा	मा	र	■
र्थ	■	अ	न	ब	न	■	ही	■	क
क	ष्ट	■	गो	ली	■	त	ल	वा	र
■	■	आ	पा	■	■	रु	■	दा	म
आ	म	■	ल	ता	भ	व	न	■	चं
दि	हा	ती	■	■	व	र	■	प	द
श	■	न	ती	ज	न	■	त	थ्य	■

ô ऊपर से नीचेः- 1) गुमान; फ़ख्र, 2) दलील; तर्क; संप्रदाय, 3) भारी सेना, 4) पलटना, 5)

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 16 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1860: भारतीय श्रमिकों का पहला जत्था दक्षिण अफ्रीका के नटाल पहुंचा था।
1846: उर्दू के प्रसिद्ध शायर अकबर इलाहाबादी का जन्म।
1908: जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई थी।
1914: अमेरिका में फेडरल रिजर्व व्यवस्था का औपचारिक रूप से शुभारंभ हुआ था।
1938: अल्बर्ट हॉफमैन द्वारा 'लाइसेर्जिक एसिड डाइथलामाइड' (छरऊ) ड्रग का आविष्कार हुआ था।
1945: शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग के लिए यूनेस्को (वठएरउड) का गठन किया गया था।
1966: भारत में स्वतंत्र और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए 'भारतीय प्रेस परिषद' का गठन हुआ।
1973: भारत के प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी और कोच पुलेला गोपीचंद का जन्म।
1988: बेनजीर भुट्टो पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं।
1995: भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के प्रधानमंत्री बने।
2001: चर्चित फि ल्म 'हैरी पॉटर एंड द फि लॉसफर्स रिलीज हुई थी।
2002: मुशर्रफ ने पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
2006: पाकिस्तान ने मध्यम दूरी के गौरी-श मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
2013: भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा की गई।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एनएनएस) मंगलवार कार्तिक सुदी अष्टमी को ग्वार, ग्वारगम, गेहूं, मक्की, बाजरा, बासमती चावल, जौ, जई, काबुली चना, मसूर, उड़द, तुवर, पिस्ता, हल्दी, कालीमिर्च, गोंद, बेलगिरी, जायफल, जावित्री, सौंफ, अजवायन, कमरकस, देसी घी, दूध पाउडर, टिन, जस्ता, पीतल, सीसा, सोया तेल, वनस्पति घी, गुड़-चीनी में लाभ तथा लोबिया, पाम ऑयल, मूंग, लौंग, दालचीनी, सौंठ, अखरोट, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, काजू, गोला, पोस्तदाना, बारदाना, सरसों, बिनौला एवं इसके तेल, मगज तरबूज, छुआरा, कॉपर, निकिल में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 2-5-6-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 8.36 बजे प्रातः के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

16 नवम्बर सोमवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी, नक्षत्र - उत्तराषाढ़ा, योग - गण्ड, करण - कौलव, दिशाशूल - पश्चिम, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - मकर, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : सुख-सुविधाओं की चीजों पर खर्च हो सकता है। व्यापारियों को मनचाहा लाभ और मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

वृषभ : जमीन-जायदाद से जुड़े पुराने विवाद हल होने की संभावना है। वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं, और विदेशी कारोबारियों को फायदा मिलेगा।

मिथुन : वैवाहिक जीवन में हल्की-फुल्की समस्याएं या गलतफहमियां आ सकती हैं। आर्थिक लाभ मिलेगा, लेकिन खान-पान का विशेष ध्यान रखें।

कर्क : शुभ सूचना मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और माता-पिता का सहयोग व सलाह फायदेमंद साबित होगी।

सिंह : बड़ा लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में प्रमोशन या नई जिम्मेदारियां मिलने के योग हैं। आत्मबल मजबूत रहेगा, पर अहंकार से बचें।

कन्या : आय के नए स्रोत बनेंगे और व्यावसायिक मामलों में सुधार होगा। धन लेन-देन में सतर्कता बरतें और मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

तुला : दिन मिलाजुला रहेगा। कामकाज में संतुलन बनाकर रखें और व्यर्थ के वाद-विवाद से खुद को दूर रखें।

वृश्चिक : पक्के इरादों और व्यक्तित्व में निखार आएगा। अतिरिक्त जिम्मेदारियों से व्यस्तता बढ़ेगी, जिससे पद-प्रतिष्ठा में इजाफा होगा।

धनु : आर्थिक और करियर के क्षेत्र में थोड़ी अस्थिरता आ सकती है। मेहनत का फल मिलने में वक्त लग सकता है, इसलिए बजट का ख्याल रखें।

मकर : दिन सामान्य और संतुलित रहेगा। पार्टनरशिप में व्यापार करने वालों को अच्छा फायदा मिलेगा और अटके हुए कार्य पूरे होंगे।

कुंभ : कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपकी कार्यशैली से खुश रहेंगे। नए अवसरों की प्राप्ति होगी और आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

मीन : मानसिक तनाव में कमी आएगी और स्वास्थ्य में सुधार होगा। करियर में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे।

एक चिकित्सक जो अपने आप में निःस्वार्थ सेवा और त्याग की अमर गाथा है और लोगों के लिए प्रेरणा भी

'धरती के भगवान' : गया के डॉ. संकेत नारायण सिंह

बिहार की राजधानी पटना से लगभग 100 किमी दूर, ज्ञान और मोक्ष की पावन भूमि गया में एक ऐसे चिकित्सक निवास करते हैं, जिन्होंने चिकित्सा जैसे महान पेशे को व्यवसाय नहीं, बल्कि मानव सेवा का सबसे पवित्र माध्यम बना लिया है। वे हैं जाने-माने और अनुभवी चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. संकेत नारायण सिंह। आज के भौतिकवादी युग में, जहाँ चिकित्सा अक्सर महंगे शुल्कों और मुनाफे का पर्याय बनती जा रही है, वहीं डॉ. सिंह अपने निस्वार्थ सेवा भाव, अद्भुत अनुशासन और करुणा के कारण समाज के लिए सचमुच 'धरती के भगवान' साबित हो रहे हैं।

संघर्ष से सेवा तक सफर

डॉ. संकेत नारायण सिंह का जन्म वर्ष 1952 में बिहार के छपरा (सारण) ज़िले के खैरा थाना अंतर्गत डुमरी गांव में एक सामान्य परिवार में हुआ था। बचपन से ही उनके जीवन में कठिनाइयों ने दस्तक दे दी थी। महज छह वर्ष की कोमल आयु में वे पोलियो जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए, जिसके कारण वे स्थायी रूप से दिव्यांग हो गए। उनके माता-पिता ने उनका भरसक इलाज कराया, लेकिन वे पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो सके।

शारीरिक अक्षमता किसी भी व्यक्ति का मनोबल तोड़ सकती है, परंतु बालक संकेत ने परिस्थितियों के आगे घुटने टेकने के बजाय संघर्ष का रास्ता चुना। उन्होंने कठिन हालातों में भी अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपनी मेधा के बल पर गया के प्रसिद्ध मगध मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। वर्ष 1980 में उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सरकारी डॉक्टर के रूप में नौकरी मिली। हालांकि, सरकारी चिकित्सा व्यवस्था की खामियों और लापरवाही से उनका संवेदनशील मन



आहत हुआ और महज एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया। उसी दौरान उन्होंने अपने माता-पिता को एक वचन दिया, जिसने उनके पूरे जीवन की दिशा बदल दी-उन्होंने संकल्प लिया कि वे जीवनभर असहाय, वृद्ध और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का निःशुल्क इलाज करेंगे।

सरकारी नौकरी का त्याग, निजी सेवा की शुरूआत

इस्तीफे के बाद वर्ष 1982 में वे कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) में मेडिकल ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुए, लेकिन वहां भी उनका सेवाभावी मन अधिक समय तक नहीं रम सका। अंततः, वर्ष 1984 में उन्होंने गया शहर में एक छोटे से किराए के मकान से अपनी निजी चिकित्सा प्रैक्टिस शुरू की। सेवा का जो पौधा उन्होंने उस दिन लगाया था, वह आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है और दशकों से बिना रुके लोगों को छाया दे रहा है। उनके क्लिनिक का दृश्य किसी तीर्थ से कम नहीं -

- **प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का उपचार** : उनके पास रोजाना लगभग 300 मरीज अपने जटिल चर्म रोगों के इलाज के लिए आते हैं।
- **निःशुल्क चिकित्सा और दवाइयां** : इन 300 मरीजों में से करीब 200 जरूरतमंद मरीजों से इलाज के बदले एक भी रुपया नहीं लिया जाता। इतना ही नहीं, लगभग 100 अत्यंत असहाय, वृद्ध और दिव्यांग मरीजों को वे अपनी ओर से मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराते हैं।

फीस भी बनी परोपकार

डॉ. संकेत नारायण सिंह की कार्यप्रणाली अनूठी है। जो मरीज आर्थिक रूप से सक्षम हैं और शुल्क देने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए भी फीस की दो बेहद मामूली श्रेणियां रखी गई हैं - एक 10 रु. से शुरू होती है और दूसरी 100 रु. से। इससे भी अधिक प्रेरक बात यह है कि इस शुल्क से प्राप्त होने वाली कुल राशि को वे अपने पास नहीं रखते, बल्कि इसे चार बराबर हिस्सों में बांट देते हैं:

- **तीन हिस्से (75 प्रतिशत):** समाज सेवा, गरीबों की आर्थिक मदद, अनाथ बच्चों की शिक्षा और जरूरतमंदों के कल्याण पर खर्च किए जाते हैं।
- **एक हिस्सा (25 प्रतिशत):** केवल अपने न्यूनतम जीवनयापन और क्लिनिक के बुनियादी खर्चों को चलाने के लिए रखा जाता है।

व्यक्तिगत त्रासदियों से ऊपर उठकर समाज को अपनाया

ईश्वर ने कई बार डॉ. सिंह के धैर्य की कठिन परीक्षा ली। कुछ वर्ष पूर्व उनके इकलौते पुत्र आदित्य नारायण और उनकी धर्मपत्नी मगरिता सिंह का असमय निधन हो गया। जीवन के इस सबसे गहरे और असहनीय आघात के बाद कोई भी साधारण इंसान टूटकर बिखर सकता था, लेकिन डॉ. संकेत नारायण ने अपने व्यक्तिगत दुख को समाज के दुखों को मिटाने की शक्ति में बदल दिया।

परिवार के सदस्यों को खोने के बाद उन्होंने पूरे समाज को ही अपना परिवार मान लिया। उन्होंने 80 से अधिक अनाथ बच्चों की परवरिश का बीड़ा उठाया और दर्जनों गरीब मेधावी बच्चों की शिक्षा का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन किया। उनकी इस तपस्या का ही परिणाम है कि आज उनके द्वारा पाले और पढ़ाए गए कई बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर और प्रशासन के जिम्मेदार पदों पर कार्यरत होकर देश की सेवा कर रहे हैं।

सेवा का अद्भुत अनुशासन और आध्यात्मिक आस्था

भगवान बुद्ध की करुणा और मदर टेरेसा की सेवा भावना को अपना आदर्श मानने वाले डॉ. सिंह की दिनचर्या किसी तपस्वी से कम नहीं है। वे प्रतिदिन शाम 5 बजे से मरीजों को देखना शुरू करते हैं और मरीजों की भीड़ अधिक होने पर कई बार यह सिलसिला अगली सुबह 5 बजे तक लगातार चलता रहता है। उनका अटल नियम है कि जब तक वे कतार में खड़े अंतिम मरीज को देख न लें, तब तक अपनी कुर्सी से नहीं उठते।

दूर-दराज के इलाकों से आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए उन्होंने अपने परिसर में ही प्रतिदिन रात में लगभग 70 मरीजों और उनके परिजनों के निःशुल्क ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था कर रखी है। चिकित्सा के प्रति उनकी श्रद्धा इतनी गहरी है कि वे हर मरीज की पर्ची लिखने से पहले मन ही मन गायत्री मंत्र का जाप करते हैं और अपने माता-पिता व ईश्वर का स्मरण कर मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इसके अतिरिक्त, देश की रक्षा करने वाले फौजियों, पुलिसकर्मियों, पत्रकारों, बौद्ध भिक्षुओं, पर्यटकों और 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का वे पूर्णतः निःशुल्क इलाज करते हैं।

अटूट योगदान

गया में सेवा देने के साथ-साथ डॉ. सिंह अपनी जन्मभूमि डुमरी गांव को भी कभी नहीं भूले। पिछले 30 वर्षों से वे लगातार अपने गांव और पंचायत के 100 वृद्ध एवं दिव्यांग लोगों को हर महीने 300 रुपए की व्यक्तिगत पेंशन देते आ रहे हैं, साथ ही उनके इलाज का पूरा खर्च भी स्वयं उठाते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए वे मंदिर निर्माण जैसे कार्यों में भी अपनी कमाई का एक हिस्सा समर्पित करते हैं। अब उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना भविष्य में एक भव्य वृद्धाश्रम और अनाथालय स्थापित करना है, ताकि बेसहारा लोगों को एक सम्मानजनक छत मिल सके।

पुराने से पुराने और असाध्य माने जाने वाले चर्म रोगों का सफल उपचार करने वाले डॉ. संकेत नारायण सिंह केवल एक कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि मानवता के जीवित प्रतीक हैं। उनका संपूर्ण जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची चिकित्सा केवल दवाओं से नहीं, बल्कि सेवा, अटूट संकल्प और गहरी मानवीय संवेदना से जन्म लेती है। निस्संदेह, ऐसे निःस्वार्थ कर्मयोगी ही किसी भी समाज की सबसे बड़ी और असली पूंजी होते हैं।

यात्री वाहन 5 लाख के पार, दोपहिया-तिपहिया वाहनों की बिक्री में भी दोहरे अंकों की बढ़ोतरी

ऑटो उद्योग ने पकड़ी रफ्तार, अक्टूबर में कार बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली।

भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में मांग का मजबूत दौर अक्टूबर में भी जारी रहा। 'सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम)' के ताजा आंकड़ों के अनुसार यात्री वाहन, दोपहिया और तिपहिया-तीनों प्रमुख श्रेणियों की थोक बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अक्टूबर में यात्री वाहनों की बिक्री पहली बार पांच लाख इकाइयों के पार पहुंचकर नया रिकॉर्ड बना गई।

यात्री वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री

सियाम के अनुसार अक्टूबर में घरेलू यात्री वाहनों का प्रेषण 12.4 प्रतिशत बढ़कर 5,19,060 इकाई रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,61,614 इकाई था। यह पहली बार है जब अक्टूबर में यात्री वाहनों की बिक्री पांच लाख का आंकड़ा पार कर गई। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने इसे उद्योग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह उपभोक्ताओं की मजबूत मांग का संकेत है।



दोपहिया वाहनों की मांग भी तेज : अक्टूबर में दोपहिया वाहनों का कुल प्रेषण 16 प्रतिशत बढ़कर 25,77,810 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष अक्टूबर में यह 22,20,345 इकाई था। मोटरसाइकिलों की बिक्री 6.6 प्रतिशत बढ़कर 14,23,118 इकाई रही। वहीं स्कूटर श्रेणी ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए 31.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और बिक्री 10,96,756 इकाई तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 8,33,621 इकाई थी। सियाम का कहना है कि बेहतर ऋण सुविधा, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पुराने वाहनों के स्थान पर नए वाहन खरीदने की बढ़ती प्रवृत्ति तथा उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास ने दोपहिया बाजार को मजबूती दी है।

तिपहिया वाहनों में भी शानदार बढ़त : तिपहिया वाहन श्रेणी में भी अक्टूबर के दौरान 25.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कुल बिक्री बढ़कर 1,03,349 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 82,190 इकाई थी। सियाम के अनुसार अंतिम छोर तक परिवहन सेवाओं की बढ़ती आवश्यकता और वाहनों के तेजी से विद्युतीकरण ने इस श्रेणी की मांग को गति दी है।

कुल बिक्री में 15.7 प्रतिशत की वृद्धि : सभी प्रमुख श्रेणियों को मिलाकर अक्टूबर में घरेलू ऑटोमोबाइल बिक्री 15.7 प्रतिशत बढ़कर 32,00,219 इकाई पर पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष यह 27,64,149 इकाई थी। सियाम का मानना है कि भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में मांग का सकारात्मक रुख बना हुआ है और आने वाले महीनों में भी बाजार की संभावनाएं मजबूत रहने की उम्मीद है।

रेलवे अधिकारी की संवेदनशीलता से यात्री को मिला उसका खोया बैग

हापुड़।

रेल यात्रा के दौरान जल्दबाजी या अनजाने में सामान छूट जाना यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन जाता है। ऐसे समय में रेलवे अधिकारियों की तत्परता और संवेदनशीलता यात्रियों के लिए राहत का कारण बनती है। हापुड़ रेलवे स्टेशन पर ऐसा ही एक उदाहरण देखने को मिला, जहां स्टेशन अधीक्षक रामकेश मीना की पहल से यात्री को उसका खोया बैग वापस मिल गया। स्टेशन अधीक्षक रामकेश मीना ने बताया कि रायबरेली निवासी रामेश्वर नौचंदी एक्सप्रेस से गजरौला अपने परिवार के पास आए थे। यात्रा के दौरान जल्दबाजी में उनका एक बैग ट्रेन में ही छूट गया। कुछ देर बाद उन्हें बैग छूटने का पता चला, लेकिन तब तक ट्रेन हापुड़ की ओर रवाना हो चुकी थी। रामेश्वर ने रेलवे अधिकारियों से संपर्क कर बैग के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद हापुड़ स्टेशन पर नौचंदी एक्सप्रेस के पहुंचने पर संबंधित कोच की जांच कर बैग सुरक्षित निकाल लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने इसकी सूचना यात्री को दी। रामेश्वर बैग लेने के लिए हापुड़ आने वाले थे, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने उनकी सुविधा को देखते हुए बैग काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के माध्यम से वापस गजरौला भिजवा दिया। बैग मिलने के बाद रामेश्वर ने फोन पर रेलवे अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह पहल दशार्ती है कि रेलवे की जिम्मेदारी केवल ट्रेनों के संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय यात्रियों की मदद करना भी सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



गंगनहर का वरीयताक्रम



16 नवम्बर 2026, सोमवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
आरबी	520 (8)	09 नवम्बर दोपहर 12 बजे	17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
एचएच	555 (7)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
रिडमलसर	566 (7)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
फार्म	627 (7)	10 नवम्बर रात्रि 9 बजे	18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जीजी	828 (6)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
हिरणांवाली	850 (6)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
नेतेवाला	871 (6)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएल	931 (6)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
एमएलए	972 (6)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
करणीजी	1302 (5)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
केके	1315 (5)	12 नवम्बर रात्रि 9 बजे	20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
ईईए	1375 (4)	13 नवम्बर रात्रि 12 बजे	21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एफ	1878		
एलएनपी	2155		
एमके	2253		
बीबी	2451		
समेजा	2653		
पीएस	2813		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच	3120		11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	3161		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	3179		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	3334		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	3365		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे

नोट : गंगनहर में रविवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1599 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7342	साहवा	480
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	182
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	4810
सूरतगढ़	1860		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

रविवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 15.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

आग से रेस्टोरेंट व दुकान जले

गाजियाबाद।

दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित असालतनगर मार्केट में शनिवार रात रेस्टोरेंट और कन्फैक्शनरी की दुकान में भीषण आग लग गई। हादसे में दोनों दुकानों का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल की चार गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शिवम विहार कॉलोनी निवासी लोमेश ने बताया कि उनके भाई चैतन्य बालियान का खोखा रेस्टोरेंट और राधेश्याम विहार निवासी सौरभ शर्मा की कन्फैक्शनरी दुकान पास-पास स्थित है। रात करीब 12 बजे रेस्टोरेंट में अचानक आग लगी, जिसने देखते ही देखते कन्फैक्शनरी दुकान को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर मोदीनगर और आयुध निमार्णी फैक्टरी से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग से रेस्टोरेंट में करीब छह लाख और कन्फैक्शनरी दुकान में करीब एक लाख रुपये का सामान जल गया। लोमेश ने आग लगाए जाने की आशंका जताई है। वहीं एसीपी सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि आग के कारणों की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ऑनलाइन विज्ञापनों में किडनी, बोन मैरो और अन्य अंग बेचने की पेशकश, प्रतिबंधों और महंगाई से बढ़ी परेशानी

ईरान में आर्थिक संकट की मार, कर्ज चुकाने के लिए अंग बेचने को मजबूर लोग

तेहरान। ईरान में गहराते आर्थिक संकट ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि कई लोग कर्ज चुकाने और परिवार का खर्च चलाने के लिए अपने शरीर के अंग बेचने को मजबूर हो रहे हैं। ईरान इंटरनेशनल की जांच में सामने आया है कि किडनी, बोन मैरो, लिवर, अंडकोष और कॉर्निया बेचने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन दिए जा रहे हैं।

600 से अधिक विज्ञापनों की जांच : रिपोर्ट के अनुसार, मई के अंत से अक्टूबर के आखिरी सप्ताह तक टेलीग्राम के एक चैनल पर अंग बेचने से जुड़े 600 से अधिक विज्ञापनों की जांच की गई। इनमें लगभग हर तीन में से एक विज्ञापन में एक से अधिक अंग या ऊतक बेचने की पेशकश की गई थी। जांच



में सामने आया कि 498 विज्ञापनों में किडनी बेचने की बात कही गई, जबकि 279 में बोन मैरो, 51 में लिवर, 15 में अंडकोष और दो विज्ञापनों में कॉर्निया बेचने की पेशकश की गई। कई लोगों ने किडनी और बोन मैरो सहित एक से अधिक अंग देने की इच्छा जताई।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार : रिपोर्ट में कई लोगों की दर्दनाक स्थिति का उल्लेख किया गया है। एक पिता अपनी बेटी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अंग बेचने को तैयार है। वहीं, कारोबार बंद होने और कर्ज बढ़ने से परेशान एक पूर्व व्यापारी देनदारियां चुकाने के लिए ऐसा कदम उठाना चाहता है। दो बेटियों की परवरिश कर रही एक अकेली मां ने बताया कि वह घर के जरूरी खर्च पूरे करने के लिए खरीदार तलाश रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, कई लोगों को अंग प्रत्यारोपण और चिकित्सा प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी तक नहीं है। कुछ लोग यह मान रहे हैं कि अंग देने के बाद भी जीवन सामान्य रह सकता है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे अलग हो सकती है।

प्रतिबंधों और तनाव से बिगड़े हालात : ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही अमेरिकी प्रतिबंधों, क्षेत्रीय तनाव और व्यापारिक दबावों से जूझ रही है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यदि तेल राजस्व में और गिरावट आई तो सरकार के सामने वेतन, पेंशन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखना बड़ी चुनौती बन सकती है। हालांकि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के प्रशासन ने आर्थिक पतन की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा है कि देश लंबे प्रतिबंधों का सामना करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, क्षेत्रीय सैन्य तनाव भी लगातार बना हुआ है।

महाबलेश्वर के तीन होटलों के खाद्य लाइसेंस निलंबित

एफडीए की कार्रवाई से होटल कारोबारियों में नाराजगी, पर्यटकों की बढ़ी परेशानी



मुंबई। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल महाबलेश्वर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सफाई मानकों में खामियां मिलने पर तीन नामी होटलों के खाद्य बिक्री लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। वहीं पांच अन्य होटलों को स्वच्छता संबंधी कमियां दूर करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे के निर्देश पर दिवाली के दौरान खाद्य सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। सह आयुक्त संजय शिंदे के नेतृत्व में टीम ने महाबलेश्वर के कई होटलों की रसोई और रेस्तरां का निरीक्षण किया। जांच में होटल इवरशाइन, होटल रामसुख और होटल ब्राइटलैंड में सफाई से जुड़ी गंभीर खामियां पाई गईं। लाइसेंस निलंबित होने के बाद इन होटलों के रेस्तरां में खाद्य पदार्थों की बिक्री रोक दी गई है। दिवाली पर्यटन सीजन में पहले से बुकिंग करा चुके पर्यटकों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। होटल कारोबारियों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एफडीए को पहले कमियां बताकर सुधार का अवसर देना चाहिए था। उनका कहना है कि सीजन के बीच कार्रवाई से होटल व्यवसाय और पर्यटकों दोनों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कांग्रेस को सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं : शेखावत

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के जल जीवन मिशन (जेजेएम) में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। रविवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मिशन के क्रियान्वयन में हुई लापरवाही और कथित मिलीभगत के बाद कांग्रेस के पास इस मुद्दे पर सवाल उठाने का नैतिक आधार नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में तत्कालीन मंत्री कई महीनों तक जेल में रहे और कई अधिकारी व ठेकेदार भी जांच के दायरे में हैं। शेखावत ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, लेकिन कांग्रेस शासन में इसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीर आरोप सामने आए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जवाबदेही तय होना जरूरी है। देश की आर्थिक स्थिति पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता



के माहौल से भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर भारत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सांस्कृतिक बैठक आयोजित होगी, जिसमें 22 देशों को आमंत्रित किया गया है। संघ के शताब्दी वर्ष पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का कार्य किया है। पंचायत चुनावों पर उन्होंने भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को बदनाम कर सत्ता नहीं मिलेगी : अमित शाह

राहुल को दी गांवों में जाने की सलाह, कांग्रेस पर चुनावी हार की हताशा का लगाया आरोप

पुणे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को बदनाम करने से सत्ता हासिल नहीं की जा सकती। उन्होंने राहुल गांधी को विदेश दौरों के बजाय देश के गांवों में जाकर लोगों से जुड़ने की सलाह दी। पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की विकास यात्रा को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर राहुल सत्ता में वापसी चाहते हैं तो उन्हें विदेश यात्राएं छोड़कर गांवों में जाना चाहिए। इससे शायद भविष्य में उन्हें जनता का समर्थन मिल सके। शाह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी कहा कि वे अपने नेतृत्व से चुनावी प्रदर्शन पर सवाल करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस इसी



रणनीति पर चलती रही तो अगले 30 साल तक सत्ता से दूर रह सकती है।

कांग्रेस चुनावी हार से हताश : कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि पार्टी लगातार तीन चुनावों में हार के बाद हताश है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश तथा उसके नेतृत्व को निशाना बना रही है। उन्होंने हैदराबाद में आयोजित 'भारत समिट' का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इसमें भारत विरोधी विचार रखने वाले लोगों को मंच दिया गया।

मोदी सरकार के कार्यों का किया जिक्र

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को 2004 से 2014 तक सरकार चलाने का मौका मिला, लेकिन उसके कार्यकाल में 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार हुए। उन्होंने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरिक्ष, रेलवे, स्टार्टअप, शिक्षा और हवाई क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। शाह ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद किसी भी दल को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।

दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार

करौली। अंजनी माता मंदिर क्षेत्र में महिला से कथित सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार वारदात में चार आरोपियों के शामिल होने की आशंका है, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर पहाड़ी क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। एसपी लोकेश सोनवाल ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

लुधियाना। ग्यासपुरा क्षेत्र में 13 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसके मामा मोहम्मद कैफ ने चॉकलेट में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे खिलाया और बेसुध होने पर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने दिल्ली लौटने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को जांच के लिए लुधियाना पुलिस को भेज दिया गया है।

जुहापुरा में एमडी ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़, तहखाने में चल रही थी लैब

अहमदाबाद। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और सरखेज पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जुहापुरा इलाके में एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। लब्बेक पार्क स्थित एक मकान के तहखाने में चल रही इस लैब से करोड़ों रुपये का कच्चा माल और करीब 20 प्रकार के रसायन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने फैक्ट्री संचालित करने वाले मुदसर पठान उर्फ एमएम पठान और उसकी पत्नी को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, 'ऑपरेशन सिंथेटिक ड्रग' के तहत की गई कार्रवाई में पता चला कि आरोपी पिछले कुछ समय से तहखाने में ड्रग्स तैयार कर रहा था। पहली खेप की सप्लाई से पहले ही पुलिस ने फैक्ट्री पकड़ ली। आरोपी मकान में तीन साल से किराए पर रह रहा था और उसने सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगा रखे थे। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले नशे का आदी था और बाद में ड्रग्स तस्करी से जुड़ गया। पुलिस के मुताबिक वह राजस्थान से ड्रग्स बनाने की ट्रेनिंग लेकर आया था और ऑनलाइन माध्यमों से भी जानकारी जुटा रहा था। कच्चा माल अहमदाबाद, अंकलेश्वर और मध्यप्रदेश के रतलाम से मंगाया जाता था। पुलिस ने आरोपी के कैफे और अन्य ठिकानों पर भी जांच की है। फोरेंसिक टीम ने मौके से नमूने जुटाए हैं। जोन-7 के डीसीपी शिवम वर्मा ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

राजस्थान की महिलाओं की कला और उद्यमिता को नई पहचान देती है नेहा गिरी की पुस्तक

नई दिल्ली। राजस्थान की महिलाओं की कला, परंपरा और उद्यमिता को समर्पित नेहा गिरी की पुस्तक 'डिफरेंट वूमेन ऑफ राजस्थान' पर रविवार को नई दिल्ली में चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पुस्तक में उन महिलाओं की प्रेरक यात्राओं को प्रस्तुत किया गया है, जो पारंपरिक कलाओं को संजोने के साथ उन्हें आजीविका का माध्यम बना रही हैं। कार्यक्रम में भारतीय डाक सेवा बोर्ड की सदस्य स्मृति शरण विशिष्ट अतिथि और राजस्थान के प्रधान आवासीय आयुक्त रोहित कुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। पुस्तक में शामिल छह महिला कलाकारों ने हस्तनिर्मित क्रोशिया फूल और पारंपरिक स्टोल भेंट कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। लेखिका नेहा गिरी ने पुस्तक की यात्रा और इसके निर्माण में सहयोग देने वाले संस्थानों व लोगों का आभार जताया। उन्होंने ग्रामीण आजीविका से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुस्तक में शामिल कहानियां सामूहिक प्रयास, प्रशिक्षण और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों का परिणाम हैं।

नाबालिगों के ऑनलाइन शोषण के मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को 30 साल की सजा

पुलिस को आशंका- पीड़ित लड़कियों की संख्या 180 तक हो सकती है

लंदन।

ब्रिटेन में भारतीय मूल के नागरिक बिलाल काजी को नाबालिग लड़कियों को ऑनलाइन जाल में फंसाकर उनका शोषण करने के मामले में 30 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। मुंबई मूल का काजी पहले चेस्टर में पीएचडी कर रहा था और बाद में बर्मिंघम विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान की पढ़ाई करने लगा। पुलिस के अनुसार काजी ने अगस्त 2021 से अगस्त 2025 के बीच स्नैपचैट, रोब्लॉक्स, विंक और विज जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए 10 से 17 वर्ष की लड़कियों से झूठी पहचान बनाकर संपर्क किया। उसने ब्रिटिश युवक का रूप धारण कर पीड़िताओं से दोस्ती की और विश्वास हासिल करने के बाद उन्हें निजी तस्वीरें व वीडियो भेजने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने बताया कि तस्वीरें भेजने से इनकार करने पर वह लड़कियों को धमकाता था और उनकी निजी सामग्री परिवार व दोस्तों को भेजने की धमकी देता था। कुछ मामलों में उसने सोशल मीडिया खाते हैक कर आपत्तिजनक सामग्री साझा की। मामला नवंबर 2021 में एक पीड़िता की शिकायत के बाद सामने आया। संयुक्त जांच के बाद जुलाई 2023 में ब्रिटेन लौटने पर काजी को हीथ्रो हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस का अनुमान है कि उसके शिकार लोगों की संख्या 180 तक हो सकती है।

सरपंच एवं वार्ड पंच चुनाव के लिए बुनियादी सुविधाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत सोमवार को होने वाले सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के मतदान की तैयारियों का जायजा लेने के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने रविवार को मामचारी, अतैवा, राजौर एवं कैलादेवी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अक्षय गोदारा तथा पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए की गई मूलभूत व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, पर्याप्त प्रकाश, शौचालय, साफ-सफाई, छाया तथा दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए रैम्प एवं व्हीलचेयर की उपलब्धता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान के



दिन किसी भी मतदाता को अनावश्यक असुविधा न हो और विशेष आवश्यकता वाले मतदाताओं के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार रखा जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने मतदान केन्द्रों पर की गई प्रशासनिक व्यवस्थाओं, मतदान दलों की रवानगी, सामग्री वितरण और सेक्टर अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर तैनात किए गए पुलिस जाब्ते, सुरक्षा घेरे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयार किए गए सुरक्षा प्लान से अवगत कराया। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर प्रवेश और निकास मार्गों को सुगम बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने जिले में संचालित स्वीप (रश्एएढ) गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इन मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामस्वरूप जिले के मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) राकेश कुमार रावत, एडीपीआर धर्मेंद्र कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी, निर्वाचन कार्मिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

सोनिया-गहलोत पर दिलावर के तीखे हमले

जोधपुर। प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं जोधपुर के जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने अपनी पुस्तक में बाबरी ढांचे का उल्लेख किया है, लेकिन वर्ष 1990 में कश्मीर में हिंदुओं की हत्याओं और 1984 के सिख विरोधी दंगों पर उन्होंने संवेदना व्यक्त नहीं की। उन्होंने कांग्रेस पर देश को बदनाम करने और आतंकवादियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। अशोक गहलोत पर निशाना



साधते हुए दिलावर ने कहा कि उन्हें यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार कहां-कहां हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन का पैसा कांग्रेस सरकार में खर्च होने के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान कई मंत्री जेल गए और गहलोत को इन मामलों पर जवाब देना चाहिए। जोधपुर में पेयजल संकट पर दिलावर ने कहा कि कम वर्षा के कारण यह स्थिति बनी है और सरकार समाधान के लिए प्रयास कर रही है। पश्चिमी राजस्थान में सूखे की आशंका पर उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पहले ही विशेष पैकेज जारी कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर उन्होंने कहा कि संघ समाज में समरसता और संगठन की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।

राहुल गांधी के लोकतंत्र वाले बयान पर भाजपा ने पलटवार किया

नई दिल्ली। हैदराबाद में आयोजित भारत समिट में राहुल गांधी के भारत में लोकतंत्र को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा ने कड़ा विरोध जताया है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशी ताकतों और जॉर्ज सोरोस से जुड़े लोगों के समर्थन से मोदी सरकार को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने समिट में कहा था कि भारत अब वास्तव में लोकतांत्रिक देश नहीं रह गया है और विपक्ष मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाएगा। इस बयान पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी विदेशी प्रतिनिधियों के सामने भारत की छवि खराब कर रहे हैं।

भाजपा ने लोकतंत्र पर कांग्रेस को घेरा : प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र में विदेशी दखल चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। वहीं, तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने राहुल गांधी से देश से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आपातकाल लगाया गया था और कई बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया गया।

विदेशी प्रतिनिधि के बयान पर भी आपत्ति : रामचंदर राव ने भारत समिट में एक विदेशी प्रतिनिधि की चुनावी टिप्पणी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी दूसरे देश के व्यक्ति को भारत की आंतरिक राजनीति पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि समिट में शामिल कुछ लोगों के संबंध विदेशी संगठनों से हैं, हालांकि ये आरोप भाजपा नेताओं के दावे हैं।

गोधरा कांड पर फिर छिड़ी बहस, एसआईटी प्रमुख राकेश अस्थाना ने सोनिया के दावे को नकारा

जांच पूरी हो चुकी, अदालतों में दोष साबित हुआ; मोदी सरकार के दबाव के आरोपों को भी किया खारिज

नई दिल्ली।

2002 के साबरमती एक्सप्रेस अग्निकांड को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और कानूनी बहस तेज हो गई है। गुजरात पुलिस एसआईटी के पूर्व प्रमुख राकेश अस्थाना ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की आत्मकथा में घटना के कारण को 'विवादित' बताए जाने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, अदालतों में दोष साबित हुए हैं और यह आग जानबूझकर ज्वलनशील पदार्थ से लगाई गई थी।

अस्थाना बोले- केवल एस-6 डिब्बे को बनाया गया था निशाना : एक साक्षात्कार में अस्थाना ने कहा कि साबरमती ट्रेन के एस-6 कोच में आग लगाई गई थी। उनके अनुसार जांच में सामने आया कि यह कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि सुनियोजित तरीके से की गई आगजनी थी। उन्होंने बताया कि घटना में 59 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में गोधरा कांड के कारण को विवादित



बताया है। उन्होंने लिखा कि घटना के बाद गुजरात के कई हिस्सों में हिंसा फैली, जिसमें बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग प्रभावित हुए।

दंगों की जांच और मोदी पर लगे आरोपों पर जवाब : तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पर दबाव या हस्तक्षेप के सवाल पर अस्थाना ने कहा कि जांच के दौरान उन्हें किसी तरह की दखलंदाजी या सांठगांठ नहीं मिली। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारियों ने जो तथ्य सामने आए, उसी के आधार पर कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बंद किए गए दंगा मामलों की दोबारा जांच हुई। इसके बाद कई लोगों की गिरफ्तारी हुई और आरोपपत्र दाखिल किए गए।

अदालतों में साजिश साबित होने का दावा

27 फरवरी 2002 को गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में आग लगने से अयोध्या से लौट रहे 59 कारसेवकों की मौत हुई थी। इसके बाद गुजरात में व्यापक दंगे भड़के, जिनमें एक हजार से अधिक लोगों की जान गई। गोधरा मामले में विशेष अदालत ने 2011 में 31 लोगों को दोषी ठहराया था, जबकि 63 आरोपियों को बरी किया गया था। गुजरात हाईकोर्ट ने बाद में 11 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। हालांकि, घटना के कारणों को लेकर अलग-अलग जांच और विश्लेषणों में मतभेद रहे हैं। इसी वजह से सोनिया गांधी के 'विवादित' शब्द और राकेश अस्थाना के दावे के बाद यह मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है।

टिप्पर की टक्कर से मौत

नडाला। नडाला-सुभानपुर रोड पर शर्मा पेट्रोल पंप के सामने मिट्टी से लदे टिप्पर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर घायल हो गया। हादसे में गांव हैबतपुर निवासी राजिंदर सिंह (25) की मौके पर ही मौत हुई। घायल राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नदी में तीन युवक डूबे

अनकापल्ली। आंध्र प्रदेश में अनकापल्ली जिले के एस. रायवरम मंडल के पेनुगोलु गांव में तीन युवकों की वराह नदी में डूब जाने से मौत हो गयी। तीनों युवकों के शव रविवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। घटना तब हुई जब शनिवार रात छह युवकों का एक समूह नहाने के लिए नदी में उतरा था।

न्यूज इन ब्रीफ

सरपंच पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में, आज होगा मतदान

सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। ग्राम पंचायत तलवाड़ा झील में सरपंच पद के चुनाव को लेकर रिटर्निंग अधिकारी ने प्ररूप-5 के तहत विधि मान्य नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार पंचायत में 16 नवंबर 2026 को मतदान होगा। सरपंच पद के लिए कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिन्हें चुनाव चिह्न आवंटित किए जा चुके हैं। जारी सूची के अनुसार क्रम संख्या एक पर वार्ड नंबर 15 निवासी अमनदीप सिंह, क्रम संख्या दो पर वार्ड नंबर 5 निवासी छबेग सिंह, क्रम संख्या तीन पर वार्ड नंबर 2 निवासी भगवन्त सिंह, क्रम संख्या चार पर वार्ड नंबर 18 निवासी लखमान सिंह तथा क्रम संख्या पांच पर वार्ड नंबर 3 निवासी शैलेन्द्र चुनाव मैदान में हैं। मतदान को लेकर तलवाड़ा थाना के एसएचओ राजपाल सिंह ने मतदान केंद्र के आसपास 200 मीटर के दायरे में आने वाले रास्तों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि इस दायरे में किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। वहीं, 200 मीटर के दायरे में आने वाले सभी दुकानदारों को दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कल मनाई जाएगी गोपाष्टमी

सीमा सन्देश # रावतसर। श्री कृष्ण को सेवा समिति वार्ड नंबर 19 ढाब के पास रावतसर में 17 नवंबर को गोपाष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा । तहसील अध्यक्ष समुंदर सिंह स्वामी ने बताया कि 9:15 बजे हवन और गो पूजन किया जाएगा ।

पुण्यतिथि पर भजन संध्या आयोजित

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सर्वोदय भवन स्थित वीर हनुमान मंदिर में रविवार को स्वर्गीय विद्यासागर जोशी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। भजन संध्या में महावीर प्रसाद आचार्य, भूपेन्द्र कौशिक, मुरलीधर हरवानी एवं दीपेंद्रकांत जोशी ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

आदिवासी मीणा समाज ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। आदिवासी मीणा समाज की ओर से रविवार को सिविल लाइन स्थित सामुदायिक भवन में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। इस दौरान समाजजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिठाई बांटी। जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने साहस, संघर्ष और त्याग से देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने तथा जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाजजनों से उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भीवाराम मीणा, गोवर्धन मीणा, पप्पूराम मीणा, रमेश मीणा सहित समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

हनुमानगढ़ : बाल दिवस पर पहला बड़ा आयोजन कर पेश की मिसाल, बच्चों ने उत्साह से किया भाग

प्रेरणादायक; 14-15 साल की उम्र में 3 युवाओं ने खड़ी की 'स्पेरो क्लब' की नींव

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिस उम्र में बच्चे अपनी पढ़ाई और खेलकूद तक सीमित रहते हैं, उस उम्र में हनुमानगढ़ के तीन किशोरों ने कुछ अलग करने की सोच के साथ एक नई पहल की है। महज 14 से 15 वर्ष की उम्र में हृदय अग्रवाल, नदीश गोयल और पार्थ गर्ग ने मिलकर 'स्पेरो क्लब' की स्थापना की और बाल दिवस के अवसर पर अपने क्लब का पहला ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026 आयोजित कर शहर के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। तीनों युवाओं की इस पहल का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज में नई ऊर्जा का संचार करना है।



अंडर-11 व अंडर-14 के परिणाम

प्रतियोगिता में अंडर-11 एवं अंडर-14 वर्ग के मुकाबलों के परिणाम आज घोषित किए जाएंगे, जबकि अंडर-17 वर्ग का परिणाम कल आएगा। स्पेरो क्लब की यह पहली पहल ही शहर के बच्चों के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है। तीनों किशोरों ने साबित किया है कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उम्र नहीं, बल्कि अच्छी सोच, संकल्प और मेहनत जरूरी है।

125 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

स्पेरो क्लब की ओर से आयोजित यह प्रतियोगिता एक्सपर्ट स्पोर्ट्स में हुई। इसमें करीब 125 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 13 कैटेगरी रखी गई हैं। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कुल 37 हजार रुपए के नकद पुरस्कार व अन्य उपहार वितरित किए जाएंगे। इतनी कम उम्र में आयोजन की जिम्मेदारी उठाना और खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थित प्रतियोगिता आयोजित करना तीनों किशोरों की खेलों के प्रति रुचि, मेहनत और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद उपसभापति सोनू बंसल, सशक्त नारी संस्था अध्यक्ष एडवोकेट मिताली अग्रवाल, पार्षद सरबनजीत कौर, पार्षद गुरदीप बराड़, रचना गोयल एवं अक्षय गोयल ने शिरकत की। अतिथियों ने स्पेरो क्लब के संस्थापक नदीश गोयल, हृदय अग्रवाल और पार्थ गर्ग के प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की।

चार दिवसीय आयोजन में होंगे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

छठ महोत्सव का शुभारंभ, श्रद्धा व भक्ति से सराबोर हुआ हनुमानगढ़

विधायक बंसल, अमित चौधरी, सभापति, उपसभापति रहे मौजूद

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री सार्वजनिक छठ महोत्सव प्रबंध समिति की ओर से आयोजित 36वें श्री सार्वजनिक छठ महोत्सव का सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। नई खुंजा चुंगी नंबर 11 स्थित आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचीं महिलाओं ने सूर्य देव की उपासना कर अर्घ्य अर्पित किया तथा छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। छठ गीतों की गूंज और दीपों की रोशनी से पूरा आयोजन स्थल भक्तिमय नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक गणेशराज बंसल, भाजपा नेता अमित चौधरी, नगर परिषद सभापति मंजू रणवा, उपसभापति सोनू बंसल, पूर्व सभापति सुमित रणवा एवं उद्योगपति शिवरतन खड़गावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक गणेशराज बंसल ने कहा कि छठ महोत्सव भारतीय संस्कृति का अद्भुत पर्व है। यह सूर्य उपासना के साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है। पर्व स्वच्छता, संयम और सामाजिक एकता का संदेश देता है। पूर्वांचलवासी जिस समर्पण के साथ वर्षों से इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं, वह सराहनीय है। पूर्व सभापति मंजू सुमित रणवा एवं भाजपा नेता अमित चौधरी ने भी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ पर्व आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।



36 वर्षों से आयोजन जारी

आयोजन समिति संरक्षक विजय सिंह चौहान एवं अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि पूर्वांचलवासी समाज की ओर से हनुमानगढ़ में पिछले 36 वर्षों से निरंतर छठ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सर्व समाज का भरपूर सहयोग मिलता है। इसी सामूहिक सहभागिता के चलते यह आयोजन शहर में लोक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रमुख केंद्र बन चुका है। चार दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भजन संध्या एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। फूलों की सजावट और सैकड़ों दीपों की रोशनी से छठ घाट की छटा देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा एवं चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पुलिस विभाग की ओर से भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

चोहिलांवाली, मैनावाली, नोरंगदेसर व मटोरियांवाली ढाणी के बूथों का किया निरीक्षण

मतदान केन्द्रों पर पहुंचे एसपी, लिया जायजा



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत जारी मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने शनिवार को हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चोहिलांवाली, मैनावाली, नोरंगदेसर एवं मटोरियांवाली ढाणी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मतदान केन्द्रों पर तैनात पुलिस जाप्ते एवं चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों से सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना सुनिश्चित करवाने तथा मतदान के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा

एसपी ने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाना पुलिस की प्राथमिकता है। इस दौरान हनुमानगढ़ टाउन थाना प्रभारी लखवीर सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

आज होगा सरपंच पद के लिए मतदान

सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए आज मतदान होगा। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सरपंच पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले सात प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से दो ने नाम वापस ले लिया। रिटर्निंग अधिकारी चिरंजीलाल पारीक ने बताया कि पंचायत के सातों वार्डों में वार्ड पंच के लिए भी मतदान होगा। राजकीय माध्यमिक विद्यालय में तीन बूथ बनाए गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। मतदान केंद्र पर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है।

कार्यशाला; शिक्षकों को सिखाए प्रभावी संवाद, सकारात्मक व्यवहार के गुर

विशेष कार्यशाला में शिक्षण कौशल विकास पर जोर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाइम्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को शिक्षकों के व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत विकास और शिक्षण दक्षता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एजुकेटर डेवलपमेंट, व्यवहार परिवर्तन, नेतृत्व क्षमता एवं व्यावसायिक प्रभावशीलता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षक दीपक बिस्सा एवं उनके साथ पहुंचे विवेकानंद ओझा ने शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रभावी संवाद एवं पारस्परिक कौशल, सकारात्मक व्यवहार एवं व्यावसायिक आचरण, प्रेरणा एवं आत्म-विकास, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं संबंध प्रबंधन, व्यक्तिगत उत्कृष्टता तथा सकारात्मक एवं सहभागितापूर्ण शिक्षण वातावरण के निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को अपने संवाद कौशल में सुधार करने, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, भावनात्मक संतुलन बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के साथ संवेदनशील एवं प्रभावी संबंध स्थापित करने के महत्वपूर्ण तरीके बताए।



शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने पर रहा फोकस

कार्यशाला में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक एवं सहयोगात्मक वातावरण तैयार करें। शिक्षकों को आनंदमय और सकारात्मक शिक्षण व्यवस्था विकसित करने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी दिए गए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सागरमल लड्ढा एवं सचिव गोपाल लड्ढा ने कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण और कौशल विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षकों दीपक बिस्सा एवं विवेकानंद ओझा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं कार्यक्षमता में वृद्धि करने के साथ विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होते हैं। प्राचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का निरंतर व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत विकास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार है।

प्रतिभाओं ने दिखाई रचनात्मकता

पोस्टर मेकिंग से लेकर कविता व भाषण प्रति. में विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पुलकित कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन में शनिवार को बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंद्रा गुरनानी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पूजन के साथ किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेना भी बेहद जरूरी है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है और उनमें आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

आज सरपंच एवं वार्ड पंच चुनाव

सीमा संदेश# संगरिया। पंचायत समिति की 27 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। 16 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सरपंच पद पर कुल 129 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चुनाव में 27 सरपंच एवं 301 वार्ड पंचों का निर्वाचन होना है। पंचायत समिति रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि रविवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान सरपंच पद के लिए 129 उम्मीदवार मैदान में रह गए। सरपंच पद के लिए सर्वाधिक 9 उम्मीदवार दीनगढ़ ग्राम पंचायत में हैं। 16 नवंबर को सभी 27 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान होगा। मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान के पश्चात मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

वेतन विसंगति व बकाया भुगतान तक की मांगें रखीं, समाधान नहीं होने पर होगा आंदोलन

लंबित मांगों को लेकर शिक्षा निदेशालय में उठाई आवाज

सीमा सन्देश # बरवाली। संविदा कार्मिकों एवं नियमित शिक्षकों की लंबे समय से लंबित न्यायोचित मांगों के निराकरण को लेकर अखिल भारतीय प्रारम्भिक शिक्षक महासंघ (आयफेटो) के राजस्थान इकाई के शिष्टमंडल ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राममूर्ति स्वामी के नेतृत्व में बीकानेर स्थित प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्टाफ ऑफिसर डॉ. अशोक शर्मा से वार्ता की। इस दौरान महासंघ की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। महासंघ ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला कहे जाने वाले शिक्षकों में सेवा अस्थिरता और लंबे समय से लंबित समस्याओं के कारण असंतोष व्याप्त है। गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के लिए शिक्षकों को सम्मानजनक सेवा शर्तें और सेवा सुरक्षा मिलना आवश्यक है।

ज्ञापन में उठाई प्रमुख मांगें

महासंघ ने राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के तहत पात्र संविदा कार्मिकों की स्क्रीनिंग एवं नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर सेवा सुरक्षा देने, पूर्व नियुक्त शिक्षकों के अर्जित सेवा अधिकारों की रक्षा करते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को भूतलक्षी प्रभाव से लागू नहीं करने की मांग की। इसके अलावा तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पिछले पांच वर्षों से न्यायिक वादों में उलझी पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने, दिव्यांग कार्मिकों की रिव्यू डीपीसी तत्काल करवाने तथा वर्ष 2004 और 2006 की भर्ती के कार्मिकों एवं प्रबोधकों की 30 जून 2013 के संशोधित मूल वेतन 12,900 रुपए से जुड़ी वेतन विसंगति दूर कर वरिष्ठ कार्मिकों को राहत देने की मांग रखी गई।



समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

महासंघ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि शिक्षा विभाग शिक्षकों के मनोबल एवं विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करेगा तथा आवश्यक प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजेगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए बाध्य होगा। शिष्टमंडल में राममूर्ति स्वामी, रामकुमार माहिया, महावीर दहिया, वरिष्ठ प्रबोधक बंशीलाल राठौड़, बृज प्रकाश बाजवा, पूर्णराम एवं विकास कुमार शामिल रहे।

गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग

ज्ञापन में आबूरोड (सिरोही) ब्लॉक में पिछले दो सत्रों से बंद संस्था प्रधानों की वाक्पीठ संगोष्ठी नियमित करवाने, कंपोजिट ग्रांट की वापस ली गई 25 प्रतिशत प्रथम किस्त एसएनए स्पर्श पोर्टल के माध्यम से जारी करने तथा पीएम पोषण योजना के तहत पिछले छह माह से बकाया कुकिंग कन्वर्जन राशि का अविलंब भुगतान करने की मांग भी शामिल रही। महासंघ ने सातवें वेतन आयोग का विकल्प पत्र शीघ्र खोलने, पूर्व में समायोजित अधिशेष कार्मिकों एवं दोहरे पदस्थापन वाले कार्मिकों का पुनः समायोजन करने, स्टाफिंग पैटर्न लागू करने तथा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग उठाई। साथ ही महात्मा गांधी विद्यालयों के शिक्षकों को बीएलओ नियुक्त नहीं करने संबंधी जारी सर्कुलर की कड़ाई से पालना करवाने पर जोर दिया।

विधायक का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया, जनसुनवाई कर समस्याओं का किया समाधान

भादरा में पहली बार भाजपा का बोर्ड बना, रचा इतिहास : गोयल

सीमा सन्देश # भादरा। शनिवार को स्थानीय विधायक संजीव बेनीवाल का जन्मदिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में विशेष जनसुनवाई एवं अभाव-अभियोग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने कहा कि विधायक संजीव बेनीवाल ने भादरा विधानसभा क्षेत्र में पहली बार कमल का फूल खिलाकर भाजपा को नई राजनीतिक पहचान दिलाई। वहीं वर्ष 2026 के नगर निकाय चुनाव में भी पहली बार भाजपा का बोर्ड गठित करवाकर एक नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि बेनीवाल के नेतृत्व एवं प्रयासों से क्षेत्र में विकास और संगठन को मजबूती मिली है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल, उपाध्यक्ष नंदलाल सैनी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष व पार्षद हरिप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने विधायक का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विधायक संजीव बेनीवाल ने कहा कि जनप्रतिनिधि का जीवन सार्वजनिक जीवन होता है और सार्वजनिक जीवन में शुचिता बनाए रखते हुए जनता को जनार्दन मानकर कार्य करना ही प्रत्येक जनप्रतिनिधि का प्रमुख ध्येय होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि अपने 30 वर्षों के राजनीतिक जीवन में उनका सदैव प्रयास रहा है कि सभी को साथ लेकर निष्पक्ष भाव से क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान में पूरी ईमानदारी से सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि राजनीति की अपनी सीमाएं होती हैं, लेकिन सभी का सम्मान करना ही एक परिपक्व राजनेता की पहचान है। विधायक ने जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देने पहुंचे नागरिकों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया ।

कोहला नहर पर छठ महापर्व की रही धूम, छठ गीतों और जयकारों से गूंजे घाट, जागरण, भजन संध्या और आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

डूबते सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य, अब उदयीमान सूर्य का इंतजार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। लोक आस्था का महापर्व छठ रविवार को हनुमानगढ़ में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। हनुमानगढ़ टाउन स्थित कोहला नहर पर बनाए गए छठ घाट पर व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पारंपरिक छठ गीतों और जय छठी मइया के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री मिथिला सेवा समिति राजस्थान ट्रस्ट की ओर से आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री डॉ. रामप्रताप ने फीता काटकर किया। विधायक गणेशराज बंसल, सभापति मंजू रणवा सहित अन्य अतिथियों ने पूजा-अर्चना की। शाम को घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाएं डाला, सूप और पूजा सामग्री लेकर पहुंचीं तथा जल में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। समिति की ओर से रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी, विशाल जागरण और आकर्षक झांकियों का आयोजन किया गया। भजन मंडलियों ने छठी मइया के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। ट्रस्ट अध्यक्ष बलदेव दास ने बताया कि छठ पर्व अब पूर्वांचल और बिहार के साथ पूरे देश में उत्साह से मनाया जा रहा है। सोमवार सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



छठ पूजा महोत्सव ; सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर की मंगलकामना

संगरिया। वार्ड संख्या 33 स्थित नहर पर छठ पूजा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्यदेव एवं छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व पार्षद एडवोकेट सुखराज सिंह सलवारा ने छठी मैया को नमन किया तथा भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। सुखराज सिंह सलवारा ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान लगभग 72 घंटे तक चलने वाले व्रत-अनुष्ठान में श्रद्धालुओं, विशेषकर व्रती महिलाओं द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, संयम, त्याग और अटूट आस्था वास्तव में वंदनीय है। उन्होंने कहा इतनी कठिन साधना के बावजूद श्रद्धालुओं के चेहरों पर दिखाई देने वाला विश्वास और भक्ति का भाव हमारी महान भारतीय संस्कृति की अद्भुत पहचान है। सलवारा ने कहा कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि



प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, पारिवारिक एकता, त्याग, अनुशासन और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम में राजू सहारण, बृजभूषण, राजेन्द्र सहारण, प्रदीप सहारण , भीमराव, लालु दास, संजय स्वामी, संतोष मुखिया, संतोष सहितआयोजन समिति के सभी सदस्य वार्डवासी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।
छठी मैया के जयकारों एवं सूर्य उपासना के साथ नहर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। आरटीपी नहर के पास छठ घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया

छठ पूजा में शामिल हुए सैकड़ों लोग



सीमा सन्देश# रावतसर। रामलीला मैदान में चल रही छठ पूजा कि नगर पालिका अध्यक्ष नीलम हरवीर साहरण व उप चेयरमैन गुरजीत सिंह ने शुभकामनाएं दी। रामलीला मैदान में सेंकड़ों कि संख्या में लोग उपस्थित हुए। धीरेन्द्र , राजीव,उदय छठ पूजा सेवा समिति रावतसर ने बताया कि लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा की नगर पालिका अध्यक्ष सारण व बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने सभी इलाकानिवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि छठ पूजा भारतीय प्राचीन लोक परंपराओं और सूर्य उपासना का एक अनुपम महापर्व है। यह पर्व मुख्य रूप से सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है । जो जीवन स्वास्थ्य संतान सुख समृद्धि का आशीर्वाद देने वाली मानी जाती है । चार दिवसीय छठ महापर्व के पहले दिन व्रती स्नान ध्यानकर शुद्ध और सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं । घर की और आसपास की पूरी साफ सफाई की जाती है। दूसरे दिन वृत्ति पूरे दिन निर्जल उपवास रखते हैं शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। इसे ग्रहण करने के बाद उनके लगभग 36 घंटे का कठिन निर्जल व्रत शुरू होता है। तीसरे दिन नदी तालाब या घाट पर जाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है ।चौथे दिन सुबह-सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर इस कठिन व्रत का समापन किया जाता है । इसके बाद व्रती अन्न जल ग्रहण करते हैं । रामलीला मैदान में रावतसर व ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में छठ पूजा के अनुसार पर पहुंचे।

छठ घाट पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया छठ महोत्सव



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री छठ पूजा समिति सुरेशिया की ओर से आयोजित छठ पूजा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में शुरू हुआ। सुरेशिया छठ घाट पर शुबह से ही श्रद्धालु परिवारों का तांता लगा रहा। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं हाथों में सुपली, फल और दीप लेकर छठी मैया की आराधना करती नजर आईं। घाट पर गूंजते छठ गीतों और भक्तिमय माहौल ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। महोत्सव का शुभारंभ सभापति मंजू सुमित रणवा, उपसभापति सोनू बंसल, पार्षद अंजू चौधरी, पूर्व सभापति सुमित रणवा और पूर्व पार्षद राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

किया स्वागत

समिति पदाधिकारियों ने अतिथियों का माला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। सभापति मंजू सुमित रणवा ने कहा कि छठ महोत्सव लोक आस्था का अद्वितीय पर्व है, जो सूर्य देव की उपासना के साथ प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। यह पर्व समाज में एकता, अनुशासन और पवित्रता की भावना को मजबूत करता है। उपसभापति सोनू बंसल ने कहा कि छठ पर्व देश की सांस्कृतिक धरोहर है, जो जन-जन को जोड़ने का काम करता है। इस आयोजन में पूर्वांचलवासी समाज की परंपरा और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, दंडवत करते हुए पहुंचे व्रती

ढोल-नगाड़ों के साथ छठ घाट पहुंचे पूर्वांचलवासी, सूर्य को दिया अर्घ्य



सीमा सन्देश # नोहर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर रविवार को नोहर में पूर्वांचल समाज के लोगों ने पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शहर के रामलीला बाड़ी मैदान एवं सरदारपुरा बास स्थित छठ घाट पर दिनभर धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर छठी मैया की पूजा-अर्चना की। छठ पूजा को लेकर सुबह से ही पूर्वांचल समाज के परिवारों में उत्साह नजर आया। दोपहर बाद से व्रती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में पूजा सामग्री से सजे सूप और दउरा लेकर घाटों की ओर रवाना होने लगे। कई श्रद्धालु दंडवत करते हुए घाटों तक पहुंचे। वहीं ढोल-नगाड़ों की धुन और छठी मैया के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। घाटों पर पहुंचकर व्रतियों ने फल, फूल, गन्ना और पारंपरिक प्रसाद से सूर्यदेव की पूजा की। इसके बाद जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना की। छठी मैया के पारंपरिक गीतों से घाटों का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

वार्ड 50 में छठ महोत्सव का शुभारंभ



हनुमानगढ़। जंक्शन के वार्ड नंबर 50 स्थित छठ घाट पर भव्य छठ महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ हुआ। महोत्सव का विधिवत उद्घाटन पीसीसी सदस्य भूपेंद्र चौधरी, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अश्वनी पारीक, पार्षद लखविंदर सिंह, महेंद्र चतुर्वेदी, यशवंत कड़वा और सचिन कौशिक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं वार्डवासियों ने अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में छठ पूजा को लेकर उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान, अनुशासन, स्वच्छता और समर्पण का संदेश देता है। सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना कर श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।

खेलों से युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत हनुमानगढ़ की ओर से जिला युवा अधिकारी प्रीति के निर्देशन में पल्लू के एमडी कॉलेज में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। प्रतियोगिता में माय भारत टीम के सदस्यों, तेजस एकेडमी पल्लू एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तस्तरी फेंक और दौड़ सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इनमें विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कॉलेज संरक्षक श्रवण खालिया ने कहा कि विकसित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए युवा पीढ़ी का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है।

उत्तरी हवा के साथ आया धुंआ

चारणवासी। हरियाणा की तरफ से उत्तरी तेज हवा के साथ आए धुएं के गुब्बार के कारण रविवार शाम चार बजे ही क्षेत्र में अंधेरा छा गया और पांच बजे दिन में ही रात जैसा माहौल बन गया, जिससे वाहन चालकों को सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें जलाकर चलना पड़ा। हवा के साथ आए इस धुएं से वातावरण पूरी तरह धुंधला हो गया तथा लोगों की आंखों में तेज जलन और एलर्जी व संक्रमण के मरीजों, विशेषकर बुजुर्गों तथा बच्चों की परेशानी गंभीर रूप से बढ़ गई। हालात यह हो गए कि साढ़े पांच बजे तक लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत दो सत्रों में हुआ विशेष व्याख्यान

जनजातीय संस्कृति व भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों से रूबरू हुए विद्यार्थी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' के अंतर्गत दो सत्रों में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के ज्ञानवर्धक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ देश के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता अनमोल शर्मा ने जनजातीय समाज की समृद्ध विरासत, विशिष्ट संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं और मजबूत सामाजिक संगठन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदाय ने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी अनूठी लोक-परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक एकता को संरक्षित रखा है। जनजातीय समाज की यह जीवनशैली और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता वर्तमान समाज के लिए भी प्रेरणादायक है।



योगदान पर रखे विचार

द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता ममता ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और ऐतिहासिक योगदान पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के प्रारंभिक जीवन, ब्रिटिश हुकूमत के अन्याय के विरुद्ध उनके संघर्ष तथा उनके नेतृत्व में हुए उलगुलान (महाविद्रोह) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के साहस, आदर्शों और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नोहर : स्व. ओमप्रकाश पांडिया की स्मृति में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर शुरू

स्मृति को सेवा का संकल्प बनाया, 100 जरूरतमंदों की आंखों में लौटेगी रोशनी

सीमा सन्देश # नोहर। जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी लौटाने के उद्देश्य से श्री प्रमोद कुमार पांडिया स्मृति संस्थान की ओर से रविवार को सिटी आई सेंटर एंड हॉस्पिटल, श्रीराम वाटिका के पास 100 मरीजों के निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर स्व. ओमप्रकाश पांडिया की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। खास बात यह है कि चयनित सभी 100 मरीजों के ऑपरेशन का संपूर्ण खर्च संस्थान की ओर से वहन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। पंडित बजरंग शास्त्री ने वैदिक रीति से पूजा संपन्न करवाई। इसके बाद उपस्थितजनों ने स्व. ओमप्रकाश पांडिया के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुरेश कुमार पांडिया, किशनलाल पारीक, चौथमल पारीक, किशोरीलाल पारीक, विशाल पारीक, विनोद पारीक, पुष्कर पारीक, बजरंग खटोतिया सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।



एक स्मृति, 100 परिवारों के जीवन में नई रोशनी

स्व. ओमप्रकाश पांडिया की स्मृति में आयोजित यह शिविर सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल बन रहा है। संस्थान की इस पहल से 100 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। किसी की आंखों में लौटती रोशनी और किसी परिवार के चेहरे पर खिलती मुस्कान ही इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी सफलता होगी। शिविर में कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी जरूरतमंद रोगी पहुंचे।

संस्था के अध्यक्ष सुरेश पांडीयि ने बताया कि आर्थिक अभाव अब इलाज में बाधा नहीं बनेगा। शिविर में सिटी आई केयर सेंटर की चिकित्सा टीम ने मरीजों की आंखों की जांच कर ऑपरेशन के लिए चयन किया। अस्पताल प्रबंधक आनंद सैनी एवं स्टाफ ने व्यवस्थाएं संभालीं। चयनित मरीजों के ऑपरेशन ख्यातनाम नेत्र चिकित्सक डॉ. आकाश दीप गोयल द्वारा किए जाएंगे। संस्थान अध्यक्ष सुरेश पांडिया के अनुसार संस्थान समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित करता रहा है। इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर उन लोगों को बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध करवाना है, जो पैसों के अभाव में अपना इलाज नहीं करवा पाते। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद की आंखों में दोबारा रोशनी लौटाना और उसके जीवन में खुशियां लाना सबसे बड़ा मानवीय संतोष है।

सरदारशहर में 246 मरीजों की हुई मोतियाबिंद जांच, 90 ऑपरेशन के लिए चयनित

सीमा सन्देश # सरदारशहर।

लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड एवं अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्वर्गीय दीपारामजी पुत्र स्वर्गीय चेतनरामजी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का स्थानीय सौजन्य उनके पुत्र शोभारामजी कम्मा एवं समस्त कम्मा परिवार की ओर से किया गया। अर्जुन क्लब, शहरी राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय, गांधी विद्या मंदिर रोड पर आयोजित शिविर का शुभारंभ नगरपरिषद सभापति अनीता टाक, राकेश टाक एवं शोभारामजी कम्मा ने किया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लालूप्रसाद यादव एवं उनकी टीम ने शिविर में 246 मरीजों की आंखों की जांच की। इनमें



से 90 मरीजों को ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। चयनित सभी मरीजों को निःशुल्क उपचार के लिए बस के माध्यम से जयपुर ले जाया गया। वहीं अक्टूबर माह में आयोजित शिविर के दौरान ऑपरेशन करवाने वाले 57 मरीजों को चश्मे वितरित किए गए। शिविर में 189 मरीजों की बीपी एवं शुगर की जांच भी की गई। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब अध्यक्ष लायन किशोर भारद्वाज, सचिव लायन सुशील भोजक, अनिल गोयल, महेंद्र कम्मा, हाजी उमरदीन, आसकरण सोनी, मुबारक तुगलक, महेंद्र निर्वाण, रोहताश जाखड़, देवचंद सोनी, सुभाष जांगिड़, घनश्याम बोचीवाल, सागर झेडू, डॉ. पूनमचंद भाटी, प्रभुदत्त भोजक, विपिन गोयल, कैलाश भाटी, नवीन कम्मा, अंकित, चंद्रपाल, धर्मपाल, राजकुमार कम्मा, पार्षद दीपक बैद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पारीक, फुसाराम स्वामी, गंगाराम सुथार, सुमन कंवर, कंचन कंवर, पवन पारीक एवं अयूब सहित अनेक लोगों ने सहयोग किया।

आभूषण व नकदी ले गए चोर



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 में रात्रि के समय एक श्रमिक महिला के घर घुसे चोर चांदी के आभूषण एवं नगदी लेकर ले उड़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 13 की सरोज नामक महिला घरों में झाड़ू पौंछे का काम करती है और अपने बेटे के साथ घर में रह रही है। रात्रि को वह अपने भाई के घर गई और खाना खाकर वहीं सौ गई। सुबह जब लगभग 8:30 बजे उसका बेटा अपने घर आया तो उसने अंदर देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। इस पर उसने काम पर गई अपनी माता को फोन कर बुलाया, उसने घर आकर देखा तो पता चला कि चोर चांदी की चैन, दो अंगूठी चांदी की व पाजेब और 1500 रुपए नकद ले गए।

गोपाष्टमी पर गौशाला में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ आज



सीमा सन्देश # मांझूवास। स्थानीय महर्षि भारद्वाज गौ सेवा सदन में गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। समिति के संरक्षक मालाराम भांभू ने बताया कि गौ सेवा सदन के 21 वर्ष पूर्ण होने एवं गोपाष्टमी के उपलक्ष में अखंड श्रीरामायण पाठ एवं गोपालक एवं गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सोमवार सुबह पूजन 8.15 बजे प्रारंभ होगा एवं 9.15 बजे संगीतमय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा। सायंकालीन आरती 7.15 बजे एवं रात्रि भजन संध्या भी होगी। मंगलवार सुबह 9.15 बजे हवन के पश्चात गौ पूजन एवं गौ पालकों का पूजन किया जाएगा। शिव शास्त्री अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देंगे।

समिति अध्यक्ष मुखराम ज्याणी ने बताया कि आचार्य पं मनोहर लाल वशिष्ठ, शिव कुमार शास्त्री कान्हेवाला एवं वेदप्रकाश रूंथला ढाकावाली ढाणी एवं आर्यन वशिष्ठ के सानिध्य में पूजन कार्य सम्पन्न करवाया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति विभिन्न यजमानों द्वारा पूजन करवाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में भीमसेन माटोलिया, डॉ. बलराम शर्मा, कृष्णलाल ज्याणी, सतपाल मांझू, कृष्णलाल मंगावा, मनीष सहारण, सचिव धर्मपाल सहारण आदि का सहयोग मिल रहा है।

22 को राजगढ़ आएंगी प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु राज दीदी



सीमा सन्देश # राजगढ़। सादुलपुर के सरावगी परिवार की बेटी एवं प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) का 22 नवंबर को राजगढ़ आगमन होगा। इस अवसर पर सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक अग्रसेन भवन में नारायण रेकी सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज दीदी के नाम से प्रसिद्ध राजेश्वरी मोदी प्रेरक वक्ता, रेकी ग्रैंडमास्टर एवं परामर्शदाता के रूप में देश-विदेश में पहचान रखती हैं। आध्यात्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इनमें ब्रिटिश पार्लियामेंट सम्मान, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस, नारी रत्न पुरस्कार एवं मेयर पुरस्कार प्रमुख हैं।

सवा लाख बत्तियों से जगमगाया किशन पित्तरजी धाम, महाआरती हुई

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



वार्ड नं. 6 स्थित श्री बालाजी किशन पित्तरजी धाम में शुक्ल पक्ष की छठ पर दीपावली महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। धाम की मुखिया प्रेमाबाई के सानिध्य में आयोजित महोत्सव में सवा लाख बत्तियों से महाआरती की गई। भव्य आतिशबाजी, भजन-कीर्तन दरबार व लंगर भंडारे से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। विभिन्न राज्यों से पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम में धोक लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। सालासर धाम के पुजारी पं. देवकीनंदन के सानिध्य में मंदिर के मुख्य पुजारी भक्त लेखराम सैन व पुजारी पं. प्रकाश तावणिया ने सवा लाख बत्तियों की ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत महाआरती के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रबंधक ममता चौहान, मुख्य व्यवस्थापक डॉ. विशाल छाबड़ा, थोक व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, हनुमानगढ़ निवासी पवन कुमार खदरिया, आदमपुर निवासी शुभम गोयल, दिल्ली निवासी सुरेश कुमार गोयल व बीकानेर के समाजसेवी पिंटू राठी ने भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। महोत्सव के दौरान आदमपुर निवासी शुभम गोयल परिवार ने छप्पन भोग व सवामणी, दिल्ली निवासी सुरेश कुमार गोयल ने छप्पन भोग, आदमपुर के विजय अग्रवाल की ओर से छप्पन भोग व सवामणी व हनुमानगढ़ के डबली खुर्द निवासी लालचंद ने सवामणी का भोग अर्पित किया। दिल्ली निवासी विजय कुमार, कंचन भणभैरुं, अदिति, उर्वी व ओमप्रकाश गोगलाव परिवार की ओर से फलों की सवामणी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य यजमान पवन कुमार खदरिया व थोक व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने भंडारे का भोग लगाकर ब्राह्मण भोजन करवा श्रद्धालुओं को लंगर भंडारे में प्रसाद वितरित किया।

दीपावली महोत्सव के तहत आयोजित सत्संग व कीर्तन दरबार में बीकानेर के ओम राठी, राजेंद्र आहुजा, शंकर लाल, नरपत सिंह पड़िहार व शिव ओझा सहित कलाकारों ने किशन पित्तरजी महाराज की महिमा का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुतियां दी। इसी तरह श्रीराम भजन मंडली सूरतगढ़ के हरिराम मोदी, रमेश दाधीच, मुकेश कुमार, नरपत सिंह पड़िहार व छोटू शर्मा ने संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद हनुमान चालीसा व आरती के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

धाम की मुखिया प्रेमाबाई ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए सभी के कल्याण, सुख-समृद्धि, देश की खुशहाली व आपसी भाईचारे की कामना करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

सेवानिवृत्त अधिकारी को मतदान से रोकने का आरोप, जांच की मांग



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। मोरासर खूनी के बूथ संख्या 24 पर मतदान के दौरान एक सेवानिवृत्त सहायक कृषि अधिकारी को वोट डालने से रोके जाने का मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 4 निवासी जगरूप सिंह, पुत्र सुरजीत सिंह, डायरेक्टर के चुनाव में मतदान करने पहुंचे थे। उनके पास निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) भी मौजूद था। जगरूप सिंह का आरोप है कि मतदान अधिकारी ने उनका ईपीआईसी नंबर गलत बताते हुए उन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं दी और बिना वोट डलवाए वापस लौटा दिया। उनका कहना है कि जब ईपीआईसी स्वयं निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया है तो उसे गलत कैसे माना जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि बूथ पर मौजूद सभी चुनाव एजेंटों ने भी उनके मतदान पर कोई आपत्ति नहीं जताई, इसके बावजूद उन्हें मतदान से वंचित कर दिया गया। जगरूप सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि मतदान के दौरान संबंधित अधिकारी अपनी सीट पर मौजूद नहीं थे, जिससे शिकायत दर्ज कराने में भी कठिनाई हुई। उनका कहना है कि उन्होंने पूरी सेवा अवधि सरकार के लिए कार्य किया, लेकिन आज अपने ही गांव में मतदान के अधिकार से वंचित होना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी मतदाता, विशेषकर वरिष्ठ नागरिक, को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

क्रिकेट लीग सीजन 3 का महामुकाबला डेलवा में



सीमा सन्देश # पदमपुर। मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन 3 का महा मुकाबला 18 से 20 नवंबर को गांव डेलवा में आयोजित होंगे। संभाग स्तर पर आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर विभिन्न मंडियों व ग्रामीण आंचल में समाज के प्रमुख प्रतिनिधि बड़ी संख्या में हिस्सा बनेंगे। आयोजक समिति सदस्यों ने संपर्क कर अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण पत्र दिया है। तीन दिवसीय संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर सिंधी समाज ही नही बल्कि अन्य समाज के युवाओं मे उत्साह की झलक दिखाई दे रही है। रविवार को आयोजक कमेटी द्वारा जालफा माता मंदिर धर्मशाला में विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप बैठक में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित कर दिया गया। देव भदरा, घनश्याम मीठिया एस एल बदरा, दिनेश कुमार, ललित हरवानी आदि सदस्यों ने बताया कि हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर जिले के रावला, घड़साना, अनूपगढ़, श्रीविजयनगर, रायसिंहनगर, सूरतगढ़, जैतसर, श्रीगंगानगर, श्रीकरणपर, केसरीसिंहपर अरायन, हनुमानगढ़ सहित अन्य स्थानों पर समाज के लोगों से संपर्क करने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर निमंत्रण पत्र दिये गए और बताया कि महा मुकाबले में 16 टीमे में प्रवेश लेगी।

इद्राज छींपा निर्विरोध वार्ड पंच निर्वाचित



सीमा सन्देश # सादुलशहर। चमारखेडा में पंच-सरपंच के नामांकन के बीच रविवार को वार्ड 7 से एक मात्र प्रत्याशी इंद्राज छींपा का नामांकन होने के कारण निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। इंद्राज छींपा गुप्ता हार्ट एंड जनरल केयर सेंटर में कार्यरत सीनियर नर्सिंगकर्मी राय सिंह अगरोइया के भाई हैं। इनमें डॉ. बीबी गुप्ता, एड. धर्मेंद्र शर्मा, हर्ष बंसल, प्रवेश गोयल, रवि गोयल, धर्मेंद्र भांभू, संजीव नागपाल, हिमांशु नागपाल शामिल हुए।

कृष्णा विजय गोदारा ने संभाला उमेवाला सरपंच का कार्यभार



सीमा सन्देश # उमेवाला। ग्राम पंचायत उमेवाला मे रविवार को पंचायत कार्यालय मे नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती कृष्णा विजय गोदारा ने विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी हरभजनसिंह ने पदभार ग्रहण करवाया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद सरपंच श्रीमती कृष्णा विजय गोदारा कहा कि ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी वार्ड पंचों एवं उप-सरपंच को साथ लेकर बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाने तथा ग्रामीणों से पंचायत के विकास कार्य मे सहयोग और सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर उप-सरपंच शकुंतला देवी स्वामी, ग्राम विकास अधिकारी हरभजनसिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर बंशीलाल सोलंकी, सुरक्षा गार्ड रविदास तथा के वार्ड पंच उपस्थित रहे।

पार्टी विरोधी लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी: ठोलिया

सीमा सन्देश # रायसिंहगर

कांग्रेस पार्टी एक पूर्णतः अनुशासनात्मक पार्टी है और संगठन में अनुशासनहीनता के लिए कोई जगह नहीं है।

हाल ही में संपन्न हुए पंचायत राज चुनाव 2026 में जिन भी पदाधिकारियों ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में हिस्सा लिया है या पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ भीतरघात किया है, उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठोलिया ने बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान कुछ पदाधिकारियों के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, संबंधित पदाधिकारियों की सूची और उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतें आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी (प्रदेश कार्यालय) को भिजवा दी गई हैं। ठोलिया ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने चुनाव में पार्टी के हितों को नुकसान पहुंचाने या भीतरघात करने की कोशिश की है, उनके कृत्य को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश नेतृत्व को इस पूरे मामले से अवगत करवा दिया गया है और शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार शीघ्र ही ऐसे सभी पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

देश में भाजपा विरोधी लहर चल रही : जांगिड



सीमा सन्देश # सादुलशहर। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव जगदीश चंद्र जांगिड ने यूपी के लखनऊ में मिशन 2027 के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में केंद्र सरकार एवं भाजपा विरोधी लहर चल रही है। केंद्र सरकार प्रत्येक मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। जन विरोधी निर्णय लेने के लिए भी कुख्यात हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके, सांसद प्रियंका गांधी, राहुल गांधी सहित पूरा नेतृत्व वोट चोर, गद्दी छोड आंदोलन कर रहे हैं। केंद्र सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों का विरोध कर रहे हैं। जनता जान चुकी है। अब भाजपाइयों के झूठे झांसों में आने वाली नहीं है। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठन की मजबूती एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यालय में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

पंच निर्वाचित होने पर पेंशनर बाबूलाल का सम्मान, पेंशनर्स के जीवन प्रमाण पत्र किए अपडेट

पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक सम्पन्न; 17 दिसंबर को धूमधाम से मनाएगा पेंशनर्स दिवस





सीमा सन्देश # सरदारशहर। पेंशनर्स समाज सरदारशहर की मासिक बैठक रविवार को मोहनलाल सेवदा के सानिध्य एवं अध्यक्ष देवीदत्त पारीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ मालचंद चौधरी द्वारा ईश वंदना के साथ हुआ।

बैठक में इस माह जन्मदिवस मनाने वाले पेंशनर्स नंदलाल जांगिड़, रामलाल नाई, प्रभुदत्त भोजक, विरदीचंद रैगर, गोगराज, पवन कुमार तिवारी एवं कनकुमार चौधरी का माला, दुपट्टा एवं सद्साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। नवसदस्य के रूप में जुड़े हेतराम चाहर एवं ओमप्रकाश कड़ेला का अभिनंदन किया गया। पेंशनर बाबूलाल के वार्ड पंच निर्वाचित होने पर भी उनका सम्मान किया गया।


मंत्री जगदीश प्रसाद प्रजापति ने पिछली बैठक की कार्यवाही एवं संस्था की आर्थिक स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वलाल पारीक ने जीवन प्रमाण पत्र अपडेट कराने तथा पारिवारिक पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया की जानकारी दी। जिला परिषद में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी पवन कुमार जोशी ने उपस्थित पेंशनर्स के जीवन प्रमाण पत्र अपडेट किए। बैठक में उपाध्यक्ष कमलाप्रसाद जोशी, दिलीप कुमार पारीक, नत्थमल, केशरीचंद एवं सुशील कुमार ने अपने विचार रखे। वैद्य जगदीश प्रसाद ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं तथा रसायन विज्ञान के विषय पर भी प्रकाश डाला।

प्रेमरतन भोजक, मेघराज शर्मा, चंदनमल सैनी, बालचंद सेवदा, विरदीचंद रैगर एवं भागीरथ रैली ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। नंदलाल जांगिड़ ने पेंशन भवन के लिए दीवार घड़ी भेंट की, प्रभुदत्त भोजक एवं रामलाल नाई ने अल्पाहार की व्यवस्था की।

जन्मदिवस मनाने वाले सदस्यों को उपस्थित पेंशनर्स ने आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। चम्पालाल चौहान, पूसाराम स्वामी, रामलाल नाई, गजानन भोजक एवं भागीरथ रैगर का विशेष सहयोग रहा। बैठक में सुभाषचंद्र, तेजाराम, सत्यनारायण शर्मा, महेंद्र निर्वाण, चम्पादेवी, दयानंद सोनी, कैलाशचंद्र एवं विपिन गोयल सहित 70 से अधिक पेंशनर्स उपस्थित रहे। आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस के अवसर पर दिसंबर माह की मासिक बैठक आयोजित करने तथा पेंशनर्स दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष देवीदत्त पारीक ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन मंत्री जगदीश प्रसाद प्रजापति ने किया।

शोक सन्देश

जेहा चीरी लिखिआ तेहा हुकमु कमाहि ॥ घले आवहि नानका सदे उठी जाहि ॥



सरदार जगरूप सिंह बराड़

(सुपुत्र स्व. सरदार कपूर सिंह बराड़)

का निधन 8 नवंबर 2026 वार रविवार को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए **पाठ का भोग** व **अंतिम अरदास** दिनांक 17 नवंबर 2026 वार मंगलवार को हमारे निवास स्थान **गांव शोभा सिंह वाली ढाणी में गुरुद्वारा साहब** में दोपहर 12:45 पर होगी।

शोकाकुल परिवार : सरदार कुलविंदर सिंह बराड़-पवनदीप कौर (पुत्र-पुत्रवधू), स्व. संपूर्ण सिंह बराड़, स्व. हरबंस सिंह बराड़, सरदार मेजर सिंह बराड़ (सभी भाई), हरविंदर कौर-सरदार रोशन सिंह हैयर, राजवीर कौर-स्व. सरदार राजविंदर सिंह सेखों, जिद्रपाल कौर-सरदार तेजेंद्र सिंह ढिल्लों (पुत्री-दामाद), मनजोत सिंह बराड़, तनवीर सिंह बराड़ (पौत्र) एवं समस्त बराड़ परिवार गांव शोभासिंह वाली ढाणी। **नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजें जाएंगे।**

शोक सन्देश

जेहा चीरी लिखिआ तेहा हुकमु कमाहि ॥ घले आवहि नानका सदे उठी जाहि ॥

सरदार गुरमेल सिंह सोही

सुपुत्र स्व. सरदार मलकीत सिंह सोही

निवासी 19 जीजी का निधन 9 नवंबर 2026 वार सोमवार को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए **सहजपाठ का भोग** व **अंतिम अरदास** दिनांक 18 नवंबर 2026 वार बुधवार को **पदमपुर रोड पर 5 ए गुरुद्वारा साहिब में दोपहर 12:45** पर होगी।

शोकाकुल परिवार : सरदारनी सुरेंद्र कौर (धर्मपत्नी), भूपेंद्र सिंह सोही (इंग्लैंड)-किरनजीत कौर (पुत्र- पुत्रवधू), हिम्मत सिंह सोही, भगवंत सिंह सोही, सूमित्र सिंह सोही, पुरुषोत्तम सिंह सोही (भाई) एवं समस्त सोही परिवार व सगे संबंधी एवं मित्रगण।

नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजें जाएंगे

शोक सन्देश

जेहा चीरी लिखिआ तेहा हुकमु कमाहि ॥ घले आवहि नानका सदे उठी जाहि ॥

स. मलकीत सिंह दन्दीवाल

का स्वर्गवास दिनांक 9.11.2026 को हो गया है

जिनकी आत्मिक शांति के लिए

श्री सहज पाठ का भोग

दिनांक 17.11.2026 मंगलवार को दोपहर 12:45 बजे

श्री गुरुद्वारा सिंह सभा रावला तिराहा खाजूवाला में होगा।

: शोकाकुल परिवार :

मनजीत सिंह, जगजीत सिंह, अनमोल, लखविन्द्र,

प्रगट सिंह एवं समस्त दन्दीवाल परिवार

मो. 8875735602, 9950515810

Email : advt.seemasandesh@gmail.com

CLASSIFIED

99280-38379, 95095-96000

नाम परिवर्तन

■ मैं उमेद खां पुत्र हनीफ खां निवासी कलाना तहसील भादरा ने अपना नाम अमद अली पुत्र हनीफ खां से बदलकर उमेद खां पुत्र हनीफ खां रख लिया है और भविष्य में मुझे उमेद खां पुत्र हनीफ खां निवासी कलाना तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ से जाना व पहचाना जावे।

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

ईरान के हमले के बाद बहरीन के गृह मंत्रालय ने खतरे का अलर्ट जारी किया



ईरान के हमले के बीच बहरीन के गृह मंत्रालय ने देशभर में संभावित खतरे का अलर्ट जारी किया है। मंत्रालय ने नागरिकों और वहां रहने वालों से शांत रहने, सुरक्षित स्थान पर जाने और आधिकारिक माध्यमों से खबरें देखने की अपील की है। ईरान ने अमेरिकी हमले के जवाब में बहरीन स्थित अमेरिकी ठिकाने पर 6 ड्रोन से हमला किया।

टाइप-2 डायबिटीज से अल्जाइमर का 53 प्रतिशत ज्यादा खतरा: शोध



कर्टिन यूनिवर्सिटी (ऑस्ट्रेलिया) के शोध में 40 अध्ययन और 2.71 करोड़ डाटा-पॉइंट्स की जांच में पाया गया कि टाइप-2 डायबिटीज मरीजों में अल्जाइमर का खतरा 53% अधिक होता है। हर 1,000 मरीजों में सालाना करीब 4.7 लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। नतीजे बताते हैं कि डायबिटीज मैनेज करते समय दिमागी परेशानियों को रोकने पर ध्यान देना जरूरी है।

ईरान की ट्रंप को नई चेतावनी, कहा- अब अनिश्चितता के दौर में नहीं रहेगा तेहरान



ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने अमेरिका को नई चेतावनी देते हुए कहा कि तेहरान अब 'न युद्ध, न शांति' की स्थिति में नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, हमें इस बात की परवाह नहीं है कि अमेरिका बातचीत का रास्ता चुनता है या युद्ध का...अगर वह हमारी सात शर्तें स्वीकार करता है तो समझौते का रास्ता खुला रहेगा।

बिना पायलट के उड़ा विशालकाय विमान, वीडियो हुआ वायरल



चीन के डब्ल्यू 5000 ने दुनिया के सबसे बड़े मानवरहित कार्गो विमान के रूप में फ्लाइट टेस्ट पूरा किया है। यह विमान बिना पायलट के 5,000-किलो सामान 2,600-किलोमीटर तक ले जा सकता है। एक ग्राउंड क्रू एक साथ 6-7 विमानों की निगरानी कर सकता है। दावा है कि इससे पायलट वाले कार्गो विमानों के मुकाबले 40% से अधिक लागत घटेगी।

1200 करोड़ के पार हुई 'रामायण' की कमाई, 'KGF 2' के लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ा



'रामायणः पार्ट 1' ने 10 दिनों में दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 1,200 करोड़ से अधिक की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ फिल्म ने यश की 'केजीएफः चैप्टर-2' के 1215 करोड़ के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया। फिल्म ने 'जवान' के भारत में 643.87 करोड़ के नेट कलेक्शन के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया।

ओपन एआई ने रोबोटिक्स टीम को रिसर्च विभाग में मिलाया



ओपन एआई ने अपनी रोबोटिक्स टीम को भंग कर मुख्य रिसर्च और एप्लाइड अक विभागों में शामिल कर दिया है। गौरतलब है कि कंपनी को पिछली तिमाही में $10.9 बिलियन का घाटा हुआ है और वह 2027 में आईपीओ की तैयारी कर रही है। इस विलय से सामान्य उपयोग के रोबोट विकास में तेजी की उम्मीद है।

फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा पर इटली में लगा 8400 करोड़ का जुर्माना



इटली की डाटा प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा पर करीब 8,400 करोड़ का जुर्माना लगाया है। मेटा पर आरोप है कि उसने एड्रॉयड फोन इस्तेमाल करने वाले फेसबुक यूजर्स की निजी फोटो और वीडियो उनकी परमिशन के बिना एक्सेस किए। इस मामले में इटली के करीब 2 करोड़ यूजर्स प्रभावित हुए हैं।


मस्क के स्टारशिप ने इतिहास रचा पहली बार स्पेस से लौटा रॉकेट लॉन्चिंग बेस पर कैच हुआ



केप कैनवेरल।

इलॉन मस्क की स्पेस कंपनी स्पेसएक्स के सबसे ताकतवर रॉकेट 'स्टारशिप 15' ने वो कर दिया जो आज तक किसी रॉकेट ने नहीं किया था। यह रॉकेट स्टारबेस से उड़ा, ऑर्बिट में गया, 26 स्टारलिंक श्3 सैटेलाइट डिप्लॉय किए। धरती के 14 चक्कर लगाए, करीब 22 घंटे पृथ्वी की कक्षा में रहा। 15 नवंबर को वापस आकर उसी टावर पर उतरा जहां से उड़ा था। यानी 2 बड़े रोबोटिक हाथ, जिन्हें चॉपस्टिक आर्म्स भी कहते हैं, उन्होंने इस रॉकेट को पकड़ लिया। ये एक पूरा राउंड ट्रिप है। लॉन्च से ऑर्बिट में जाना और वापस उसी लॉन्च पैड पर आना। शिप का वापस आना ही सबसे मुश्किल हिस्सा था। बूस्टर पहले 3 बार कैच हो चुका है। शिप का ऑर्बिटल स्पीड से वापस आना, री-एंट्री झेलना, पलटना और हवा में रुककर आर्म्स में आना- ये पहले कभी नहीं हुआ था। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। यह 'स्टारशिप' की 15वीं टेस्ट फ्लाइट थी। यह लॉन्च अमेरिका के टेक्सास स्थित स्टारबेस से भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह 4:15 बजे लॉन्च की गई है।

बूस्टर फेल, लेकिन मिशन नहीं रुका



स्पेसएक्स का प्लान 'डबल कैच' था। यानी बूस्टर भी वापस आए और यान भी। लेकिन बूस्टर में वापस आते वक्त टेक्निकल दिक्कत आई। कंट्रोलर ने उसे टावर से हटाकर गल्फ ऑफ मेक्सिको की तरफ डायवर्ट कर दिया, जहां वो फट गया।

गेंदबाजों का रहा दबदबा; अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए, अक्षर व ईशान ने 46-46 रन बनाए

भारतीय टीम ने 7 साल बाद न्यूजीलैंड में वनडे सीरीज जीती : 5वें मैच में 22 रन से हराया



माउंट माउंगानुई में न्यूजीलैंड को पांचवें वनडे में हराने के बाद ट्रॉफी के साथ तस्वीर खिंचवाते टीम इंडिया के खिलाड़ी।

माउंट माउंगानुई।

भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 साल बाद न्यूजीलैंड की धरती पर वनडे सीरीज 3-1 से जीत ली है। पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी और निर्णायक मुकाबले में भारत ने मेजबान टीम को 22 रनों से मात दी। इससे पहले टीम इंडिया ने साल 2019 में न्यूजीलैंड में 4-1 से वनडे सीरीज जीती थी।

अक्षर और ईशान ने संभाली भारतीय पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और महज 34 रन पर तीन शीर्ष विकेट गिर गए। रोहित शर्मा (7), विराट कोहली (5) और ऋतुराज गायकवाड़ (18) सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अक्षर पटेल ने चौथे विकेट के लिए 52 रन जोड़कर पारी को संभाला। अक्षर ने 55 गेंदों में 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 46 रन बनाए, जबकि ईशान किशन ने भी 58 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों के सहारे 46 रनों की उपयोगी पारी खेली। निचले क्रम में नमन धीर ने 22 और अर्शदीप सिंह ने 14 रन जोड़े। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब डफी और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3-3 तथा मैथ्यू फिशर ने 2 विकेट झटके, जिससे भारत 42.1 ओवर में 209 रन पर ऑलआउट हो गया।

भारतीय गेंदबाजों के आगे ढेर कीवी टीम

210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सटीक आक्रमण के आगे टिक नहीं सकी और 48.1 ओवर में 187 रन पर सिमट गई। मोहम्मद सिराज ने छठे ओवर में टिम साइफर्ट (14) को आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अर्शदीप सिंह ने विल यंग (22) और निक केली (24) को पवेलियन भेजा। कीवी टीम के लिए डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने सर्वाधिक 31, कप्तान सैंटनर ने 24 और माइकल ब्रेसवेल ने 19 रन बनाए। 49वें ओवर की पहली गेंद पर अक्षर पटेल ने ब्लेयर टिकनर (14) को आउट कर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। भारत के लिए अर्शदीप ने 3, जबकि सिराज और अक्षर ने 2-2 विकेट लिए। आकिब नबी, यश ठाकुर और नमन धीर को 1-1 सफलता मिली।

स्कोर कार्ड >>

भारतः 209/10(42.1)	रन	गेंद	4/6
रोहित कॉ डीन बो मैथ्यू	7	13	1/0
ऋतुराज कॉ टिम बो डफी	18	27	3/0
विराट कॉ टिम बो मैथ्यू	5	7	0/0
श्रेयस कॉ मैथ्यू बो ब्लेयर	22	26	3/0
अक्षर कॉ विल बो ब्रेसवेल	46	55	5/1
ईशान कॉ मैथ्यू बो डफी	46	58	3/2
नमन धीर कॉ निक बो मिचेल	22	31	2/0
आकिब नबी कॉ फिन बो मिचेल	5	9	1/0
यश ठाकुर कॉ टिम बो मिचेल	0	4	0/0
मोहम्मद सिराज नाबाद	14	20	1/1
अर्शदीप सिंह बोल्ड जेकब डफी	14	4	0/2
अतिरिक्त रन : 10			
गेंदबाज : जेकब डफी 8.1-1-60-3, मैथ्यू फिशर 7-1-28-2, क्रिस्टियन क्लार्क 2-0-13-0, ब्लेयर टिकनर 5-1-24-1, मिचेल सैंटनर 10-1-47-3, माईकल ब्रेसवेल 10-0-35-1			

न्यूजीलैंडः 187/10(48.1)	रन	गेंद	4/6
विल यंग कॉ ऋतु बो सिंह	22	42	3/0
सीफर्ट कॉ यश बो सिराज	14	21	2/0
निक केली बोल्ड अर्शदीप सिंह	24	45	2/0
डीन फॉक्सक्रॉफ्ट बोल्ड यश ठाकुर	31	42	5/0
फिन ऐलेन बोल्ड मोहम्मद सिराज	1	5	0/0
ब्रेसवेल कॉ धीर बोल्ड नबी	19	33	2/0
सैंटनर कॉ अर्शदीप बो नमन	24	31	1/2
क्रिस्टियन कॉ ईशान बो अर्शदीप	16	35	1/0
टिकनर स्टंप किशन बो अक्षर पटेल	14	20	1/0
डफी कॉट कोहली बो अक्षर पटेल	9	12	1/0
मैथ्यू फिशर नाबाद	3	6	0/0
अतिरिक्त रन : 10			
गेंदबाज : अर्शदीप सिंह 10-2-30-3, मोहम्मद सिराज 10-1-50-2, आकिब नबी 10-1-37-1, यश ठाकुर 10-0-38-1, अक्षर पटेल 6.1-0-28-2, नमन धीर 2-0-4-1			

टॉम बैंटन का तूफानी शतक

ऑस्ट्रेलिया को हरा इंग्लैंड ने बराबर की सीरीज



एडिलेड। इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए रविवार को एडिलेड ओवल में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 135 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ मेहमान टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। अब सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला 18 नवंबर को होबार्ट में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक पांच टी20 मैचों की श्रृंखला होगी।

बैंटन के शतक से इंग्लैंड का विशाल स्कोर : टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत धीमी रही और बेन डकेट (9) महज 19 के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सलामी बल्लेबाज टॉम बैंटन और जो रूट (62) ने दूसरे विकेट के लिए 137 रन जोड़कर पारी को संभाला। बैंटन ने 99 गेंदों में 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 121 रनों की तूफानी पारी खेली। निचले क्रम में जॉर्डन कॉक्स (67) और नाबाद विल जैक्स (54) ने पांचवें विकेट के लिए 70 गेंदों में 102 रन जोड़े, जिससे इंग्लैंड ने 6 विकेट पर 355 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जैवियर बार्टलेट ने 3 विकेट झटके।

जोधपुर में शुरू नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप, पूर्व नरेश ने किया शुभारंभ



जोधपुर। 47वीं सीनियर मेन्स, 45वीं जूनियर बॉयेज और 41वीं सब जूनियर बॉयेज नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप रविवार से पाबूपुरा स्थित पोलो ग्राउंड में शुरू हुई. पूर्व नरेश गजसिंह ने बॉल थ्रो करके चैंपियनशिप का शुभारंभ किया. 15 नवंबर से 17 नवंबर तक तीनों दिन अलग-अलग मुकाबले खेले जाएंगे. टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले 18 नवंबर को सुबह होंगे. पूर्व नरेश गजसिंह ने कहा कि जोधपुर साइकिल पोलो का एक तरह से घर है. एक अंतराल के बाद वापस इसकी शुरूआत हुई है. इस बार यहां 40 से ज्यादा टीमें भाग ले रही हैं. आयोजक राजेंद्र गुर्जर ने इसके लिए बहुत मेहनत की है. मुझे उम्मीद है कि जोधपुर में आगे भी लगातार मैच होते रहेंगे. हमारा पूरा सहयोग रहेगा, जिससे हमारे खिलाड़ी आगे बढ़ेंगे। विजेताओं को मिलेगा महाराजा जोधपुर कपः राज मारवाड़ खेल महोत्सव के को-फाउंडर राजेंद्र कुमार गुर्जर ने बताया कि पूर्व राज परिवार की ओर से विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा. सीनियर टीम को राष्ट्रीय महाराजा जोधपुर कप, जूनियर टीम को राष्ट्रीय युवराज जोधपुर कप और सब जूनियर टीम को राष्ट्रीय राज भंवर साइकिल पोलो कप दिया जाएगा।

प्रदर्शनी में करीब 700 साल पुराना सोने का सिक्का, मुगलकालीन मुद्राएं और ब्रिटिश शासनकाल के दुर्लभ सिक्के लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं

एक सिक्के की कीमत 7 लाख रुपए! उदयपुर में सजी दुर्लभ मुद्राओं व विरासत की प्रदर्शनी

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में इतिहास और विरासत का अनूठा खजाना देखने को मिल रहा है। शहर के 100 फीट रोड स्थित अशोका ग्रीन में शुक्रवार से तीन दिवसीय मुद्रा एवं दुर्लभ संग्रहणीय वस्तुओं की प्रदर्शनी शुरू हुई। प्रदर्शनी में करीब 700 साल पुराना सोने का सिक्का, मुगलकालीन मुद्राएं और ब्रिटिश शासनकाल के दुर्लभ सिक्के लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

1200 दुर्लभ सिक्के और 1500 साल पुरानी वस्तुएं

प्रदर्शनी के आयोजक संदीप जैन ने बताया कि गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, पंजाब और दक्षिण भारत से आए संग्रहकर्ताओं ने करीब 200 सोने और 1000 चांदी के दुर्लभ सिक्के प्रदर्शित किए हैं। यहां 100 से 1500 साल पुरानी ऐतिहासिक वस्तुएं, ब्रिटिशकालीन मेडल, प्राचीन बर्तन, पानी में तैरने वाले विशेष पत्थर और मेवाड़ सहित विभिन्न रियासतों के पुराने ताले भी रखे गए हैं।



एकलिंगनाथ की 125 साल पुरानी पेंटिंग

बादशाह शाह आलम का 7 लाख कीमत का सिक्का, मारवाड़ के सुल्तान का 700 साल पुराना स्वर्ण सिक्का आकर्षण है। शाहजहां का चांदी का रुपया, अकबर-जहांगीर के सिक्के, मैसूर के कृष्णराज की स्वर्ण मुद्रा, महारानी विक्टोरिया का चांदी का सिक्का तथा श्रीलंका, तिब्बत व थाईलैंड की प्राचीन मुद्राएं भी शामिल हैं। 150 से 200 साल पुरानी पेंटिंग्स में कैलाशपुरी स्थित श्री एकलिंगनाथ महादेव की 125 साल पुरानी पेंटिंग विशेष रूप से सराही जा रही है।

पुराने नोटों के नाम पर ठगी से सावधान रहने की अपील

इंदौर से आए संग्रहकर्ता विजेश सोनी ने पुराने नोटों और सिक्कों के बदले करोड़ों रुपए दिलाने के नाम पर हो रही ठगी से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर वाले नोट या वैष्णोदेवी के सिक्के के नाम पर रजिस्ट्रेशन व टैक्स के बहाने ठग लाखों रुपए ऐंठ लेते हैं। प्रदर्शनी में आमजन दुर्लभ वस्तुओं का इतिहास जानने के साथ उनकी खरीद-बिक्री भी कर सकते हैं।


भारत ने टेंट पेगिंग वर्ल्डकप में तीन कांस्य पदक जीते

पंचकूला (वार्ता)। जॉर्डन के अकाबा में आयोजित पांचवें आईटीपीएफ वर्ल्डकप में भारत ने तीन कांस्य पदक जीते हैं। घुड़सवारी से जुड़े इस खेल में हरियाणा पुलिस के दो जवानों ने हिस्सा लिया - एक खिलाड़ी के रूप में और दूसरे ने राष्ट्रीय कोच के तौर पर। 11 से 14 नवंबर तक चली इस चैंपियनशिप में 10 देशों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें भारत, पाकिस्तान, जॉर्डन, मिस्र, ओमान, कतर, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, सूडान और यमन शामिल थे। हरियाणा पुलिस के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने छह सदस्यीय टीम में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जबकि हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार ने राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाई।

आंद्रीवा फाइनल में

वाशिंगटन (वार्ता)। मीरा आंद्रीवा डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अब तक अजेय बनी हुई हैं। उन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला को 85 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जहां उनका मुकाबला एलिना स्वितोलिना से होगा।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

भारत की विकास यात्रा को दुनियाभर में बदनाम करने वाले राहुल गांधी के पीछे कांग्रेस के कार्यकर्त्ता इसी तरह चलते रहे तो अगले 30 साल तक वे भी सत्ता में नहीं आएंगे। - **अमित शाह**

न्यूज इन ब्रीफ

ईरान; बस हादसे में 12 लोगों की मौत

तेहरान। पश्चिमी ईरान के इलाम प्रांत में तेल-गैस कर्मचारियों को ले जा रही बस पलटने से 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 घायल हुए हैं। हादसा इराक सीमा के पास देहलोरन क्षेत्र में हुआ। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुठभेड़ में गो-तस्करों की मौत

नई दिल्ली। हरियाणा के नूंह जिले में रविवार सुबह गो-तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस और कथित पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में दो तस्करों की मौत हो गई, जबकि एक आरोपी और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने मौके से सात गोवंशों को मुक्त कराकर तस्करी में इस्तेमाल पिकअप वाहन जब्त किया है। मारे गए आरोपियों की पहचान दौसा निवासी गब्बर उर्फ हड़िया और फौनंदा निवासी साबिर के रूप में हुई है। मौके से तीन देसी कट्टे, कारतूस और खाली खोल बरामद किए हैं।

ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी गिरोह का खुलासा करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब पांच करोड़ रुपए मूल्य की 2.25 किलोग्राम हेरोइन, नकदी और वाहन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह को एक परिवार संचालित कर रहा था। जांच में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से जुड़े आरोपियों की भूमिका सामने आई है। पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

मंदिर से जेवर व नकदी चोरी

अजमेर। किशनगढ़ के पुराने शहर स्थित गोपाल मंदिर में चोर करीब चार लाख रुपए के आभूषण और नकदी चोरी करके फरार हो गए। घटना का रविवार को सुबह पता चला, जब पुजारी रवि शर्मा मंदिर की दैनिक धार्मिक क्रिया के लिए मंदिर आया। चोर ठाकुर जी के मुकुट, हार आदि आभूषण ले गये।

20 किलो मेथ टैबलेट जब्त

असम। राजस्व आसूचना निदेशालय और असम राइफल्स की 38वीं बटालियन ने संयुक्त कार्रवाई में कछार जिले के बोरखोला के पास एक टिपर ट्रक से 20 किलो मेथामफेटामाइन टैबलेट बरामद की हैं। खुफिया सूचना पर रोके गए ट्रक के साइड पैनल में छिपाकर रखे गए 32 पैकेट मिले। एनडीपीएस अधिनियम के तहत ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया है।

निर्माणाधीन इमारत गिरी, 8 घायल

नई दिल्ली। पहाड़गंज इलाके में रविवार को निमार्णाधीन इमारत का हिस्सा गिरने से आठ मजदूर घायल हो गए। संगतराशन के कशेरुवालान में होटल निर्माण के दौरान दूसरी मंजिल का लेंटर डालते समय हादसा हुआ। घायलों को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, गीले पिलरों पर लेंटर का भार पड़ने से ढहने की आशंका है।

केंद्रीय मंत्री ने आयुर्वेद, योग, स्वदेशी और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में पतंजलि के प्रयासों की सराहना की

मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया पतंजलि पीठ का दौरा, आचार्य बालकृष्ण से की चर्चा

हरिद्वार।

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को पतंजलि योगपीठ का दौरा कर महामंत्री आचार्य बालकृष्ण से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक उत्थान, स्वदेशी, शिक्षा, चिकित्सा और राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। आचार्य बालकृष्ण ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान मनोहर लाल खट्टर ने आयुर्वेद के क्षेत्र में आचार्य बालकृष्ण के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उनके प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं।

आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा परंपरा को बढ़ावा : केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति



नई पीढ़ी में विश्वास बढ़ाने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने पतंजलि की ओर से योग, आयुर्वेद, शिक्षा, अनुसंधान, चिकित्सा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि पतंजलि योग और आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ, समृद्ध, संस्कारित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और उसके वैश्विक प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।

श्री धन्वन्तरि धाम बनेगा ज्ञान और संस्कृति का केंद्र

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि के नव-निर्मित सेवा प्रकल्प श्री धन्वन्तरि धाम की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर्बल वर्ल्ड-श्री धन्वन्तरि धाम को जड़ी-बूटियों और आयुर्वेद के प्रमुख केंद्र के साथ-साथ ज्ञान, प्रकृति, संस्कृति, पर्यटन और प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां नॉलेज पाथ, इंटरटेनमेंट पार्क, एडवेंचर स्पोर्ट्स, साइकिलिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा साधना और ध्यान के लिए विशेष गुफाओं का निर्माण भी किया जा रहा है।

भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रसार का माध्यम बनेगा केंद्र

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि श्री धन्वन्तरि धाम में विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जिससे देश-विदेश के लोग भारतीय संस्कृति, प्रकृति और आयुर्वेद से जुड़ सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र भारतीय ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पतंजलि की गतिविधियों में रुचि व्यक्त करते हुए राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

चार पंचायत समितियों की 120 पंचायतों में सरपंच, वार्ड पंच पदों के लिए 415 मतदान केन्द्रों पर मतदान

चतुर्थ चरण में सरपंच पद चुनाव के लिए 575 प्रत्याशी मैदान में, आज होगा मतदान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत जिले में चौथे चरण की चार पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए रविवार को नामांकन, संवीक्षा, नाम वापसी, चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई। सरपंच पद के लिए जिले की इन 120 ग्राम पंचायतों में 884 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें से 3 नामांकन अवैध पाए गए तथा 306 अभ्यर्थियों ने नाम वापस ले लिए। इसके बाद सरपंच पद के लिए कुल 575 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में रह गए हैं। इसी प्रकार, 120 ग्राम पंचायतों के 1234 वार्ड पंच पदों के लिए कुल 2068 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। चौथे चरण में संगरिया, रावतसर, टिब्बी एवं हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सोमवार, 16 नवंबर को मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक कराया जाएगा। इसके बाद मतगणना होगी। पंचायत समिति वार स्थिति के अनुसार संगरिया की 27 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 213 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से नाम वापसी के बाद 129 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। रावतसर की 30 ग्राम पंचायतों में 189



नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से नाम वापसी के बाद 127 अभ्यर्थी शेष हैं। इसी तरह टिब्बी की 33 ग्राम पंचायतों में 236 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से 156 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। वहीं, हनुमानगढ़ टाउन की 30 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 246 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से नाम वापसी के बाद 163 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। चौथे चरण के तहत चारों पंचायत समितियों में कुल 3,93,176 पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए कुल 415 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं।

3747 सरपंचों और 33,885 वार्ड-पंचों के लिए वोटिंग होगी

जयपुर। प्रदेश के 25 जिलों में 3,747 सरपंचों और 33,885 वार्ड पंचों के पदों पर कल से वोटिंग होगी। आज सरपंच और वार्ड पंच की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवार फाइनल हो चुके हैं। 3747 पंचायतों में कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी, इसके तत्काल बाद गिनती शुरू होगी। कल देर रात तक सरपंच चुनावों के नतीजे आएंगे। प्रदेश में पंच, सरपंचों के पदों पर कल आखिरी फेज का चुनाव है, कल सभी पंचायतों में सरपंच चुनाव पूरे हो जाएंगे। चार फेज में सभी 14,403 ग्राम पंचायतों में सरपंच, वार्ड पंच चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। चार फेज में जिला परिषद और पंचायत समिति मेंबर्स के सभी पदों पर चुनाव पूरे हो चुके हैं।

गंगानगर में सबसे ज्यादा वोटर-पोलिंग बूथ : चौथे फेज में श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा सरपंच और वार्ड पंचों के पदों पर चुनाव हो रहे हैं। श्रीगंगानगर में 307 सरपंच और 2695 वार्ड पंचों के पदों पर चुनाव हो रहे हैं। यहां सबसे ज्यादा 8.67 लाख वोटर और 999 पोलिंग बूथ हैं।

सरपंच, वार्ड पंच चुनाव के उम्मीदवार फाइनल : सरपंच और वार्ड पंच चुनाव के लिए 11 बजे तक नामांकन हो चुके हैं। दोपहर तक नाम वापसी का वक्त था। सरपंच-वार्ड पंच उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट पोलिंग बूथ पर चस्पा की जा चुकी है।

ग्राम पंचायतों में जिला कलक्टर, एसपी ने परखी चुनावी तैयारियां

सीमा सन्देश # ढाबां।

संगरिया पंचायत समिति क्षेत्र में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने पंजाब सीमा से सटी ग्राम पंचायत हरिपुरा एवं भाखरांवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए होने वाले मतदान तथा मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने चुनाव कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मतगणना के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए जाएं, ताकि मतगणना कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भय, दबाव अथवा परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। चुनाव ड्यूटी में तैनात कार्मिक पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता एवं आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी अनियमितता या शिकायत की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने पंजाब सीमा से सटे क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी जय कौशिक एवं थानाधिकारी अमर सिंह भी साथ रहे।

शीतकालीन सत्र में परिसीमन विधेयक लाने की संभावना

परिसीमन पर नया फॉर्मूला, राज्यों में बढ़ सकती हैं लोकसभा सीटें

नई दिल्ली।

लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर सरकार एक ऐसे फॉर्मूले पर विचार कर रही है, जिससे सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। इसका उद्देश्य परिसीमन के संभावित प्रभावों को लेकर खासतौर पर दक्षिणी राज्यों में जताई जा रही चिंताओं को दूर करना है। सूत्रों के अनुसार, संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार परिसीमन विधेयक पेश कर सकती है। इस विधेयक को पारित कराने के लिए संविधान संशोधन के तहत दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। सरकार का दावा है कि उसने इसके लिए जरूरी समर्थन जुटा लिया है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़कर करीब 850 तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लागू करने का रास्ता साफ हो सकता है। इसमें संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है।

1971 की जनगणना का आधार

सूत्रों का कहना है कि सरकार ऐसा ढांचा तैयार करने पर विचार कर रही है, जिसमें राज्यों के बीच मौजूदा सीट बंटवारा 1971 की जनगणना के आधार पर बरकरार रखा जाए। हालांकि, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों की चिंता यह है कि जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को नई व्यवस्था में सीटों के नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। सरकार का नया फॉर्मूला इसी आशंका को दूर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

बहुमत जुटाने की चुनौती

संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए सरकार को विपक्षी दलों के समर्थन की जरूरत होगी। एनडीए के पास अपने सहयोगियों समेत पर्याप्त संख्या होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन दो तिहाई बहुमत का आंकड़ा हासिल करना अभी भी राजनीतिक चुनौती बना हुआ है। सरकार को उम्मीद है कि कुछ विपक्षी दलों के समर्थन और अनुपस्थित रहने वाले सांसदों की स्थिति में विधेयक आसानी से पारित हो सकता है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, कुछ क्षेत्रीय दलों के रुख में बदलाव से सरकार की स्थिति मजबूत हो सकती है।

एसआईआर विवाद के बीच अहम होगा सत्र

यह विधेयक ऐसे समय में लाया जा सकता है, जब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म है। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ अभियान चला रहा है। ऐसे में संसद का शीतकालीन सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है। सरकार के लिए परिसीमन विधेयक केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि संवैधानिक और चुनावी दृष्टि से भी एक बड़ी परीक्षा माना जा रहा है।

कार को बैक करते समय बच्चे की मौत

बागपत। निवाड़ा गांव में कार बैक करते समय एक साढ़े तीन वर्षीय बच्चे की कुचलने से मौत हो गई। कारोबारी अफसर का पोता अमीर हमजा रविवार सुबह दुकान पर पहुंचा था। कार से उतरकर दौड़ते समय वह पीछे हट रही ब्रेजा कार की चपेट में आ गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन ने पुलिस कार्रवाई से इनकार करते हुए शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

रोहतक। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध नशे की ओवरडोज से मौत हो गई। मृतक संजय के हाथ-पैर पर इंजेक्शन के निशान मिले हैं। परिजनों के अनुसार वह पिछले दो-ढाई साल से नशे का आदी था और कई बार इलाज के बावजूद सुधार नहीं हुआ। पेट दर्द होने पर उसे पीजीआईएमएस ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मौत के कारणों की पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद होगी।

रबी बिजाई पर संकट- मार्च के बाद आया सिंचाई पानी भी पूरा नहीं मिला

सीमा सन्देश # थालड़का।

नोहर फीडर के देईदास माईनर के टेल क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सिंचाई पानी की उम्मीद लगाए बैठे किसानों को इस बार भी निराशा हाथ लगी है। निर्धारित अवधि से दो दिन पहले ही नहर में पानी बंद कर दिए । देईदास माइनर के अंतिम छोर के किसानों की सिंचाई की बारीयां पिट गई। हालात यह हैं कि किसान रबी की फसल की बिजाई तक नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में सूखती उम्मीदों और लगातार पानी की किल्लत ने किसानों के चेहरों पर मायूसी ला दी है। अब किसानों का गुस्सा भी फूटने लगा है और उन्होंने बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन का ऐलान करने की चेतावनी दी है। किसान मुखराम सिहाग, राम सिंह बेनीवाल, देवीलाल सिहाग, साहबराम, हरिराम, राजेंद्र, फुलाराम, सुरेंद्र सिहाग, भीमराज, धन्नाराम, कृष्ण कुमार और मदनलाल आदि ने बताया कि देईदास माइनर के अंतिम छोर पर बैठे किसानों को सिंचाई पानी नहीं मिला।

दो महापंचायतों में मिला था भरोसा, फिर भी नहीं पहुंचा पूरा पानी

किसानों ने बताया कि नोहर फीडर के भगवान हेड पर 23 फरवरी 2026 और 7 अगस्त 2026 को किसान महापंचायत आयोजित की गई थी। इनमें किसानों ने टेल तक पूरा सिंचाई पानी पहुंचाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। महापंचायत में सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों और किसानों के बीच वार्ता भी हुई थी। उस दौरान अधिकारियों की ओर से अक्टूबर माह से पूरा सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया गया था, लेकिन किसानों का आरोप है कि विभागीय अनदेखी के चलते आज भी उन्हें पूरा पानी नहीं मिल रहा है।



नोहर फीडर बंदी से अंतिम दिनों वाले किसानों की बारियां पिटी

सीमा सन्देश # चारणवासी। फतेहाबाद ब्रांच में आठ दिन की बंदी के कारण नोहर फीडर में पानी की आवक पूरी तरह बंद होने से किसानों की बारियां पिट गई हैं। नियमानुसार 7 से 15 नवंबर तक प्रथम वरीयता में एनएचआर के देईदास, किकराली व बिरकाळी माइनर तथा द्वितीय वरीयता में कर्मशाना, ढंढेला व भगवान माइनर चलने थे और बंदी 15 नवंबर से प्रभावी होनी थी, लेकिन हरियाणा द्वारा 13 नवंबर की रात को ही ब्रांच बंद कर दिए जाने से रनिंग पानी प्रवाहित नहीं हो सका और 14 नवंबर की रात से नहराना हेड से नोहर फीडर में आवक बंद होते हुए रविवार को नहर पूरी तरह बंद हो गई। इसके परिणामस्वरूप शनिवार रात और रविवार दिन के किसानों की बारियां पिट गईं, जिससे गेहूं की बिजाई का अनुकूल समय निकलने तथा सरसों में प्रथम सिंचाई न हो पाने का संकट खड़ा हो गया है और किसानों को अब मजबूरन ट्यूबवेल के पानी से सिंचाई व बिजाई करनी पड़ेगी, जबकि नहर आने के बाद विभाग नया रेगुलेशन जारी करेगा।

सौगात दशकों पुरानी जर्जर पाइपलाइन की जगह बिछेगी नई लाइन, कई वार्डों में पानी के संकट से मिलेगी राहत

नोहर में पेयजल व्यवस्था को मिलेगी मजबूती, 4.50 करोड़ से बिछेगी नई पाइपलाइन

सीमा सन्देश # नोहर।

कस्बे की पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में नई पहल शुरू हुई है। अमृत जल योजना 2.0 के तहत नगर पालिका क्षेत्र में करीब साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया है। पुरानी लोहे की टंकी से श्रीराम वाटिका होते हुए मटोरिया भवन तक बिछाई जाने वाली पाइपलाइन का विधिवत शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक ने किया। कस्बे के अनेक वार्डों में दशकों पहले बिछाई गई लोहे और पत्थर की पाइपलाइन पुरानी व जर्जर हो चुकी थी। इसके चलते



आए दिन पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती थी और कई इलाकों में कम प्रेशर के कारण लोगों को पानी के संकट का सामना करना पड़ता था। अब अमृत जल योजना 2.0 के तहत पुरानी पाइपलाइन को बदलकर नई लाइन बिछाई जा रही है। इससे लोगों को स्वच्छ पेयजल के साथ बेहतर प्रेशर से नियमित जलापूर्ति मिलने की उम्मीद है।

आबादी वाले क्षेत्रों में भी पहुंचेगी सुविधा

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में जहां आबादी बस चुकी है, लेकिन पेयजल पाइपलाइन का अभाव है, ऐसे क्षेत्रों को भी योजना से जोड़कर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। शहर के प्रत्येक आबादी क्षेत्र तक पेयजल सुविधा पहुंचाना प्राथमिकता है, ताकि किसी भी वार्ड के लोगों को पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सिकंदर टाक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष छोटू सेवग, पार्षद गंगाराम पारीक, सुरेंद्र सैनी, भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष बसंत तिवाड़ी, सोनू कार्या, अभिषेक बचवानी, रतन शक्रवाल, संतलाल रेगर सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

इंस्टाग्राम-फेसबुक और अहंकार का नशा खतरनाक : मोहन भागवत

जोधपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने बदलते सामाजिक परिवेश में नशे के नए स्वरूपों पर चिंता जताते हुए कहा कि नशा केवल रासायनिक पदार्थों का ही नहीं होता, बल्कि इंस्टाग्राम और फेसबुक का नशा, प्रसिद्धि का नशा तथा जाति, राज्य और भाषा का नशा भी व्यक्ति और समाज के लिए घातक है। इन सभी तरह के नशों से दूर रहने वाला व्यक्ति ही सुखी जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए पूरे समाज को मिलकर प्रयास करना होगा। डॉ. भागवत रविवार को जोधपुर के श्री राजाराम आश्रम, शिकारपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जोधपुर प्रांत की ओर से शताब्दी वर्ष के पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रांत घोष वर्ग मरु निनाद के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज समय बड़ा नाजुक है, लेकिन समाज एकजुट होकर खड़ा हो जाए तो बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि लोग संघ की शाखा में आएं और यदि ऐसा संभव नहीं है तो अपनी क्षमता के अनुसार संघ के कार्यों में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि समाज का आचरण उसके आसपास के वातावरण से बदलता है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528